15 मई 2025
गुरुवार

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण


15 जून से बंद हो जाएंगे बालू घाट, फिर भी बरसात में नहीं होगी बालू की किल्लत 5



# तिरंगा यात्रा निकाल ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और सेना के शौर्य को किया सलाम

**एजेंसी/नई दिल्ली**







ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता और भारतीय सेना की वीरता के सम्मान में बुधवार को देशभर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस तिरंगा यात्रा के जरिए भाजपा ने भारतीय सेना के शौर्य को सलाम किया। आयोजन में बड़ी संख्या में पार्टी के नेता-कार्यकर्ता के अलावा आमजन भी शामिल हुए।

उत्तर प्रदेश के लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को भी संबोधित किया। सीएम योगी ने कहा, 'भारत की आन, बान, शान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हमारी सरकार ने जब ये सारे के सारे प्रमाण देने के बाद भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आया तो अंततः ऑपरेशन सिंदूर का एक अभियान चलाया गया। आपने देखा होगा कि पहले दिन ही 100 से अधिक आतंकवादियों को मार दिया गया। पूरी दुनिया ने ये देखा है। सीएम योगी ने कहा, 'भारत के जवानों के पराक्रम और शौर्य का लोहा भी माना है। पाकिस्तान द्वारा की गई हिमाकत का जिस मजबूती के साथ भारत के जवानों ने चाहे वो हमारी थल सेना, वायु सेना या नेवी रही हो, सभी ने मजबूती के साथ मुकाबला किया है। इसी के सम्मान में पूरे देश में भाजपा द्वारा तिरंगा यात्रा प्रारंभ की गई है।

भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम और वीरता को सलाम करने के लिए बिहार भाजपा ने बुधवार को एसपी वर्मा रोड स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा से लेकर कारगिल चौक तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल की अगुवाई में निकाली गई इस तिरंगा यात्रा में भारतीय सेना के समर्थन में गगनभेदी नारे लगाए गए और पाकिस्तान की नापाक हरकतों के खिलाफ सेना के समर्थन में उनकी शौर्यगाथा को रेखांकित किया गया। एसपी वर्मा रोड स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और उसके बाद तिरंगा यात्रा की शुरूआत हुई। इस तिरंगा यात्रा में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, मंत्री नितिन नवीन, विधायक संजीव चौरसिया, अरुण सिन्हा सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के नेता-कार्यकर्ता और आम नागरिक शामिल हुए। इस तिरंगा यात्रा में 120 फीट लंबा तिरंगा लेकर भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

राजधानी दिल्ली में कर्तव्य पथ से लेकर वॉर मेमोरियल तक तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, मंत्री प्रवेश वर्मा, आशीष सूद,मनजिंदर सिंह सिरसा के साथ ही कपिल मिश्रा, बांसुरी स्वराज, आशीश सूद, समेत कई मंत्री और सांसद शामिल हुए। इसके साथ ही दिल्ली के हर समाज और हर तबके के लोग चाहे वह वकील हो, छात्र हों, डॉक्टर हों या फिर आम आदमी सभी ने तिरंगा यात्रा में हिस्सा लिया और हाथ में तिरंगा लेकर के भारी बारिश के बीच भी सेना के साहस और बलिदान को जमकर सराहा।

## ई-मेल से मिली बारां, अलवर और प्रतापगढ़ कलक्ट्रेट को उड़ाने की धमकी

# राजस्थान के तीन जिला कलक्ट्रेट को बम से उड़ाने की मिली धमकी, मचा हड़कंप

**एजेंसी/जयपुर-नई दिल्ली**

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारत-पाकिस्तान में उपजे तनाव के बाद अब स्थिति सामान्य हो चुकी है, लेकिन इस बीच धमकी भरे ई-मेल ने राजस्थान के तीन जिला कलक्ट्रेट मिनी सचिवालय में हड़कंप मचा दिया है। दरअसल बुधवार को बारां, अलवर और प्रतापगढ़ कलक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। हालांकि तलाशी में किसी भी तरह का बमनुमा सामान या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। बुधवार को अलवर के मिनी सचिवालय को एक महीने में दूसरी बार बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। बुधवार सुबह करीब 10 बजे प्रशासन को एक ई-मेल प्राप्त हुआ, जिसमें लिखा गया था कि मिनी सचिवालय परिसर में अमोनियम नाइट्रेट फास्फेट लगाया गया है और दोपहर 2 बजे से पहले उसे विस्फोट कर उड़ा दिया जाएगा। जयपुर से बम स्क्वायड टीम भी पहुंची थी, लेकिन कुछ संदिग्ध बरामद नहीं हुआ।

बारां जिला प्रशासन की ई-मेल आईडी पर बुधवार सुबह जिला कलक्ट्रेट परिसर को ई-मेल मिलने के बाद प्रशासन ने इसे खाली कराकर गहन जांच की। जिला कलक्टर रोहिताश सिंह तोमर ने बताया कि उनके आधिकारिक मेल ई-आईडी पर अपराह्न दो बजे से पहले कलक्ट्रेट परिसर को खाली करने की चेतावनी से भरा ई-मेल मिला था। इसके बाद प्रशासन, पुलिस ने मिनी सचिवालय खाली करवाकर पूरे भवन की सघन जांच करवाई। जांच में कुछ आपत्तिजनक नहीं मिलने पर सभी ने राहत की सांस ली। इसके बाद इसे दुबारा खोल दिया गया और कर्मचारी वापस काम पर लग गए। इससे पहले कलक्ट्रेट परिसर को खाली करवाने के मिले ई-मेल मिलने से हड़कंप मच गया। इससे पहले प्रतापगढ़ जिले के मिनी सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। धमकी एक अज्ञात व्यक्ति ने आधिकारिक ई-मेल आईडी पर भेजी थी।



## मुठभेड़ में मारे गए आतंकियों के पास से मिला हथियारों का जखीरा

**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के केलर के शुकरू वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के तीन आतंकियों के पास से भारी मात्रा में हथियार बरामद हुए हैं। 13 मई को दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के केलर के शुकरू वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने बड़ी कार्रवाई की थी। सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के तीन आतंकवादी मारे गए थे। ऑपरेशन में आज भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुए हैं ।सीमा पर गोलाबारी थमते ही सुरक्षाबलों ने घर में छिपे बैठे आतंकियों का सफाया शुरू कर दिया है। दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में मंगलवार सुबह आठ बजे आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें लश्कर-ए-ताइबा के शीर्ष कमांडर शाहिद कुट्टे और अदनान शफी समेत तीन आतंकी मारे गए। तीसरे आतंकी की शिनाख्त अहसान-उल हक शेक निवासी मुरन (पुलवामा) के रूप में हुई है। आतंकवादियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद हुआ है। इसमें एके 47 राइफलें, मैगजीन, ग्रेनेड और अन्य सामान शामिल है।



## बीएसएफ जवान को पाकिस्तान ने रिहा किया, लौटे भारत

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान रेंजर्स की ओर से हिरासत में लिए गए बीएसएफ कॉन्स्टेबल पूर्णम कुमार साहू रिहा हो गए हैं। उन्हें अटारी बॉर्डर से भारत भेजा गया। 20 दिन पहले पाकिस्तान ने बीएसएफ जवान पुर्नम साहू को पकड़ लिया था। पहलगाम हमले के एक दिन बाद 23 अप्रैल को पुर्नम गलती से पाकिस्तान बॉर्डर में चले गए थे। इसके बाद से वह लापता थे। उनकी गर्भवती पत्नी, पति की वापसी के लिए लगातार प्रयास कर रही थीं। बंगाल के रहने वाले बीएसएफ कांस्टेबल पूरन कुमार शॉ बुधवार को भारत लौट आए। उन्हें पाकिस्तान में 23 अप्रैल से रखा गया था। वह वाघा-अटारी बॉर्डर से भारत आए। पूर्णम कुमार शॉ को तब पकड़ा गया था जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बहुत बढ़ गया था। यह तनाव पहलगाम में हुए एक हमले के बाद और बढ़ गया था। पंजाब के फिरोजपुर सेक्टर में तैनात साहू 23 अप्रैल को अनजाने में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर गए थे।

## लोगों से अपील, तुर्की से भारत आने वाले सामानों का करें पूर्ण बहिष्कार

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच कई दिनों तक चले सैन्य संघर्ष के दौरान तुर्की को लेकर भी सोशल मीडिया पर काफी चर्चा रही क्योंकि तुर्की ने खुलकर पाकिस्तान का साथ दिया। इस वजह से सोशल मीडिया पर लोगों ने तुर्की से भारत आने वाले प्रोडक्ट्स के बहिष्कार को लेकर ट्रेंड चलाया। इस वजह से सोशल मीडिया पर #BoycottTurkey ट्रेंड करने लगा। इसके जरिये तुर्की के सामानों का बहिष्कार करने की अपील लोगों ने की।

लोगों ने सोशल मीडिया पर भारत सरकार से भी अपील की कि वह तुर्की के खिलाफ कार्रवाई करे। इस बीच, तुर्की से लेकर गाजियाबाद तक व्यापारियों ने तुर्की के सामान के बहिष्कार का फैसला लिया है। स्पाइस एंड ड्राई फ्रूट्स एसोसिएशन के समिति सदस्य और पूना मर्चेंट्स चैंबर्स के निदेशक नवीन गोयल ने कहा, तुर्की ने पाकिस्तान का खुलकर समर्थन किया है। यह हमारे देश के हित में नहीं है। हम इसका विरोध करते हैं। हम तुर्की से कुछ ड्राई फ्रूट्स आयात करते थेङ्कअब हम इसका पूर्ण रूप से बहिष्कार करते हैं। हम आयातकों से भी अनुरोध करते हैं कि वे ऐसी कोई भी वस्तु आयात न करें। हम उपभोक्ताओं से भी अनुरोध करते हैं कि वे ऐसी कोई भी वस्तु न खाएं। गोयल ने कहा पूरे महाराष्ट्र में यह आंकड़ा 1000-2000 करोड़ रुपए होगाङ्कपूरे भारत में तुर्की से 10,000-20,000 करोड़ रुपए का आयात होता है।

# दुःखद... मां ने चार बच्चों के साथ खाया जहर, 4 की मौत

## औरंगाबाद जिले के रफीगंज स्टेशन पर हुई घटना



**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

बिहार के औरंगाबाद जिले से एक बेहद दुखद और झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी के बीच झगड़े के बाद एक मां ने अपने चार बच्चों को जहर दे दिया और खुद भी जहरीला पदार्थ खा लिया। यह भयावह घटना रफीगंज रेलवे स्टेशन के डाउन प्लेटफॉर्म पर घटित हुई। रेलवे सुरक्षा बल और स्थानीय लोगों ने सभी को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज पहुंचाया गया, लेकिन इलाज के दौरान महिला समेत तीन बच्चों की मौत हो गई। वहीं, एक मासूम की हालत नाजुक बनी हुई है।

बुधवार को रफीगंज रेलवे स्टेशन पर एक महिला अपने चार बच्चों के साथ छटपटा रही थी। स्थानीय लोगों और आरपीएफ जवानों ने जब यह देखा तो उन्होंने तत्काल एंबुलेंस या टेंपो से सभी को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। इलाज के दौरान महिला समेत तीन बच्चों ने दम तोड़ दिया। मृतकों में 40 वर्षीय महिला सोनिया देवी, 5 साल की सूर्यमणि कुमारी, 3 साल की राधा कुमारी और 1 साल की शिवानी कुमारी शामिल है। 6 वर्षीय बेटा रितेश कुमार की स्थिति गंभीर है।

सोनिया देवी गोह प्रखंड के बंदेया थाना क्षेत्र के झिकटिया गांव की रहने वाली थी। उसके पति का नाम रवि बिंद है। महिला के देवर रामसूरज बिंद ने बताया कि मंगलवार रात पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। अगले दिन सुबह पति रवि काम पर निकल गए थे, जिसके बाद सोनिया चारों बच्चों को लेकर रफीगंज स्टेशन पहुंच गई और यह खौफनाक कदम उठाया। अस्पताल परिसर में मौजूद मृतक बच्चों की मौसी बेबी देवी और चाचा राम सूरज बिंद का रो-रोकर बुरा हाल था। पूरा गांव और अस्पताल का माहौल शोकाकुल हो गया था। हर कोई महिला के इस कदम से हैरान था।

# कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित बयान देकर बुरे फंसे मंत्री विजय शाह, एफआईआर का आदेश

**एजेंसी/भोपाल**

मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए विवादित बयान पर अब मप्र हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। हालांकि मंत्री पहले ही मामले को लेकर माफी मांग चुके हैं। दरअसल, मोहन सरकार के मंत्री विजय शाह ने मानपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर विवादित बयान दे डाला था। इसका कांग्रेस ने विरोध किया है और मंत्री को पद से हटाने की मांग कर डाली। मानपुर में आयोजित हलमा कार्यक्रम में मंत्री शाह ने पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए कहा, जिन आंतकियों ने पहलगाम में लोगों को मारा, उनके कपड़े उतरवाए, उन आंतकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा। मंत्री शाह ने कहा, पीएम नरेंद्र मोदी ने उन्हीं की बहन को भेजकर उनकी ऐसी-तैसी करवाई।

हाईकोर्ट जस्टिस अतुल श्रीधरन तथा जस्टिस अनुराधा शुक्ला की युगलपीठ ने मंत्री के विवादित बयान को संज्ञान में लेते हुए याचिका के रूप में सुनवाई करते हुए उनके खिलाफ चार घंटे में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। युगलपीठ ने मामले की सुनवाई संज्ञान याचिका के रूप में करते हुए उक्त आदेश जारी किये। युगलपीठ ने मंत्री के खिलाफ बीएनएस की धारा 196 तथा 197 के तहत प्रकरण दर्ज करने के आदेश जारी किए हैं।

# न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने संभाला भारत के चीफ जस्टिस का पद

**एजेंसी/नई दिल्ली**

भारत के अगले प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) के तौर पर न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने बुधवार को पद संभाल लिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें पद की शपथ दिलाई। बीते माह की 30 तारीख को कानून मंत्रालय ने जस्टिस गवई को भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति की अधिसूचना जारी की थी। वहीं, 16 अप्रैल को सीजेआई खन्ना ने केंद्र सरकार से उनके नाम की सिफारिश की थी। जस्टिस गवई का कार्यकाल छह महीने का होगा। वह 23 दिसंबर को सेवानिवृत्त होंगे। जस्टिस बीआर गवई साल 2016 में नोटबंदी को लेकर दिए गए फैसले का हिस्सा रहे। जिसमें कहा गया था कि सरकार को करेंसी को अवैध घोषित करने का अधिकार है। इसके अलावा जस्टिस गवई बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ दिए आदेश का भी हिस्सा रहे और इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर फैसला देने वाली पीठ का भी हिस्सा रहे।




## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में लिया गया फैसला

# 3706 करोड़ की लागत से उप्र में लगेगी देश की छठी सेमीकंडक्टर यूनिट

**एजेंसी/नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास पर हुई कैबिनेट बैठक में भारत को तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया। बैठक में देश की छठी सेमीकंडक्टर यूनिट को मंजूरी दे दी गई है, जो उत्तर प्रदेश के जेवर में स्थापित की जाएगी। इस यूनिट का निर्माण 3706 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा और इसमें लउछ तथा फॉक्सकॉन की साझेदारी होगी।

यह सेमीकंडक्टर यूनिट जेवर के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगी। प्रस्ताव के अनुसार, यूनिट में मोबाइल फोन, लैपटॉप, ऑटोमोबाइल्स, पर्सनल कंप्यूटर और अन्य डिस्प्ले डिवाइसेज के लिए जरूरी डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स का निर्माण किया जाएगा। यह यूनिट हर महीने 3.6 करोड़ चिप्स का उत्पादन करने में सक्षम होगी, जिससे भारत की तकनीकी निर्भरता घटेगी और मेक इन इंडिया अभियान को मजबूती मिलेगी।

यह प्रोजेक्ट इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन के तहत स्वीकृत किया गया है, जिसे 2022 में लॉन्च किया गया था। मिशन का उद्देश्य भारत को सेमीकंडक्टर डिजाइन और निर्माण के क्षेत्र में वैश्विक हब बनाना है। अब तक इस मिशन के अंतर्गत 6 प्रोजेक्ट्स को मंजूरी मिल चुकी है, जिन पर तेजी से काम चल रहा है। साथ ही, 270 शैक्षणिक संस्थानों और 70 स्टार्टअप्स के छात्र अत्याधुनिक टूल्स के जरिए सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी सीख रहे हैं। इससे भारत में एक मजबूत टेक्नोलॉजी इकोसिस्टम तैयार हो रहा है। इससे पहले 30 अप्रैल को हुई कैबिनेट बैठक में केंद्र सरकार ने जातीय जनगणना को भी मंजूरी दी थी, जिसे आगामी जनगणना के साथ जोड़ा जाएगा।

# सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में न्यू बिहार पब्लिक स्कूल डुमरांव ने रचा इतिहास




**केटी न्यूज/डुमरांव**

न्यू बिहार पब्लिक स्कूल, सम्हार रोड, डुमरांव ने इस वर्ष सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 10वीं की परीक्षा में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। विद्यालय न केवल अपने क्षेत्र में बल्कि पूरे डुमरांव अनुमंडल में शीर्ष स्थान पर रहा है।

इस बार विद्यालय की छात्राओं ने अपनी काबिलियत, मेहनत और लगन से यह सिद्ध कर दिया कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। सबसे हर्ष और गर्व की बात यह है कि इस वर्ष की टॉपर भी एक होनहार बेटी बनी है, जिसने पूरे क्षेत्र का मान

♦ **विद्यालय के निदेशक ने कहा कि हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं लड़कियां**

बढ़ाया है। विद्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि सीबीएसई दसवी की परीक्षा में विद्यालय के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में विद्यालय की छात्रा दीपशिखा कुमारी को 96 प्रतिशत, दीपाली कुमारी को 95 प्रतिशत, शिवम कुमार को 92 प्रतिशत, शानवी प्रिया को 90 प्रतिशत, अनुज कुमार 89 प्रतिशत, हर्ष राज को 83 प्रतिशत, सोनाली कुमारी को 80 प्रतिशत, तुलसी कुमारी को 78 प्रतिशत, प्रीति कुमारी को 75 प्रतिशत, सोनम तिवारी को 75 प्रतिशत, मेघा कुमारी को 72 प्रतिशत अंक मिला है।

विद्यालय के निदेशक नागेंद्र नाथ दुबे ने बताया कि इस उपलब्धि पर समस्त शिक्षकगण, अभिभावक एवं छात्रों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और विशेष रूप से छात्राओं की मेहनत व आत्मबल को सराहा गया। उन्होंने कहा कि लड़कियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। दीपशिखा और दीपाली जैसी होनहार छात्राएं आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनेंगी।

वहीं, विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक आरके ओझा सर ने दीपशिखा की प्रशंसा करते हुए कहा कि दीपशिखा शुरू से ही अत्यंत मेहनती, अनुशासित और संस्कारी छात्रा रही है। उसका प्रदर्शन विद्यालय और समाज दोनों के लिए प्रेरणादायक है।

प्रिंसिपल विवेक दूबे, ओपी सर, वाइस प्रिंसिपल मनीष सर, सुमन सर, अजय सर, अजीत सर, प्रिंस सर, रंजिता मैम, प्रीति मिस, विमला मैम, प्रियंका मैम, सेजल मैम, नेहा गुप्ता मिस, नेहा पाठक मिस, साक्षी मिस, पूजा मिस खुशी मिस, अंजलि मिस समेत विद्यालय के सभी शिक्षकगण और नॉन-टीचिंग स्टाफ उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों ने बच्चों की इस सफलता पर अत्यंत हर्ष व्यक्त किया और उन्हें अपने घर के बच्चों की तरह स्नेह देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिसर में वातावरण उत्साह, उल्लास और गर्व से भरा रहा।

न्यू बिहार पब्लिक स्कूल, डुमरांव हमेशा से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और संस्कारों का प्रतीक रहा है। इस सफलता ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि जब शिक्षक, छात्र और अभिभावक एकजुट होकर प्रयास करते हैं, तब इतिहास रच दिया जाता है।

## एक नजर

### सुजायतपुर अनुसूचित जाति बस्ती में एक महीने से ठप है शुद्ध पेयजल की आपूर्ति



**राजपुर।** प्रखंड के सिकठी पंचायत के सुजायतपुर अनुसूचित जाति बस्ती में पिछले एक महीने से शुद्ध पानी की सप्लाई बंद है। जिस समस्या से परेशान गांव के ग्रामीण सुनील पासवान, अमन राम, वीरेंद्र कुमार सिंह, कमलेश राम, धर्मेंद्र कुमार राम, अजय राम, मुन्ना राम, अजय राम, लाल बाबू राम, सज्जन राम, निर्मला देवी, सुग्रीव राम, जितेंद्र राम, गोविंद राम, दीपक कुमार, बहादुर सिंह के अलावा अन्य ग्रामीणों ने बताया कि यह टोला सुजायतपुर गांव के वार्ड नंबर दो एवं तीन में पड़ता है। पिछले एक महीने से बस्ती के घरों तक शुद्ध पानी नहीं पहुंच रहा है। नल जल योजना के तहत लाखों रुपए खर्च कर बोरवेल कर सभी के घरों तक पाइप का जाल बिछाया गया है। इन दिनों भीषण गर्मी के कारण अधिकतर घरों का चापाकल बंद है। लोग पानी के लिए आसपास के घरों का सहारा ले रहे हैं। जिसकी शिकायत कई बार लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को किया गया है। फिर भी समस्या का समाधान नहीं किया गया। बार-बार विभाग के तरफ से टालमटोल किया जा रहा है. सरकार के तरफ से जारी निर्देश के बाद जिलाधिकारी का भी फरमान है कि गर्मी के दिनों में जहां पेयजल की समस्या है। उसका समाधान किया जाए। इस बस्ती में लगा सरकारी चापाकल भी फेल है.जहां पानी के लिए पहुंचे ग्रामीणों ने बाल्टी लेकर विरोध जताते हुए प्रशासन से मांग किया कि बेकार चापाकल का मरम्मत कर पानी की सप्लाई शुरू करें। पशुओं को चारा पानी देने में भी परेशानी हो रही है। अगर पानी की सप्लाई नहीं होती है तो विरोध प्रदर्शन भी किया जाएगा।

### संतोष राय बने जदयू के प्रदेश सलाहकार



**बक्सर।** बक्सर व झारखंड की राजनीति में अपनी एक अलग पहचान रखने वाले संतोष राय को जदयू बिहार प्रदेश का सलाहकार बनाया गया है। उनके जदयू के सलाहकार बनाए जाने से बक्सर में जदयू को मजबूती मिलेगी। बता दें कि श्री राय बक्सर के खनिता गांव के रहने वाले है तथा राजनीतिक गलियारों में झारखंड के कद्दावर नेता सरयू राय के भतीजा है। राजनीति में छात्र जीवन से ही जुड़े रहे है। वे जदयू से पहले भाजपा में थे तथा भाजपा युवा मोर्चा के बिहार प्रदेश के मंत्री समेत कई पदों पर रह चुके है। पंचायत की राजनीति में भी हरपुर जलवासी पंचायत के मुखिया के रूप में उनकी धर्मपत्नी ने नेतृत्व किया है। जदयू के प्रदेश राजनीतिक सलाहकार के रूप में संतोष राय का मनोनयन हुआ है। संतोष राय के पारिवारिक संबंध बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ ही भाजपा व संघ परिवार के बड़े नेताओं से भी अच्छे है। संतोष राय ने इस मनोनयन पर कहा कि पार्टी की केंद्रीय नेतृत्व, प्रदेश नेतृत्व व हमारे अभिभावक नीतीश कुमार का निर्देश जिस रूप में मिलेगा एक मजबूत सिपाही के रूप में कार्य करूंगा। जिस बिहार मॉडल को नीतीश कुमार ने पूरे दुनिया में स्थापित किया है तथा बिहार को एक नई पहचान दी है। ऐसे नेता के नेतृत्व में बिहार के विकास यात्रा का सहभागी बनना सौभाग्य की बात है। संतोष राय ने बताया कि इस बार बिहार विधानसभा के चुनाव में नीतीश कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार भारी बहुमत से बनेगी और महागठबंधन का सफाया हो जाएगा।

## सौरी गांव में पानी के विवाद में हुई मारपीट, एक जख्मी

**राजपुर।** राजपुर थाना क्षेत्र के सौरी गांव में पानी भरने के विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में एक युवक जख्मी हो गया। जिसमी पहचान इरफान नट के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार नल जल योजना से सप्लाई पानी के नल के पास इरफान नट एवं इनके पड़ोसी पानी भरने के लिए गए थे, इस दौरान पहले पानी लेने के सवाल पर विवाद हो गया। दोनों पक्षों के बीच पहले गाली गलौज हुई, फिर जमकर मारपीट होने लगी। जिसमें इरफान नट घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए राजपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक पक्ष के विनोद राजभर, संजय राजभर एवं धनंजय राजभर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

वहीं, दूसरी ओर मामले में स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी के कारण इन दिनों कई चापाकल खराब होने से नल जल का पानी ही लोगों के लिए सहारा बना हुआ है। जहां सुबह शाम लोग पानी भर रहे हैं। पानी के लिए हुई मारपीट काफी निंदनीय है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि इस मामले में दोनों पक्ष के तरफ से प्राथमिकी दर्ज की गई है। अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। वहीं, समकालीन अभियान के तहत न्यायालय के फरार वारंटी तारनपुर गांव निवासी रामचंद्र चौधरी को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## पारदर्शी तरीक से आयोजित होगी होमगार्ड की परीक्षा, डीएम व एसपी ने की संयुक्त ब्रिफिंग

# हर विधा के पहले अभ्यर्थियों को लगानी होगी बायोमेट्रिक हाजिरी: जिलाधिकारी

♦ **आज से शुरू होगी होमगार्ड चयन के लिए फिजीकल टेस्ट,**

**केटी न्यूज/बक्सर**

होमगार्ड के चयन के लिए आयोजित शारीरिक परीक्षा के पूर्व संध्या पर जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल एवं एसपी शुभम आर्य ने प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को संयुक्त रूप से ब्रीफिंग किया।

संयुक्त ब्रिफिंग के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि प्रवेश-पत्र में उम्मीदवार का फोटो रहना आवश्यक है। साथ ही आवेदन करते समय अपलोड की गई फोटोग्राफ की एक मूल प्रति भी साथ लेकर आऐंगे। शारीरिक सक्षमता जांच परीक्षा में भाग लेने के पूर्व अभ्यर्थी से स्वघोषणा पत्र अनिवार्य रूप से लिया जायेगा।

जिलाधिकारी ने बताया कि शारीरिक सक्षमता परीक्षा में यदि कोई अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को अनुपस्थित रहता हैं, तो उन्हें फिर से मौका नहीं दिया जाएगा।

**312 पदों के लिए प्राप्त हुए है 23 हजार 374 आवेदन**



जिलाधिकारी ने बताया कि बक्सर जिले में होमगॉर्ड के 312 पदों के लिए शारीरिक परीक्षा का आयोजन किया गया है। इसके लिए कुल 23374 आवदेन प्राप्त हुए है, जिनमें पुरूष 19974 तथा महिला 3400 अभ्यर्थी शामिल है। शारीरिक दक्षता परीक्षा 15 मई से 16 जून तक आयोजित किया गया है, अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र बेबसाईट पर उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने बताया कि एक दिन में चार बैच का फिजीकल टेस्ट लिया जाएगा। प्रथम बैच सुबह चार बजे तथा अगले बैच के लिए क्रमशः 4.30 बजे, पांच बजे एवं 05.30 बजे का समय निर्धारित किया गया है। फिजीकल टेस्ट पुलिस लाईन, इटाढ़ी रोड, महदह में होगा।

**एंबुलेंस के साथ मौजूद रहेगी डॉक्टरों की टीम :** जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन शिव कुमार प्रसाद चक्रवर्ती को निर्देश दिया कि शारीरिक जांच परीक्षा के दौरान घायल या बीमार अभ्यर्थियों के उपचार के लिए आवश्यक दवा सहित चिकित्सक दल के साथ दो वातानुकूलित एंबुलेंस की व्यवस्था 15 मई से कार्यक्रम समाप्ति तक पुलिस केन्द्र, बक्सर में करेंगे। इसके अतिरिक्ति आपातकालीन तीन वातानुकूलित एवं हीट वेव कक्ष हेतु निदेशित किया गया।

जिला समादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी, बक्सर को निदेशित किया गया कि संबंधित फर्म से समन्वय स्थापित करते हुए सभी जांच स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा एवं आवश्यकतानुसार विडियोग्राफी तथा फोटोग्राफी की व्यवस्था करायेंगे। इसके साथ ही पर्याप्त संख्या में टेंट, टेबुल, कुर्सी, बायोमैट्रिक मशीन, साउण्ड सिस्टम, माईक, जेनरेटर, बिजली, पंखा, उपस्कर, स्टेशनरी तथा प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों के लिए अल्पहार, भोजन एवं पेयजल आदि की व्यवस्था करना सुनिश्चित करेंगे। अभ्यर्थियों की शिकायतों की सुनवाई के लिए अपीलीय-सह-शिकायत निवारण कोषांग का गठन किया गया है।

जिला समादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी, बक्सर चयनित फर्म से समन्वय स्थापित कर जांच स्थल एवं आस-पास के स्थलों पर आवश्यकतानुसार बैरीकेडिंग कराना सुनिश्चित करेंगे। अनुमण्डल पदाधिकारी एवं अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बक्सर सदर गृहरक्षकों के स्वच्छ नामांकन के लिए शारीरिक सक्षमता जांच के अवसर पर पुलिस केन्द्र, बक्सर के परिसर में विधि-व्यवस्था का संधारण करेंगे।

### अभ्यर्थियों की सहायता के लिए बनाया जाएगा हेल्प डेस्क काउंटर

शारीरिक सक्षमता परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सहायता के लिए एक सहायता केन्द्र (हेल्प डेस्क), बायोमैट्रिक सह निबंधन काउण्टर, प्रतीक्षालय स्थापित की गई है। संपूर्ण प्रक्रिया के सुचारू रूप से संचालन एवं निगरानी हेतु नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। अभ्यर्थियों के बायोमेट्रिक रजिस्ट्रेशन एवं सत्यापन के बाद सर्वप्रथम दौड़ होगा, दौड़ में सफल अभ्यर्थियों के ऊंचाई एवं सीने की माप होगी। इसमें सफल होने के बाद ऊंची कूद, लंबी कूद एवं गोला फेंक आदि का टेस्ट लिया जाएगा।

ऊची कूद, लंबी कूद एवं गोला फेंक सभी प्रतिस्पधाओं में अलग-अलग अधिकतम पांच अंक होगें। प्रत्येक अभ्यर्थी को ऊंची कूद, लंबी कूद एवं गोला फेंक तीनों प्रतिस्पधाओं में तीन चांस दिया जायेगा।

हर प्रतिस्पर्धा के बाद अभ्यर्थियों का बायोमेट्रिक सत्यापन कराना अनिवार्य है। ऐसा नहीं करने पर अभ्यर्थी को असफल घोषित कर दिया जायेगा एवं वे आगे की प्रतिस्पर्धा में भाग नहीं ले सकेंगे। दौड़ की पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने एवं सफल-असफल अभ्यर्थियों को अलग करने हेतु पदाधिकारियों व कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है।

## उपलब्धि: कुल्हड़िया एचडब्ल्यूसी की सीएचओ मनीषा कुमारी को स्वास्थ्य मंत्री ने किया सम्मानित

**केटी न्यूज/बक्सर**

अंतराष्ट्रीय नर्स दिवस समारोह सह सम्मान समारोह पटना में स्वास्थ्य विभाग द्वारा पटना में राज्य स्तर पर आयोजित किया गया। जहां स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने राज्य के सरकारी स्वास्थ्य संस्थान मे उत्कृष्ट एवं सराहनीय स्वास्थ्य सेवा करने वाले कर्मियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान बक्सर जिला में सदर प्रखंड के हेल्थ एंड वेलनेश सेंटर सह स्वास्थ्य उपकेंद्र कुल्हड़िया में पदस्थापित सीएचओ मनीषा कुमारी को सम्मानित किया गया।

मनीषा कुमारी को बिहार राज्य फ्लोरेंस नाइटिंगेल नर्सेज पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस मौके पर



राज्य स्वास्थ्य समिति पटना बिहार के कार्यपालक निदेशक सुहर्ष भगत एवं राज्य नोडल डॉ. बीके मिश्रा उपस्थित थे। जिसमें मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं 10 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई।

स्वास्थ्य विभाग के एचडब्ल्यूसी पर निर्धारित 12 प्रकार की स्वास्थ्य सेवा पैकेज को बेहतर तरीके से संचालित किया जा रहा हैं। जिसमें मुख्यतः ओपीडी सेवा, गर्भवती महिला का एएनसी जांच, नवजात शिशु को स्वास्थ्य सेवा टीकाकरण, परिवार नियोजन कार्यक्रम एवं सुविधा, संचारी एवं गैर संचारी रोग की स्क्रीनिंग, जिसमें हाईपरटेंशन एवं शुगर के मरीजों का जांच एवं इलाज, टीबी से प्रभावित मरीजों का स्क्रीनिंग, ई-टेलिकंसल्टेशन, बाल व किशोर स्वास्थ्य, निःशुल्क औषधि की उपलब्धता आदि आवश्यक है।

## समकालीन अभियान में 16 गिरफ्तार

**डुमरांव।** डुमरांव, मुरार व कोरानसराय पुलिस ने समकालीन अभियान चला दो शराबियों व 14 वारंटियों के साथ कुल 16 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मिली जानकारी के अनुसार मुरार पुलिस ने एस ड्राइव के दौरान पांच वारंटी व दो शराबी को पकड़ा है। थानाध्यक्ष अमन कुमार ने इसकी पुष्टि की है। वही कोरानसराय थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र से दो वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। वहीं, डुमरांव पुलिस ने समकालीन अभियान के दौरान कुल सात वारंटियों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार भगत ने बताया कि पुलिस फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चला रही है। पुलिस के इस अभियान से वारंटियों में हड़कंप मचा है।

## अतिक्रमण के कारण डुमरांव शहर में पूरे दिन लगा रहा जाम; परेशान रहे बच्चे, परीक्षार्थी और आम लोग

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नगर को जाम की समस्या से छूटकारा नहीं मिल रहा है। जाम की समस्या धीरे-धीरे विकराल रूप धारण करती जा रही है। बुधवार को नगर की मुख्य सड़क पूरे दिन जाम लगी रही और इस जाम में आम लोग पीसते रहे। सबसे अधिक परेशानी परीक्षार्थियों को उठानी पड़ी। जाम से मुक्ति दिलाने के लिये पुलिस भी निष्क्रीय बनी रही।

इधर लोग इस कड़ी धूप में समानों को लेकर पैदल घुमते रहे। सबसे अधिक परेशान महिलाएं और बच्चों को देखा गया। मां छोट बच्चे को अपने गोद में उठाए बड़े को



आंचल के छांव में छिपाए इधर-उधर भागती रही। यह समस्या एक दिन का नहीं है, सुबह आठ बजे से रात्रि 9 बजे तक शहर में बड़े वाहनों की नो इंट्री रहती है, बावजूद बड़े वाहन प्रवेश कर जाते हैं, जिससे जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। मालूम हो की फुटपाथ पर दुकानदारों का कब्जा हो गया है, जिससे राज हाईस्कूल से लेकर ट्रेनिंग स्कूल तक नगर की मुख्य सड़क एनएच-120 सीमट कर दस से बारह फीट पर आ गई है। नागरिकों का कहना है कि अतिक्रमण नप के अकर्मण्यता के कारण हो रहा है, कुछ कमी यहां के थाने की भी है। मालूम हो कि इस समय विभिन्न परीक्षाओं का दौर चल रहा है, जिससे पूरे दिन परीक्षार्थियों का आने-जाने का सिलसिला बना रहता है। परीक्षा शुरू होने से पहले और परीक्षा समाप्त होने के बाद जाम की समस्या और बढ़ जाती है। इस दौरान पुलिस व्यवस्था सही रहने और नो इंट्री के बाद बड़े वाहनों के प्रवेश कर जाने से जाम की समस्या गंभीर हो जाती है। जाम लगने वाली सारी समस्यों का यदि निदान हो जाता है तो जाम की समस्या से छूटकारा नगरवासियों को मिल सकता है।

## भारत भूषण गवई को सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बनाए जाने पर अधिवक्ताओं में खुशी

**बक्सर।** भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अधिवक्ता सुमन कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में विधि प्रकोष्ठ के जिला कार्यालय में संगठनात्मक बैठक की गयी। बैठक में जिला संयोजक सुमन श्रीवास्तव के द्वारा सुप्रीम कोर्ट के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सीजेआई संजीव खन्ना को 13 मई 2025 को सेवानिवृति के बाद उनके स्थान पर भारत भूषण गवई को मुख्य न्यायाधीश के पद पर नियुक्ति होने पर खुशी जाहिर किया है। अपने संबोधन में कहा कि गवई साहब अनुसूचित जाति के दूसरे व्यक्ति हैं जो मुख्य न्यायाधीश के पद पर पद स्थापित हुए हैं। उनके पहले अनुसूचित जाति के नाम पर 2010 में बालकृष्णन देश के मुख्य न्यायाधीश बने थे।

## खुशखबरी, पटना-वराणसी जाने से मरीजों को मिलेगी मुक्ति असानी से अब मेथोडिस्ट हॉस्पीटल में होगा इलाज

# मेथोडिस्ट हॉस्पीटल में डायलिसिस सेंटर हुआ शुरू

♦ **डायलिसिस सेंटर का डॉ. शैलेश सिंह मेमोरियल रोटरी करेगा संचालन**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

मंगलवार को प्रतापसागर स्थित मेथोडिस्ट अस्पताल परिसर में डॉ शैलेश सिंह मेमोरियल रोटरी डायलिसिस सेंटर का उद्घाटन किया गया। समारोह की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। जिसमें मुख्य अतिथि विपिन चाचन, मेथोडिस्ट अस्पताल प्रतापसागर के निदेशक डॉ. आरके. सिंह, रोटरी के रिजनल डायरेक्टर दीपक अग्रवाल, सौरभ तिवारी, रोटरी बक्सर जिलाध्यक्ष मनीष कुमार पांडेय और डुमरांव राजपरिवार के चन्द्र विजय सिंह मौजूद रहे।

उद्घाटन समारोह में आए सभी अतिथियों का गुलाब का फूल और मोमेंटो देकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन



शिक्षाविद सह कैम्ब्रिज स्कूल डुमरांव के डायरेक्टर टी. एन. चौबे ने किया। इस मौके पर वक्ताओं ने डॉ. शैलेश सिंह के प्रेरणादायक जीवन और योगदान पर प्रकाश डाला। रोटेरियन दीपक अग्रवाल ने कहा कि डॉ. शैलेश सिंह एक महान चिकित्सक और मानवीय मूल्यों के प्रतीक थे। उन्होंने नेपाल में आनंद भवन अस्पताल की स्थापना में योगदान दिया, दक्षिण एशिया और अफ्रीका के कई देशों में चिकित्सकीय प्रतिनिधि के रूप में सेवा की, और मदर टेरेसा द्वारा संचालित अनाथालय के सलाहकार भी रहे। बक्सर के प्रतापसागर स्थित मेथोडिस्ट अस्पताल के अधीक्षक के रूप में उन्होंने संस्थान को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाया।

चिलहरी पंचायत की मुखिया विभा देवी ने मेथोडिस्ट अस्पताल को क्षेत्र के लिए संजीवनी करार दिया। वहीं डुमरांव राज परिवार के चन्द्र विजय सिंह ने डॉ. सिंह को एक सद्गुणी व्यक्ति बताया और कहा कि उनके परिवार के महाराज बहादुर कमल सिंह से उनके मधुर संबंध रहे हैं। मेथोडिस्ट अस्पताल के विकास में उनका योगदान अविस्मरणीय है। इस अवसर पर डॉ. आर. के. सिंह ने सभी अतिथियों का व्यक्तिगत रूप से स्वागत किया। कार्यक्रम में रोटरी के धर्मेंद्र सिंह उर्फ मुन्ना, सुरेश अग्रवाल, प्रो. उदय शंकर राय, डॉ. मनोज कुमार वर्मा, शशांक शेखर उपाध्याय, मोहन गुप्ता, हितप्रदीप जयसवाल, सरपंच प्रीति देवी, समाजसेवी कतवारू सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। गौरतलब है कि रोटरी का पहला अस्पताल डुमरांव में जगदीश आई अस्पताल के रूप में संचालित है। अब दूसरा रोटरी अस्पताल प्रतापसागर में स्थापित कर क्षेत्र के लोगों को अत्याधुनिक डायलिसिस सेवा उपलब्ध कराना, स्वास्थ्य सेवाओं में एक ऐतिहासिक पहल है।

## बीस सूत्री बैठक में उठेगी डुमरांव में कराए जा रहे कार्यों की जांच की मांग

**केटी न्यूज/डुमरांव**

16 मई 2025 को जिला बीस सूत्री की बैठक आयोजित की गई है, जिसे हंगामेदार होने की अटकलें लगनें लगी है। इसके सदस्य सह जदयू नेता नथुनी प्रसाद खरवार ने डुमरांव शहर में नप द्वारा कराए जा रहे अनियमतापूर्ण कार्यों की जांच का मामले उठाने के लिये सूची तैयार कर लिया है।

उन्होंने एक प्रेसवार्ता के दौरान बताया की रोड पर रोड, नाली के उपर नाली बना कर सरकारी राशि का दुरूपयोग किया जा रहा है। इतना ही नहीं अधिकांश रोड पर प्राक्कलन का बोर्ड नहीं लगाया गया। इतना ही नहीं पुछने पर नप के अधिकारी से लेकर कर्मी तक कोई जवाब नहीं देते। इनका कहना है कि पहले किसी काम को कराने के लिय बोर्ड में की बैठक में लिया जाता है, फिर उसे पास किया जाता है। पास होने के बाद जेई के द्वार उसका स्टीमेट बनाया जाता है, लेकिन यहां सभी कुछ कागज में सिमट कर रह गया है। बीस सूत्री की बैठक में जिला से दो सदस्यीय टीम को गठित करते हुए जांच की मांग की जाएगी। मालूम हो कि नगर के हर वार्ड में नाली, गली, पीसीसी रोड बनाने का काम लगा हुआ है, जिसका खर्च एक अरब से उपर तक चला गया है। नप ने ऐसा खेल खेला है कि सारे कार्य विभागीय कराए जा रहे हैं। सभी कार्य का ठेकेदार उस वार्ड के पार्षद को बना दिया गया है। ऐसे में सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि कार्यों में कितनी अनियमितता बरती गई होगी।

# अर्जुन जैसी दृष्टि ही छात्र-छात्राओं की सफलता की है एकमात्र कुंजीः डॉ. रमेश सिंह

♦ सीबीएसई 10वीं व 12वीं परीक्षा में संत जॉन सेकेंड्री स्कूल के छात्रों ने लहराया परचम

**केटी न्यूज/डुमरांव**



मंगलवार को सीबीएसई का कक्षा 10 वीं एवं 12वीं का परिणाम घोषित हुआ जिसमें संत जॉन सेकेंडरी स्कूल डुमरांव के छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। बुधवार को सभी सफल छात्र-छात्राएं स्कूल परिसर में आकर शिक्षकों का आशीर्वाद लिए तथा बेहतर परीक्षा परिणाम पर खुशी जताने के साथ ही कहा कि यह परिणाम शिक्षकों के कुशल मागदर्शन व उनके द्वारा कठिन परिश्रम कराने का सुखद परिणाम है।

विद्यालय निदेशक डॉ. रमेश सिंह ने कहा कि कठिन परिश्रम और लक्ष्य के प्रति अर्जुन जैसी दृष्टि ही सफलता की एकमात्र कुंजी है, जो हमें शीर्ष पर पहुंचाती है। उन्होंने सफल छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

बता दें कि सीबीएसई परीक्षा में विद्यालय की छात्रा मानवी सिंह ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किया, सर्वजीत कुमार अवस्थी ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल पहुंचे। इसके अलावे कई अन्य छात्रों ने बेहतर परिणाम हासिल किए है।

विद्यालय परिसर में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को निदेशक रमेश सिंह एवं उपनिदेशक शुभम सिंह द्वारा मिठाई खिलाई गई, विद्यालय की प्राचार्या निशा सिंह एवं उप प्राचार्या साक्षी सिंह ने कहा कि हर साल की भांति बच्चों ने कड़ी मेहनत कर के विद्यालय का नाम रौशन किया है, विद्यालय के शिक्षकों जिनमें संतोष कुमार, संगीता सिंह, सुशील कुमार, चंदन यादव, धनजी दुबे का अहम भूमिका रहा है।

विद्यालय के सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले बच्चों में मानवी सिंह 94 प्रतिशत, सर्वजीत कुमार अवस्थी 93 प्रतिशत, दीक्षा कुमारी 87 प्रतिशत, अरमान सिंह 86 प्रतिशत, खुशी कुमारी 85 प्रतिशत, आयुष कुमार 84 प्रतिशत, देवराज यादव 82 प्रतिशत, सृष्टि कुमारी 81 प्रतिशत, अनन्या दुबे 80 प्रतिशत, प्रिया चौधरी 80 प्रतिशत ने विद्यालय का नाम रौशन किया है।

## राइजिंग सन स्कूल के परिक्षार्थियों ने लहराया परचम, सभी हुए अव्वल नंबरों से पास

**डुमरांव।** इंटर और मैट्रिक की परीक्षाफल घोषित हो चुका है। परीक्षाफल आउट होते ही छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। वहीं, डुमरांव स्थित राइजिंग सन इंटरनेशनल स्कूल के मैट्रिक के सभी छात्र-छात्रा अव्वल नंबरों से पास हो गए हैं। स्कूल कां छात्र अंकुश कुमार ने सबसे अधिक 94.4 नंबरों से पास कर स्कूल और अपने अभिभावका सर ऊंचा कर दिया है।

स्कूल परिसर में अव्वल आने वाले छात्र-छात्राओं के साथ स्कूल परिवार और अभिभावकों ने जमकर खुशी मनाई है। अव्वल आने वाले अन्य छात्रों में दूसरे नंबर पर राप्ति कुमारी 92.5 प्रतिशत, तीसरे स्थान पर संतु कुमार 91.8 प्रतिशत, चौथे पर अभिमन्यू राज 91.4 प्रतिशत, पांचवा स्थान रोशन कुमार 90.6 प्रतिशत, छठे स्थान पर रागिनी कुमारी 90.4 प्रतिशत व सातवां स्थान आरति ने 90.2 प्रतिशत अंक हासिल किया है। सभी छात्र-छात्राओं ने अपनी कड़ी मेहनत से स्कूल परिवार, अभिभाक से लेकर अपने संगे साथियों का दिल जीत लिया है। स्कूल के डायरेक्टर ब्रह्मा ठाकुर, विष्णु ठाकुर, प्राचार्य एस. वेंकटेशन, शिक्षक इसाक, संजय मुरमुर, विष्णु तिवारी, इंद्रसेन सहित अन्य ने बुधवार को उनके साथ समय गुजारते हुए उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। सभी बच्चे इस तरह का सम्मान पाकर काफी खुश थे।

## कार्रवाईः वन विभाग ने कठार के दो आरा मिल पर की छापेमारी

# अवैध रूप से संचालित आरा मशीन को उखाड़ ले गई वन विभाग की टीम

♦ दोनों आरा मिलों से बरामद लकड़ियों को किया गया जब्त

**केटी न्यूज/कृष्णाब्रह्म**



अवैध ढंग से संचालित आरा मशीनों के खिलाफ वन विभाग की टीम ने शिकंजा कस दिया है। इसी कड़ी में बुधवार को कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के कठार गांव में अवैध रूप से संचालित हो रहे दो आरा मशीन पर वन विभाग की टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से छापेमारी किया। इस दौरान आरा मशीन संचालक फरार हो गये। टीम ने दोनों आरा मशीन को उखाड़कर अपने साथ ले गई, साथ ही वहां रखी गई लकड़ियों को भी जब्त कर लिया तथा संचालकों के विरूद्ध वन विभाग के अधिनियमों के तहत मामला दर्ज करने की बात कही है।

मिली जानकारी के अनुसार पिछले दिनों जिला पर्यावरण समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने जिले में संचालित हो रहे अवैध आरा मशीनों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। इसी के आलोक में यह कार्रवाई की गई है। वन विभाग की टीम को जानकारी मिली थी कि कठार गांव में राजेन्द्र सिंह व तारकेश्वर सिंह अवैध रूप से आरा मशीन का संचालन करते है। जिसके बाद टीम द्वारा छापेमारी किया गया। वहीं, वन विभाग के सूत्रों की मानें तो उनके रडार पर कई अन्य मिल संचालक है, जिनके खिलाफ जल्दी ही कार्रवाई की जाएगी।

वन विभाग के सूत्रों का कहना है कि पूरे जिले में अवैध ढंग से संचालित होने वाले आरा मशीनों की जानकारी उनके पास है तथा छापेमारी के लिए रोस्टर तैयार कर लिया गया है। जल्दी ही उनके खिलाफ छापेमारी कर उनके आरा मशीन को उखाड़ने के साथ ही उनपर नियमों के मुताबिक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी करने वाली टीम में बक्सर, आरा व पीरो के वनों के क्षेत्र पदाधिकारी, वनकर्मी, वनरक्षी तथा कृष्णाब्रह्म थाने की पुलिस टीम मौजूद थी।

कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि वन विभाग की टीम ने दो आरा मशीन पर छापेमारी कर उसे अपने साथ उखाड़कर ले गई है। उन्होंने बताया कि वन विभाग की टीम द्वारा मशीन के साथ ही लकड़ियों को भी जब्त कर लिया गया है। वहीं, दूसरी तरफ वन विभाग की इस कार्रवाई से जिले में अवैध रूप से आरा मशीन चलाने वाले संचालकों में हड़कंप मच गया है। जानकारों का कहना है कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर आरा मशीन का संचालन किया जाता है, जिनमें कई अवैध रूप से संचालित हो रहे है।

### छापेमारी में टीम को मिली अनियमितताएं

टीम जब छापेमारी करने आई तो उक्त आरा मशीन का निबंधन नहीं मिला। वहीं, मिल पर बरामद लकड़ियां भी चोरी की बताई जा रही है। विभागीय जानकारों का कहना है कि आरा मशीन संचालन के लिए किसान या टीपो द्वारा खरीदी गई लकड़ियों को ही वैध माना जाता है, लेकिन दोनों जगहों पर जो लकड़ियां बरामद हुई है उसके खरीदगी का कागजात विभाग द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया। जिससे स्पष्ट हो गया कि यह लकड़िया वन विभाग की है। वन विभाग के अधिकारियों की माने तो धारा पांच के तहत आरा मशीन को व धारा 8 के तहत लकड़ियों को जब्त किया गया है।

## बड़ी संगत मठिया जमीन की हुई नीलामी

**डुमरांव।** नगर के जंगल बाजार रोड स्थित नानक शाही उदासीन मठ में श्रीबड़ी संगत मठिया की जमीन को एक साल के लिये मालगुजारी पर देने के लिये बुधवार को एक आम बैठक बड़ी संगत मठिया में आयोजित की गई। बैठक में न्यास समिति के अध्यक्ष सह अंचलाधिकारी शमन प्रकाश जो मानद अध्यक्ष होते हैं मौजूद रहे।

आम सभा का संचालन समिति के सदस्य अखिलेश केसरी ने किया। बैठक में खेत की बंदोबस्ती हेतु 11,5000 की न्यूनतम राशि रखी गई थी, जिसमें कृष्ण सिंह नथुनी के बाग डुमरांव द्वारा सर्वाधिक राशि 18,0000 की बोली लगाई गई। बोली लगाने वाले अन्य सदस्यों में तेज नारायण प्रसाद, संतोष पासी, रमेश यादव, राजेश यादव, मुखराम यादव ,धीरज कुमार मिश्रा मौजूद रहे। सर्वाधिक बोली लगाने वाले कृष्ण सिंह को 1 साल के लिए खेत मालगुजारी पर दे दिया गया।

## शहर में नहीं है बस स्टैंड, होती है परेशानी

**केटी न्यूज/डुमरांव**



शहर की मुख्य सड़क एनएच 120 के रूप में परिवर्तित हुई है। लेकिन, एक भी बस स्टैंड की व्यवस्था नहीं है। मुख्य सड़क पर ही बड़े वाहनो से लेकर छोटे वाहन सड़क पर खड़े कर यात्रियों को लोड करने को मजबूर होते है। जिसके चलते वाहनों के ठहराव से अस्थायी बस स्टैंड पर जाम की स्थिति बनी रहती है। स्टैंड की सुविधा नहीं रहने से वाहन चालक भी इस समस्या से परेशान रहते है। नप क्षेत्र में वाहन स्टैंड के अभाव में यात्रियों को कड़ी धूप और बरसात के थपेड़े सहना पड़ता है। यात्रियों की सुविधा के लिए यहां किसी तरह की बुनियादी सुविधाएं नहीं है।

विपरीत परिस्थितियों में लोगों को बस खड़ी होने वाले जगह के समीप किसी दुकान के चबूतरे या खुले आसमान के नीचे खड़े होकर घंटों बसों का इंतजार करना पड़ता है। वाहन चालक भी अपने वाहनो को जैसे-तैसे खड़ा कर यात्रियों को आवाज लगाते हुए अपने वाहन में बैठाते नजर आते है। यह शहर सात प्रखंडों का अनुमंडल मुख्यालय है, जहां अनुमंडलीय अस्पताल से लेकर सभी प्रमुख विभागों के कार्यालय मौजूद है। बसों सहित अन्य वाहनों के सहारे ग्रामीण इलाके के करीब हजारों लोग यहां प्रतिदिन पहुंचते है और कामों को निपटाकर अपने घर लौटते है। यहां बक्सर, रोहतास के बिक्रमगंज, सासाराम, डिहरी के अलावे कई प्रखंडों के यात्रियों का आना-जाना रहता है। सभी मौसम में यात्रियों को प्रकृति की मार झेलनी पड़ती है।

**शौचालय नहीं होने से महिलाएं होती है शर्मसारः** स्थानीय व्यापार मंडल के समीप और साफाखाना रोड मोड़ पर जहां बसें रुकती है वहां यात्री सवार होते एवं उतरते है। उस एरिया में कोई शौचालय तथा पानी की सुविधा नहीं है। इससे महिलाओं एवं बुजुर्गों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। शौचालय के अभाव में महिलाएं एवं बच्चियों को शर्मसार होना पड़ता है। यात्रियों का कहना है कि नगर परिषद बनने के बावजूद यात्री बस स्टैंड, शौचालय व पानी की सुविधा नहीं होना काफी खेद है। खासकर महिला यात्रियों को काफी मुश्किलें होती है।

## कैम्ब्रिज स्कूल में अव्वल आने वाले के बीच सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

# 10वीं व 12वीं की परीक्षा में छात्रों का रहा जलवा


**केटी न्यूज/डुमरांव**




सीबीएसई मैट्रिक व इंटर परीक्षाफल घोषित होते ही परीक्षार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई। वहीं इस खुशी का नजार स्कालों में भी देखने को मिला। विभिन्न स्कूलों में अव्वल अंकों के साथ छात्र-छात्राओं को स्कूल में बुलाया गया। स्कूल पहुंच सभी बच्चों को स्कूल परिवार द्वारा सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कैम्ब्रिज स्कूल में डाइरेक्टर टीएन चौबे के नेतृत्व में स्कूल परिवार के साथ अव्वल आने वाले के बीच सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

डुमरांव कैम्ब्रिज स्कूल के सौ प्रतिशत बच्चों ने अच्छे अंकों के साथ पास करते हुए विद्यालय का नाम जिले में रौशन किया है। अच्छे अंकों से पास करने वालों में एक नंबर पर रही कक्षा 10 वीं की खुशी कुमारी ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। वहीं अंश राज सिंह व प्रगति कुमारी के साथ श्रेया राज ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया है। उसी तरह से अनमोल राज वत्स एवं मोहित कुमार सिंह ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया और इस प्रकार 21 छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किया है। 10 वीं बोर्ड के परीक्षा में अंश राज सिंह ने गणित और संस्कृत में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। वहीं शांभवी ने विज्ञान में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किया।

वहीं कक्षा 12 वीं साइंस के सार्थक राज मिश्रा ने 92% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 12 वीं विज्ञान के अराध्या गुप्ता ने रसायन शास्त्र मे 98 एवं फिजिकल एजुकेशन में 96 अंक, इसके साथ ही सार्थक राज मिश्रा ने अंग्रेजी में 97 और भौतिकी शास्त्र में 91, हर्ष सिंह सिसोदिया ने गणित में 92 अंक, चेतना पांडे ने जीव विज्ञान में 91 अंक प्राप्त किया। इस परीक्षा परिणाम से विद्यालय चेयरमैन ने अपने छात्रों की सफलता पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा की हमारे छात्रों ने अपनी कड़ी मेहनत से विद्यालय का नाम रौशन किया इसके साथ ही उन्होंने अपने छात्र झ छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी। विद्यालय प्रधानाचार्य ने इस अवसर पर अपने खुशी व्यक्त करते हुए कहा की बच्चों ने कठिन परिश्रम की एवं अभूतपूर्व सफलता प्राप्त किया। इसके लिए उन्होंने ने विद्यालयों के शिक्षकों की भी प्रशंसा की।






## चयनित सभास्थल को लेकर बिक्रमगंज-गोडारी ग्राउंड का किया निरीक्षण

# पीएम के आगमन को लेकर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी पहुंचे काराकाट





- भाजपा महामंत्री डॉ. मनीष के नेतृत्व में डिप्टी सीएम का हुआ भव्य स्वागत
- रोहतास जिलाधिकारी के नेतृत्व में जुटी रही पूरी प्रशासनिक टीम

**केटी न्यूज/बिक्रमगंज**

काराकाट विधानसभा क्षेत्र में पीएम नरेंद्र मोदी की संभावित तिथि 30 मई को आगमन को लेकर सभास्थल चयन तैयारी जोर-शोर से चल रही है। जिस स्थल चयन के लिए बुधवार को बिहार उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने काराकाट विधानसभा क्षेत्र पहुंच विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। उनके आगमन को लेकर पूर्व से भाजपा सहित एनडीए समर्थित कार्यकताओं ने उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का गर्मजोशी सेमेंटर स्वागत किया। जिनके अभिनंदन में भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री डॉ. मनीष रंजन ने भाजपा के सैकड़ों कार्यकताओं के साथ उप मुख्यमंत्री के बैनर व तख्ती के उनको फूल-माला बुके भेट का भारत माता की जयघोष के साथ उनका स्वागत किया। जबकि मौके पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, संजय झा, जिला उपाध्यक्ष विजय सिंह, प्रदेश प्रवक्ता संजीव मिश्रा, भाजपा नेता मदन प्रसाद वैश्य, नगर अध्यक्ष नागेश्वर कुशवाहा,अजय कुशवाहा, संजय वर्मा, रेशमा पटेल, बलिराम मिश्रा, नवीन चंद्र साह, हरेंद्र हरियाली, कुश पांडे ने भी स्वागत किया। दूसरी इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य निवेदिता सिंह व जदयू बिहार परिषद सदस्य सह तरारी विधानसभा प्रभारी जदयू नेत्री अरुणा देवी सहित पूर्व विधायक राजेश्वर राज ने भी उप मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया।

**उप मुख्यमंत्री ने सभास्थल का किया निरीक्षण :** उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का हेलिकॉप्टर द्वारा आगमन होते ही रोहतास डीएम उदिता सिंह व एसपी रौशन कुमार ने संयुक्त रूप से प्रशासनिक अधिकारियों के साथ थाना क्षेत्र के घोसिया खुर्द पंचायत के पटेल महाविद्यालय स्थित ग्राउंड एवं काराकाट थाना क्षेत्र के गोडारी ग्राउंड का भी निरीक्षण कराया। जहां उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने हेलीपैड, मंच, श्रोताओं के बैठने की व्यवस्था, पीएम की सुरक्षा को लेकर की जाने वाली दंडाधिकारी व पुलिस बल की तैनाती, वाहनों के आने-जाने की व्यवस्था व ठहराव की व्यवस्था समेत सभी चिह्नित पॉइंट का बारीकी निरीक्षण किया गया। जिस निरीक्षण में यह तय किया गया कि ग्राउंड के अंदर किसी प्रकार के वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनके सुरक्षा में लगे सेना की हेलीकॉप्टर के अलावा संभावित तौर पर स्टार प्रचारकों के हेलीकॉप्टर आ सकते हैं। क्योंकि सभास्थल मंच पर प्रधानमंत्री समेत बिहार के मुख्यमंत्री के अलावे कई बड़े नेता के साथ काराकाट विधानसभा क्षेत्र के नेता भी मौजूद रहेंगे।

**प्रधानमंत्री की सुरक्षा में तैनात रहेगी विशेष पुलिस :** सभास्थल ग्राउंड परिसर के बाहर जमीन से लेकर पेड़ों पर भी अर्धसैनिक बलों की तैनाती होगी। प्रधानमंत्री की चुनावी सभा के सुरक्षा को लेकर दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ सादे लिबास में भी विभिन्न प्रकार के सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी। सुरक्षा के लिए जहां प्रधानमंत्री के मंच परिसर एसपीजी टीम के हवाले रहेगा।

## शादी की तारीख मौत में बदली, पिकअप की टक्कर से राजस्व कर्मचारी की मौत

**केटी न्यूज/आरा**

संझौली (रोहतास) बिक्रमगंज-सासाराम पथ पर संझौली क्षेत्र के बैरी पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार पीकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार बघैला थाना क्षेत्र के सुअरा निवासी 29 वर्षीय मनु प्रसाद गुप्ता पिता छोटन साह की मौत घटना स्थल पर हीं हो गई। पीकअप चालक गाड़ी छोड़ कर फरार हो गया। घटना की सूचना पर संझौलु पुलिस घटना स्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दी है। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि पीकअप वैन और बाइक को जब्त कर ली गई है। बताया जाता है कि मृतक का तिलकोत्सव मंगलवार की रात



संपन्न हुई और 17 मई को शादी थी। सहनाई की गुंज के बदले घर में मातम पसर गया है। मृतक वैशाली जिला में राजस्व कर्मचारी के पद पर कार्यरत था। शादी के लिए हीं गांव आया था। किसी कार्य से बिक्रमगंज की ओर जा रहा था कि विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार पीकअप ने टक्कर मार दी।

## गंगा तटबंध का जल्द करें मरम्मति : एसडीओ

**आरा।** बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, आरा के अंतर्गत स्थित कोईलवर तटबंध का निरीक्षण सदर एसडीओ रश्मि सिन्हा ने किया। इस दौरान तटबंध के विभिन्न हिस्सों में मोटरेबल मार्ग, ईंट सोलिंग एवं कई स्थानों पर ट्रैक्टर क्रॉसिंग से प्रभावित संरचना का अवलोकन किया गया। साथ ही तटबंध पर स्थित स्लूइस गेट का निरीक्षण किया गया। एसडीओ की ओर से सुरक्षा के लिए मरम्मत कार्य कराने का आदेश दिया गया। इस दौरान बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता अभिषेक कुमार समेत कई मौजूद थे।

## भाजपा के तिरंगा यात्रा के लिए रामदिनेश बने संयोजक

**आरा।** भाजपा की ओर से 16 मई आयोजित तिरंगा यात्रा को लेकर जिलाध्यक्ष दुर्गा राज के नेतृत्व में बुधवार को समीक्षा बैठक की गई। जिलाध्यक्ष ने तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के लिए संयोजक जिला उपाध्यक्ष रामदिनेश यादव को बनाया गया है। सह संयोजक के रुप मे प्रतीक राज, विभु जैन, निशांत सिंह सेंगर व प्रतीक चंद्रवंशी बनाए गए हैं। बैठक में जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने बताया कि 16 मई की शाम पांच बजे तिरंगा यात्रा का शुभारंभ रमना मैदान स्थित महावीर मंदिर परिसर से होगा और समापन जेपी स्मारक के पास होगा। तिरंगा यात्रा के लिए जिला के भूतपूर्व सैनिक, धार्मिक, सामाजिक संगठन, शिक्षण संस्थान, बुद्धिजीवी, छात्र-छात्राएं सहित अन्य शामिल रहेंगे।

## मीटर बाईपास विद्युत चोरी के आरोप में 10 उपभोक्ताओं पर केस

**केटी न्यूज/बिक्रमगंज**

बिक्रमगंज में अवैध रूप से विद्युत चोरी को लेकर निरंतर चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रखंड-दिनारा व दावथ के घरेलू उपभोक्ताओं के परिसर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि ऊर्जा मीटर में जा रहे इन्कमिंग तार में कटिंग करके, मीटर बाईपास करते हुए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी जिसको लेकर प्रशाखा दिनारा के खैरही गांव के धर्मशीला कुंवर पर जुमार्ना राशि 13573 रु, दामोदर पाठक 20234, श्यामजी राय 22885 रु रामाकांत साह 26330 रु व धनपुरा निवासी सिपाही राम 41119 रु, संतोष कुमार 14906 रु अम्बिका सिंह 25688 रु एवं प्रशाखा दावथ के सेमरी गांव के सुनील कुमार पर 16705, परसिया खुर्द के गुड्डू शर्मा पर 11288 तथा हरिकृष्णा सिंह पर 14781 रुपये दंडित राशि लगायी गयी है। उक्त सभी उपभोक्ताओं के द्वारा मीटर बाईपास करने के कारण वास्तविक मान पठन अवरूद्ध हो रहा था। जिसके कारण विभाग के राजस्व की क्षति हो रही थी।



सहायक विद्युत अभियंता राज कुमार के द्वारा सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि जिनके परिसर मे स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगा हुआ है तथा बकाया रहने के कारण विद्युत कनेक्शन डिसकनेक्ट प्रदर्शित हो रहा है वह रिचार्ज कराने के पश्चात ही विद्युत ऊर्जा का उपभोग करें एवं अनावश्यक होने वाली परेशानियों से बचें। जो उपभोक्ता स्मार्ट प्रीपेड मीटर या नॉर्मल मीटर बाईपास कर विद्युत ऊर्जा की चोरी कर रहे हैं वह दुरुस्त कर लें तथा जो व्यक्ति घरेलु, व्यवसायिक, ई-रिक्शा चार्ज, कृषि या औद्योगिक कार्य आदि हेतु बिजली का कनेक्शन नहीं लिए हैं वह कनेक्शन ले लें।

## जीविका की लक्ष्मी बाई ग्राम संगठन ने महिला संवाद का किया आयोजन

# महिला संवाद कार्यक्रम में महिलाओं ने खुलकर अपनी समस्याओं को पटल पर रखा

**केटी न्यूज/बक्सर**

जीविका ग्राम संगठनों में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को विभिन्न ग्राम संगठनों में आयोजित किया गया। जिले के 8 प्रखंडों में ग्राम स्तर पर दो शिफ्टों में चलाया गया है। यह संवाद कार्यक्रम प्रतिदिन दो महिला संवाद कार्यक्रम कुल 16 ग्राम संगठन में 9 बजे से एवं शाम 4 बजे के समय में किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से महिलाएं खुलकर अपनी आकांक्षाओं व विचारों को पटल पर सामने रख रही है। उनकी अपेक्षाओं और आकांक्षाओं में जीविका भवन का निर्माण, बकरी शेड का निर्माण, शौचालय निर्माण, सामुदायिक शौचालय, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन,



दिव्यांगो के लिए योजना, सड़क की समस्या, गांव में बिजली की समस्या, पानी लगने की समस्या, गांव के स्तर पर खेल के मैदान आदि विषयों पर अपना सुझाव रख रहीं है। इस कार्यक्रम में संवाद रथ के माध्यम से वीडियो दिखाकर योजनाओं एवं उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही कार्यक्रम में महिलाओं को लीफ्लेट्स के माध्यम से भी जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम में महिलाओं ने मुख्यमंत्री के सदेश को पढ़ा और सभी महिलाओं को पढ़ के सुनाया। चौसा के सरेंजा पंचायत में जीविका की लक्ष्मी बाई ग्राम संगठन द्वारा महिला संवाद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चौसा के बीडीओ अशोक कुमार भी उपस्थित रहे। उन्होंने महिलाओं से संवाद किया और बिहार सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। यहां सभी को खास तौर पर लड़कियों और लड़कों को मेरा संदेश है कि आगे बढ़ने और सफल होने के कई मौके हैं। आपको बस इन अवसरों का लाभ उठाना और कड़ी मेहनत करना आना चाहिए। हमारे संगठन का मुख्य लक्ष्य महिलाओं और पुरुषों को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनने में मदद करना है। महिलाओं को कई तरह की नौकरियां और योजनाओं से जोड़ा जाये। जब महिलाओं को नौकरी मिलती है, तो वे अपने घरों और समुदायों में अधिक मजबूत और अधिक आत्मविश्वासी बन जाती हैं। हम महिलाओं और समुदाय की मदद के लिए महिला संवाद नामक एक विशेष बैठक की योजना बना रहे हैं। गैर जीविका महिलाओं को संवाद कार्यक्रम से जुड़ने तथा प्रोत्साहित करने के लिए निमंत्रण पत्र दिया।






खनन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 3,569 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया

# 15 जून से बंद हो जाएंगे बालू घाट, फिर भी बरसात में नहीं होगी बालू की किल्लत

- बिहार में 37 ठेकेदारों ने बालू खनन से किया इनकार
- 180 बालू घाटों से बालू की आपूर्ति जारी रखी जाएगी, जिनमें 18 घाट सफेद बालू के हैं

**केटी न्यूज/पटना**



सूबे के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि इस साल मॉनसून में बालू की कमी नहीं होगी। सरकार ने पहले से ही तैयारी कर ली है, जिससे विकास कार्य नहीं रुकेंगे। मानसून के बाद भी 180 बालू घाटों से आपूर्ति जारी रहेगी। खनन विभाग को अब तक 3,569 करोड़ रुपए का राजस्व मिला है।पटनाः बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बुधवार को स्पष्ट किया कि इस वर्ष मॉनसून के दौरान राज्य में बालू की कोई कमी नहीं होगी। सरकार ने पहले से ही आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं, ताकि विकास योजनाओं और निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की रुकावट न आए। बता दें, हर साल की तरह इस बार भी 15 जून से बरसात के कारण बालू घाट बंद कर दिए जाएंगे, जिससे अक्सर निर्माण कार्य प्रभावित होते हैं। लेकिन इस बार सरकार ने समय रहते प्रबंध कर लिया है। वर्तमान समय में अब मामला अलग दिख रहा है।

**राज्य के 180 बालू घाटों से होगी बालू की आपूर्ति :** खनन विभाग की ओर से आयोजित प्रेस वार्ता में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि मॉनसून के दौरान भी राज्य के 180 बालू घाटों से बालू की आपूर्ति जारी रखी जाएगी, जिनमें 18 घाट सफेद बालू के हैं। बालू की कीमत तयशुदा शेड्यूल रेट पर ही होगी, ताकि जनता और ठेकेदारों पर कोई अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े।

**खनन विभाग ने तय किया लक्ष्य से अधिक राजस्व :** विजय कुमार सिन्हा ने जानकारी दी कि खनन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 3,569 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है, जो विभाग के निर्धारित लक्ष्य से कहीं अधिक है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि राज्य की खनन नीति और प्रशासनिक दक्षता का प्रमाण है।

**माफिया नियंत्रण और घाटों की नीलामी में प्रगति :** उपमुख्यमंत्री ने दावा किया कि खनन विभाग में माफियाओं का वर्चस्व अब समाप्त हो चुका है। साथ ही पूर्व में सरेंडर किए गए 37 घाटों में से 29 की नीलामी प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है और 14 घाटों की नीलामी पहले ही पूरी हो चुकी है। राज्य में पीली बालू के कुल 457 घाटों में से वर्तमान में 161 घाट सक्रिय हैं और लगातार बालू की आपूर्ति कर रहे हैं।

**विभागों को दी गई ज़िम्मेदारी, संसाधनों की होगी पर्याप्त आपूर्ति :** बालू की मांग को ध्यान में रखते हुए उपमुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आवश्यकता पड़ने पर विभागों को खनन पट्टा भी प्रदान किया जाएगा। बालू, पत्थर और मिट्टी जैसे निर्माण संसाधनों की आपूर्ति में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होगी।

### 180 घाटों से लाल बालू की उपलब्धता बनी रहेगी

सरकार की योजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए 15 जून बाद भी 180 घाटों से लाल बालू की उपलब्धता बनी रहेगी। जबकि सफेद बालू के लिए 18 घाट उपलब्ध रहेंगे। खनन मंत्री ने विभाग की उपलब्धियों का ब्योरा देते हुए बताया कि वित्त वर्ष 2024 –25 में लक्ष्य से ज्यादा 3569 करोड़ राजस्व की प्राप्ति हुई है। उन्होंने कहा कि लाल बालू के लिए पूरे बिहार में 457 घाट हैं जिसमें 161 घाट चालू हैं। जिन 37 घाटों को सेरेंडर किया गया है उनमें से 29 की नीलामी प्रक्रिया शुरू कराई जा चुकी है और 14 घाटों का नीलामी हो गया है। मंत्री ने कहा कि शेड्यूल रेट पर बालू मिलता रहेगा। सरकार की परियोजनाओं में समय पर बालू उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के राजस्व को दूसरे राज्य में जाने से रोकने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से चर्चा कर रणनीति बनाई जा रही है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि बालू, पत्थर और मिट्टी की उपलब्धता में कोई विभाग कमजोरी ना दिखाए। खनन विभाग बालू ,गिट्टी और मिट्टी को उपलब्ध कराने में हमेशा सक्षम है। बिहार में बालू खनन का टेंडर के लिए आपाधापी की स्थिति बनी रहती है। बालू व्यापारी टेंडर लेने के लिए पैरवी का भी सहारा लेते हैं।

## बोले पप्पू यादव... हमारे पैसे से चीन रच रहा साजिश

**केटी न्यूज/पूर्णिया**

भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम के बाद पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने बुधवार को मधेपुरा में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि भारत से अरबों का व्यापार करने वाला चीन हमारे ही पैसे से पाकिस्तान और आतंकियों की मदद करता है, लेकिन सरकार कुछ नहीं करती। उन्होंने कहा कि चीन पाकिस्तान को समर्थन देता है। वहां की सरकार और आतंकियों को संरक्षण देता है। पूरी दुनिया आतंकवाद से परेशान है। पप्पू यादव ने सवाल उठाया कि जब मेक इन इंडिया का नारा दिया गया था, तो आज भी चीन से इतना बड़ा व्यापार क्यों हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश के 90 प्रतिशत लोगों को व्यापार का मौका नहीं मिलता, तो 2-4 प्रतिशत लोगों के लिए देश के सम्मान के साथ समझौता क्यों किया गया।

**कर्नल सोफिया का अपमान करने वाले मंत्री पर हो कार्रवाई :** सांसद ने आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन में नेतृत्व करने वाली सेना की अफसर कर्नल सोफिया कुरैशी की तारीफ करते हुए भाजपा के एक मंत्री पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कर्नल सोफिया ने जिस तरह आतंकियों से लोहा लिया, वह काबिल-ए-तारीफ है। लेकिन भाजपा का एक मंत्री उन्हें आतंकियों की बहन कह रहा है। अभी तक उस मंत्री पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई? क्या ये सैनिक का अपमान नहीं है? उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश सरकार सैनिकों को जाति के आधार पर देखती है। सैनिकों को जाति में बांटना शर्मनाक है। ऐसे मुख्यमंत्री को पद पर रहने का हक नहीं है।




## युवक से जबरन वसूली में एक दरोगा सहित चार गिरफ्तार

**पूर्णिया।** पूर्णिया में अवैध वसूली के आरोप में एक दरोगा सहित कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में दो बीएमपी जवान और एक प्राइवेट चालक भी शामिल हैं। नागरिकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाले पुलिसकर्मी ही जब कानून तोड़ने लगें, तो व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है। पूर्णिया जिले के के हाट थाना क्षेत्र में इसी तरह की एक शर्मनाक घटना सामने आई है, जहां अवैध वसूली के आरोप में एक दरोगा सहित कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## ग्रामीण कार्य विभाग के दो अभियंता नपे

**केटी न्यूज/पटना**




ग्रामीण कार्य विभाग ने लापरवाही और वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोपों में सारण जिले के मढ़ौरा कार्य प्रमंडल के दो तदेन अभियंताओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन की यह कार्रवाई विभागीय जांच के बाद की गई, जिसमें अभियंताओं पर मनमाने ढंग से भुगतान, बिना स्वीकृति पथ निर्माण और योजनाओं के उल्लंघन के आरोप प्रमाणित पाए गए। निलंबित अभियंताओं में केशव साहनी, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल मढ़ौरा, सम्प्रति मुख्य अभियंता,अनुरक्षण एवं उन्नयन ग्रामीण कार्य विभाग और परमेश्वर मेहरा, तदेन कनीय अभियंता, कार्य प्रमंडल मढ़ौरा, सम्प्रति सहायक अभियंता, कार्य प्रमंडल सोनपुर, ग्रामीण कार्य विभाग शामिल हैं। दोनों पर मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के अंतर्गत अनुमोदित पथ निर्माण कार्य में स्वीकृत लंबाई से अधिक कार्य दिखाकर भुगतान प्रस्तावित करने का आरोप है। दोनों पर यह भी आरोप है कि बिना किसी ठोस प्रमाण के उन्होंने पंचायत के अन्य योजना से पूर्व निर्मित 0.25 किमी पथ को योजना में दर्शाकर उसके लिए भी भुगतान स्वीकृत कर दिया। इतना ही नहीं उन्होंने विभागीय स्वीकृति के पथ निर्माण कार्य प्रारंभ कर भुगतान प्रस्तावित भी कर दिया, जिससे कोई भी बसावट सम्बद्ध नहीं हो रहा था।जांच में यह स्पष्ट हुआ कि दोनों अभियंताओं की ओर से लापरवाही एवं गंभीर वित्तीय अनियमितता बरती गई है,जिससे राज्य को आर्थिक नुकसान हुआ। दोनों अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक के लिए निलंबित किया गया है।




## 30 मई को पीएम मोदी करेंगे पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का उद्घाटन

- पटना-सासाराम फोरलेन सड़क परियोजना का होगा शिलान्यास
- पीएम मोदी बिक्रमगंज में विशाल जनसभा को करेंगे संबोधित

**केटी न्यूज/पटना**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मई को बिहार के सासाराम जिले के बिक्रमगंज आएंगे। यह जानकारी मंगलवार को उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मीडिया को दी। उन्होंने बताया कि इस दौरान प्रधानमंत्री कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। जिनमें पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का उद्घाटन और पटना-सासाराम फोरलेन सड़क परियोजना का शिलान्यास प्रमुख हैं। प्रधानमंत्री मोदी बिक्रमगंज में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे, जिसमें रोहतास के अलावा औरंगाबाद, भोजपुर, बक्सर तथा अन्य आसपास के जिलों से लाखों की संख्या में लोग पहुंचेंगे। यह जनसभा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिकोण से भी अहम मानी जा रही है। प्रधानमंत्री पटना के जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बने नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे। इस अत्याधुनिक टर्मिनल से हवाई यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी और एयर ट्रैफिक को भी संभालने की क्षमता बढ़ेगी। यह टर्मिनल अंतरराष्ट्रीय मानकों पर तैयार किया गया है। सड़क संपर्क को बेहतर बनाने की दिशा में प्रधानमंत्री मोदी पटना-सासाराम फोरलेन परियोजना की नींव रखेंगे। इस सड़क के बन जाने से क्षेत्रीय आवागमन में तेजी आएगी, और औद्योगिक एवं व्यावसायिक गतिविधियों को भी बल मिलेगा।यह दौरा इसलिए भी अहम है क्योंकि यह प्रधानमंत्री मोदी का ऑपरेशन सिंदूर के बाद बिहार का पहला दौरा है। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के ठीक एक दिन बाद यह घोषणा की थी कि भारत आतंकियों को उनकी कल्पना से परे जवाब देगा। इसके बाद 7 मई को भारतीय सेना ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। प्रधानमंत्री का यह दौरा न सिर्फ विकास योजनाओं के लिए अहम है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा, राजनीतिक संदेश और जनसंपर्क की दृष्टि से भी खास महत्व रखता है। प्रधानमंत्री मोदी इससे पहले 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर मधुबनी जिले में आए थे। माना जा रहा है कि इस अवसर पर प्रधानमंत्री बड़ी सौगातें भी दे सकते हैं, जिनमें रेलवे, ग्रामीण विकास, युवाओं के लिए रोजगार योजनाएं, और डिजिटल कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्रों की घोषणाएं शामिल हो सकती हैं।

## गोपालगंज में नहाने के दौरान गंडक नदी में डूबे 3 बच्चे, तलाश जारी


**गोपालगंज।** गोपालगंज जिले में तीन बच्चे नहाने के दौरान गंडक नदी मं डूब गये हैं। सभी लापता बच्चों की तलाश जारी है, लेकिन अभी तक ढूंढ पाने सफलता नहीं मिल पाई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे कुचायकोट के अंचलाधिकारी, विशम्भरपुर थाने की पुलिस लापता बच्चों की तलाश में जुटी है। घटना विशम्भरपुर थाना के खेम मटीहिनिया गांव की है। लापता बच्चों में विशम्भरपुर थाना के खेम मटीहिनिया गांव के मंजीत कुमार यादव, आकाश कुमार यादव और कृष्णा कुमार यादव शामिल है।घटना के संबंध में कुचायकोट सीओ मणिभूषण कुमार ने बताया कि बुधवार को करीब एक बजे खेम मटीहिनिया गांव के समीप गंडक नदी में नहाने के दौरान तीन बच्चे नदी में डूब गए। स्थानीय नाविकों के सहयोग से लापता बच्चों को तलाश किया जा रहा है। मढ़ौरा से एसडीआरएफ की टीम को भी बुलाया गया है। हालांकि अभी तक किसी बच्चे का रिकवरी नहीं हो पाई है।




मंत्री ने कहा...समाज के वंचित वर्गों के प्रति उदासीनता के लिए कठोरतम दण्ड दिया जाएगा

## बसेरा-2 के बारे में राजस्व व भूमि सुधार मंत्री को गलत जानकारी देना दो सीओ को पड़ा महंगा,सस्पेंड

**केटी न्यूज/पटना**




राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी की अध्यक्षता में आठ मई को पटना में राज्य स्तरीय अपर समाहत्ताओं-भूमि सुधार उप समाहत्ताओं-अंचल अधिकारियों के कार्यों की समीक्षात्मक बैठक हुई थी. अभियान बसेरा-2 की समीक्षा के क्रम में गलत जानकारी देने पर बगहा-दो अंचल के अंचल अधिकारी एवं जगदीशपुर अंचल के राजस्व अधिकारी को निलंबित किया गया है। अभियान बसेरा-2 की समीक्षा के क्रम में बगहा 2 अंतर्गत कुल सर्वेक्षित 1912 सुयोग्य श्रेणी के वासभूमि रहित परिवारों में से 1709 को अयोग्य घोषित किये जाने के संबंध में निखिल, अंचल अधिकारी, बगहा-02, पश्चिम चम्पारण द्वारा बताया गया कि राजस्व कर्मचारी के प्रतिवेदन के आधार पर अधिकांशतः को अयोग्य घोषित किया गया है। योजना के प्रति उदासीनता, शिथिलता एवं लापरवाही बरती गई है तथा गलत एवं भ्रामक सूचना से विभाग को दिगभ्रमित करने का प्रयास किया गया है। निखिल, अंचल अधिकारी, बगहा-02. पश्चिम चम्पारण को शिथिलता एवं लापरवाही के आरोप में सीओ निखिल को निलंबित कर दिया गया है। वहीं भागलपुर के जगदीशपुर अंचल अंतर्गत कुल सर्वेक्षित 764 सुयोग्य श्रेणी के वासभूमि रहित परिवारों में से 689 को अयोग्य घोषित किये जाने के संबंध में नागेन्द्र कुमार, राजस्व अधिकारी, अंचल कार्यालय, जगदीशपुर, भागलपुर द्वारा बताया गया कि अधिकांशतः अयोग्य घोषित किये गये मामले नगर क्षेत्र से संबधित हैं, अभियान बसेरा-2.0 में शिथिलता एवं लापरवाही बरती गई है तथा गलत एवं भ्रामक सूचना से विभाग को दिगभ्रमित करने का प्रयास किया गया है। यह समाज के वंचित वर्ग के प्रति असंवेदनशीलता दर्शाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य के विभिन्न जिलों के सिविल कोर्ट के 496 न्यायिक अधिकारियों को मिला टैब

**रांची, एजेंसी।** झारखंड हाईकोर्ट की ओर से तकनीक के साथ कार्यक्षमता बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को ग्रीष्मावकाश के बीच विभिन्न जिलों के सिविल कोर्ट के 496 न्यायिक पदाधिकारियों को टैब प्रदान किया गया। चीफ जस्टिस के निर्देश पर सभी न्यायिक पदाधिकारियों को टैब उपलब्ध कराया गया ।हाईकोर्ट के जस्टिस आनंद सेन, जस्टिस गौतम कुमार चौधरी और अरुण कुमार राय की उपस्थिति में सभी न्यायिक पदाधिकारियों को टैब प्रदान किया गया। इस मौके पर जस्टिस आनंद सेन ने कहा कि यह टैब उन्नत सुविधाओं से लैस है। इसमें स्पीच टू टेक्स्ट (बोलकर लिखने) की सुविधा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक सहित कई आधुनिक तकनीक है।

### बीजेपी विधायक ने आतंकी संगठन से जोड़ा युवक का नाम, मंत्री इरफान अंसारी ने दिया जवाब

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में एक युवक द्वारा इंटरनेट मीडिया पर टिप्पणी के विरुद्ध रांची के भाजपा विधायक सीपी सिंह के एक्शन पर राज्य सरकार के मंत्री डा. इरफान अंसारी ने आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि युवक की गलती को आइएसआइएस से जोड़ना गलत है। उन्होंने आरोप लगाया कि सीपी सिंह की जुबान जहरीली है। ऐसा करना ओछी राजनीति और मानसिक दिवालियापन का प्रमाण है। उल्लेखनीय है कि सीपी सिंह ने उक्त युवक के विरुद्ध शिकायत की है। मंत्री ने कहा कि अगर सीपी सिंह के पास सबूत है तो कानून को सौंपना चाहिए, लेकिन धर्म विशेष, मौलवियों और मदरसों को बदनाम करने का ठेका उन्हें किसने दिया है? यह समाज को बांटने की राजनीति है। सवाल उठाया कि बार-बार मुसलमानों की देश के प्रति निष्ठा पर सवाल उठाना ही सीपी सिंह का राष्ट्रवाद है? उन्होंने चुनौती दी कि सीपी सिंह यह प्रमाणित करें कि युवक देशविरोधी संगठन से जुड़ा है। सीपी सिंह को सोचना चाहिए कि उस मासूम मां पर क्या बीत रही है, जिसके बच्चे पर उन्होंने आरोप लगाया है। विधायक को कानून पर भरोसा रखते हुए नफरत फैलाना बंद करना चाहिए।

### लातेहार में अवैध शराब की मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़:रॉयल स्टेज के 872 बोतल बरामद

**लातेहार, एजेंसी।** लातेहार जिले के मनिका थाना की पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब की मिनी फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार की रात पुलिस ने मनिका के बरवैया पंचायत के चामा, सेवन गांव में छापेमारी की ।इस दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में नकली शराब, स्प्रिट और शराब निर्माण में प्रयुक्त कई सामग्री बरामद की। बरामद सामग्री में रॉयल स्टेज की क्वाटर की 341 बोतल, हाफ के 531 बोतल के अलावा लगभग 200 लीटर स्प्रिट, 2000 खाली बोतल और विभिन्न ब्रांड के स्टिकर जब्त किया गया है। पुलिस ने इस मामले में बरवैया के रहने वाले बीरेन्द्र प्रसाद के बेटे राहुल प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने मौके से 5 मोटरसाइकिल भी बरामद की हैं। इस छापेमारी अभियान में थाना प्रभारी शशि कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार, आरक्षी रामाश्रय पासवान, विशेष कुमार सिंह, सहायक आरक्षी पप्पू यादव और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### चक्रधरपुर में टाटा मैजिक और ट्रक की टक्करः बाईहातु के पास हादसे में तीन की मौत

**चाईबासा, एजेंसी।** चाईबासा-चक्रधरपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाईहातु के पास बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। टाटा मैजिक और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान सीनु पूर्ति (35), गंगा जारिका (36) और शिवराम हेंब्रम (30) के रूप में हुई है। हादसे में एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया ।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को तत्काल सदर अस्पताल ले जाया गया। तीन लोगों की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो चुकी थी। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जमशेदपुर रेफर कर दिया गया है।

# झारखंड में 15 मई से बारिश की संभावना, 19 मई के बाद फिर बढ़ेगी गर्मी

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में 15 मई से राज्य के पूर्वी और निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। 16 मई को राज्य के पश्चिमी भागों को छोड़कर शेष भागों में मेघ गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की पूरी संभावना है।

मौसम विभाग के मुताबिक 17 मई को भी राज्य के पश्चिमी भागों को छोड़कर शेष भागों में कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। 18 और 19 मई को भी राज्य में कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है।



### पलामू राज्य का सबसे गर्म जिला

पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक गर्म पलामू जिला रहा। यहां का तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से 1.7 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। रांची का अधिकतम तापमान 37.6 डिग्री सेल्सियस रहा। दूसरी और मंगलवार को ही जमशेदपुर में सबसे अधिक 25 मिमी मीटर बारिश हुई। मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार झारखंड के कई इलाकों में 15 मई की दोपहर से मौसम में बदलाव होगा, जो 18 मई तक जारी रहेगा।

### बोकारो और रामगढ़ में उमस भरा रहेगा दिन

मौसम में परिवर्तन की बात करें तो आज राज्य के बोकारो और रामगढ़ जिलों में कहीं-कहीं दिन उमस और गर्म रहने वाला है। 15 मई को राज्य के पूर्वी भागों में कहीं-कहीं पर लू चलने की संभावना है। इसी दिन राज्य के पूर्वी एवं निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं गर्जन और तेज हवा का झोंका और वज्रपात की संभावना बन रही है। इस दौरान हवा की रफ्तार 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक हो सकती है। 16 और 17 मई को भी राज्य के उत्तर पश्चिमी भागों को छोड़कर शेष भागों में कहीं-कहीं गर्जन और तेज हवाओं का झोंका चलेगा। हवा की रफ्तार 50 किलोमीटर तक रह सकती है। इस दौरान वज्रपात की भी पूरी संभावना बनी है।

### रांची में 16 और 17 मई को बारिश

मौसम के बदले मिजाज पर राजधानी रांची की बात करें तो आज आसमान मुख्यतः साफ रहेगा और मौसम शुष्क रहेगा। अधिकतम तापमान बढ़कर 39 डिग्री सेल्सियस जा सकता है। वहीं न्यूनतम तापमान 26 डिग्री रहने वाला है। 15 मई को आंशिक बादल के साथ गर्जन वाले बादल भी बन सकते हैं। 16 में को आंशिक बादल छाए रहेंगे। मेघ वजन के साथ बारिश की संभावना है। इन दोनों दिनों में अधिकतम तापमान 39 डिग्री के आसपास रहने वाला है। 17 मई को आंशिक बादल छाए रहेंगे। मेघ गर्जन के साथ बारिश होगी। इस दौरान अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहेगा। 18 और 19 मई को भी आंशिक बादल छाए रहेंगे। मेघ गर्जन के साथ वर्षा की संभावना है।

## चाईबासा-चक्रधरपुर एनएच 75ई पर बड़ा हादसा, छोटा हाथी वाहन ने खड़े ट्रक में मारी टक्कर; 3 की मौत



**चाईबासा, एजेंसी।** पश्चिम सिंहभूम जिला में सड़क दुर्घटना में मौत का सिलसिला नहीं थम रहा है। मंगलवार देर साथ रात 10 बजे चाईबासा चक्रधरपुर नेशनल हाईवे 75 ई में छोटा हाथी वाहन के दुर्घटना होने से तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।जानकारी के अनुसार, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बायहातु गांव से एक छोटा हाथी वाहन तेल भरने के लिए चाईबासा आ रहा था। जिसमें गांव के ही तीन अन्य लोग चालक के साथ सवार हो गए।

इसी दौरान, मुख्य सड़क पर खड़े एक ट्रक को वाहन ने अनियंत्रित होकर पीछे से धक्का मार दिया। धक्का इतना जोरदार था कि वाहन में बैठे चार व्यक्ति को बुरी तरह से जख्मी हो गए।दुर्घटना की जानकारी मिलते ही मुफस्सिल थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। इसके बाद चारों घायल को सदर अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया। इसमें बायहातू गांव निवासी सीनू पूर्ति और ऊपर बेड़ा निवासी गंगाधर जारिका की इलाज के दौरान सदर अस्पताल में मौत हो गई। जबकि एक मृतक और घायल व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है।घायल की स्थिति भी चिकित्सकों ने काफी गंभीर बताई है। जिसे बेहतर इलाज के लिए जमशेदपुर रेफर कर दिया जा रहा है। मौत की जानकारी होते ही ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए, लोगों की भीड़ जमा हो गई।वहीं, परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। तीनों मृतक के शव को पुलिस अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रख चुकी है।

## मंईयां सम्मान योजना को लेकर नया अपडेट, बीडीओ-सीओ को पहुंचा लेटर

**चाकुलिया, एजेंसी।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में लाभुकों के गलत चयन एवं गड़बड़ी को लेकर जिला प्रशासन सख्त हो गया है। इस संबंध में उपायुक्त अनन्य मित्तल ने जिला के सभी प्रखंडों के बीडीओ व सीओ को अयोग्य लाभुकों पर कार्रवाई करने तथा जल्द से जल्द राशि वसूलने का निर्देश जारी कर दिया है। इसके साथ ही योजना स्वीकृति से पूर्व जांच करने वाले प्रखंड कार्यालय के संबंधित पदाधिकारी पर भी कार्रवाई करने का आदेश डीसी ने दिया है। डीसी के कड़े तेवर को देखते हुए प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी रेस हो गए हैं। मंगलवार को सामाजिक सुरक्षा कोषांग जमशेदपुर के सहायक निदेशक द्वारा भी सभी बीडीओ व सीओ को पत्र लिखकर मंईयां योजना के अयोग्य लाभुकों से वसूली गई राशि का डिमांड ड्राफ्ट निर्गत करने का निर्देश दिया गया है।

पत्र में कहा गया है कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना अंतर्गत माह अगस्त 2024 से अब तक अयोग्य लाभुकों के बैंक खाते में जो राशि का भुगतान किया गया है, उन्हें चिन्हित कर उनके खाते में जमा राशि को सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग जमशेदपुर को डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से यथा शीघ्र वापस करें।

मालूम हो किमंईयांसम्मान योजना के लड़कों की सूची में गड़बड़ी का मामला सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने जांच शुरू की थी। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि कई लाभुकों के नाम एक ही बैंक खाता संख्या से जुड़े हुए हैं, जो योजना के दिशा निर्देशों के विरुद्ध है।

डीसी ने जिला के सभी बीडीओ एवं सीओ को तीन दिनों के भीतर लाभुक सूची की जांच कर रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया था। प्रारंभिक जांच में मंईयां सम्मान योजना के तहत 2912 बैंक खाता ऐसे मिले, जो दो या दो से अधिक नामों के लाभार्थी से जुड़े हुए थे।

# मंईयां सम्मान योजना के लाभार्थियों की लिस्ट में गड़बड़ी, डिप्टी कमिश्नर ने दिए जांच के आदेश

**पूर्वी सिंहभूम, एजेंसी।** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम में मंईयां सम्मान योजना में गड़बड़ियों का पता चला है। पूर्वी सिंहभूम जिले के डिप्टी कमिश्नर अनन्या मित्तल ने संभावित अनियमितताओं पर चिंता जताते हुए सभी प्रखंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) और अंचल निरीक्षकों (सीआई) को जांच करने और तीन कार्य दिवसों के भीतर रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है। प्रारंभिक जांच के बाद, मित्तल ने कहा कि यह संज्ञान में आया है कि योजना के कई लाभार्थियों को एक ही बैंक खाते के माध्यम से धन प्राप्त हुआ है, जो योजना के दिशानिर्देशों का उल्लंघन है।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, सभी बीडीओ और सीआई को अपने-अपने अधिकार क्षेत्र के भीतर वास्तविक लाभार्थियों की सूची को सत्यापित करने और तीन कार्य दिवसों के भीतर जिला मुख्यालय को एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का





निर्देश दिया गया है। बयान के अनुसार, जिले भर के 2,912 बैंक खातों से दो या दो से अधिक लाभार्थियों को लाभ मिला है।

बयान में आगे कहा गया है कि ऐसे सबसे ज्यादा मामले निम्नलिखित अंचलों और प्रखंडों से सामने आएःपोटका (573), जमशेदपुर अंचल (390), गोलमुरी-सह-जुगसलाई (388), मानगो अंचल (300), घाटशिला (271), बोड़ाम (191), चाकुलिया प्रखंड (164), गुड़ाबंधा (122), पटमदा (113), डुमरिया (111), बहरागोड़ा (99), मुसाबनी (97), धालभूमगढ़ (81) और चाकुलिया अंचल (10)।

कड़ी चेतावनी जारी करते हुए, अनन्या मित्तल ने कहा, ऐसी अनियमितताओं को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अपात्र लाभार्थियों के नाम सूची से हटा दिए जाएंगे, और वितरित की गई राशि उनसे वसूल की जाएगी। उन्होंने आगे चेतावनी दी कि ऐसे धोखाधड़ी वाले कार्यों में शामिल पाए जाने वाले किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

मंईयां सम्मान योजना का उद्देश्य जरूरतमंद और योग्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है और इसके लाभ केवल सही लाभार्थियों तक ही पहुंचने चाहिए। ज़िला प्रशासन ने आम जनता और योजना के लाभार्थियों से सटीक जानकारी प्रदान करने की अपील भी की। बयान में आगे कहा गया, अगर किसी को योजना के तहत अनियमितताओं की जानकारी है, तो उन्हें आगे आकर प्रशासन को सूचित करना चाहिए, जो तुरंत कार्रवाई करेगा।

## झारखंड समेत देशभर में सरिया की कीमतों में बढ़ोतरी के आसार, घर बनाना होगा महंगा



**रांची, एजेंसी।** झारखंड के साथ-साथ पूरे देश में सरिया की कीमतों में बढ़ोतरी के आसार हैं। इसका अहम कारण है नए लीज धारकों को अधिक कीमत पर लौह अयस्क एवं अन्य सामग्रियों का मिलना। आयरन ओर की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण बाजार में दरों की बढ़ोतरी हो रही है।

इधर, झारखंड में राज्य सरकार ने भी सेस की दरों में संशोधन किया है जिसका असर लौह उत्पादों पर पड़ना तय है। सेस की दर सौ रुपये प्रति टन से बढ़कर 400 रुपये प्रति टन हो गया है। वर्तमान में झारखंड में लौह अयस्क की कीमत उनकी गुणवत्ता के आधार पर तय होती है। इसके बावजूद आयरन ओर की कीमत 8 से 8.5 हजार रुपये प्रति टन के करीब है। इसी से स्पंज आयरन का निर्माण होता है जिसकी कीमत 25-27 रुपये प्रति किलो के आसपास है। इससे बिलेट भी बनता है जिसकी कीमत 38-40 रुपये प्रति किलो होता है। यही दो उत्पाद हैं जिससे लोहे के सभी प्रकार के उत्पाद तैयार होते हैं। छड़ और विभिन्न प्रकार के उत्पाद इसी से तैयार होते हैं। इस क्रम में कोयला, बिजली आदि भी खर्च होती है जिसका कीमतों पर सीधा असर होता है।

झारखंड में लोहे की कीमतों में बढ़ोतरी के पीछे का एक बड़ा कारण लीज पर लिए गए खदान की दरों में बढ़ोतरी है। नए लीज धारकों को अयस्क ही महंगा पड़ रहा है। पुराने लीज धारकों को कम कीमत पर लोहा मिला है, जिस कारण से पुराने लीज धारक अभी भी सस्ता लोहा उपलब्ध करा रहे हैं।

झारखंड में नए खिलाड़ी के तौर पर पहुंचे आर्सेलर मित्तल और जिंदल को महंगी दरों पर खदानों का लीज मिला है। अगले कुछ महीनो में बाजार में इसका असर दिखने लगेगा। हालांकि इसी सोमवार से सरिया की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी देखने को मिला है। मांग अधिक नहीं होने के कारण इसका व्यापक असर अभी नहीं दिख रहा है।

## झारखंड में पहली बार बना जदयू का अपना कार्यालय, सीएम नीतीश कुमार ने किया ऑनलाइन उद्घाटन

**रांची, एजेंसी।** राज्य गठन के बाद जदयू पार्टी कई सरकारों में सम्मिलित रही है। लेकिन अभी तक इसके प्रदेश कार्यालय का अपना भवन नहीं था। पहली बार इसका अपना कार्यालय बीआइटी मोड के पास अपनी जमीन पर बना है।

बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को बिहार के मुख्यमंत्री सह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने इसका आनलाइन उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद पार्टी की बैठक हुई।

इस दौरान जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद खीरू महतो, जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने संयुक्त रूप से फीता काट कर पार्टी के अंदर प्रवेश किया। इस दौरान पार्टी के कई वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस मौके पर पूजा पाठ और हवन किया गया।

बैठक में आगामी निकाय चुनाव, सदस्यता अभियान एवं संगठन की मजबूती पर चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष ने उद्घाटन के बाद प्रदेश जदयू कार्यसमिति की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता खीरू महतो ने की। इसकहा कि लंबे समय से हमें अपने कार्यालय की तलाश थी। आज यह पूर्ण हुआ।

विधायक सरयू राय के आवास पर भी



अतिरिक्त कार्यालय चलता रहेगा। उन्होंने सदस्यता अभियान जारी रखने और इसमें तेजी लाने की बात कही। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए जिलों में संगठन प्रभारी की घोषणा जल्द की जाएगी।

सरयू राय ने कहा कि संगठन नियमित कार्यक्रम करे और इस माध्यम से जन मानस को पार्टी के साथ जोड़े। जिन कार्यकर्ताओं को निकाय चुनाव लड़ना है।वे अपने वार्डों में संपर्क अभियान शुरू कर बैठक करें और समस्याओं को पार्टी स्तर से हल कराने का प्रयास करें। बैठक के बाद पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों को मौन रख श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में श्रवण कुमार, डा. आफताब जमील, धर्मेंद्र तिवारी, भगवान सिंह, संजय सिंह, निर्मल सिंह, सागर कुमार, पिंटू सिंह, उपेंद्र सिंह आदि भी उपस्थित थे।

सरयू राय ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि अनुराग गुप्ता को डीजीपी बनाए रखना नियम संगत नहीं है। राज्य सरकार ऐसा कर अन्य अधिकारियों को इस पद से वंचित कर रही है।

मुख्यमंत्री के विदेश यात्रा का उन्होंने स्वागत किया। कहा कि स्पेन और स्वीडन में जो विकास हेमंत सोरेन ने देखा, उस अनुरूप झारखंड में भी परिवर्तन करने की दिशा में आगे बढ़ें।

## हजारीबाग के जवाहर घाटी पुल से गिरा बोलेरो, शादी से लौटने के दौरान हादसा

**हजारीबाग, एजेंसी।** हजारीबाग के बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत जवाहर घाट में आज अहले सुबह एक बोलेरो दुर्घटनाग्रस्त होकर जवाहर पूल के नीचे डैम में जा गिरी। जिसमें दो लोगों के मौत होने की सूचना मिली है। जिसमें एक व्यक्ति का शव बरमाद हो चुका है जबकि दूसरे के शव की तलाश जारी है। मिली जानकारी के अनुसार झुमरीतिलैया के रहने वाले फल विक्रेता राहुल सोनकर अपने मित्र आशीष व अपने मुंशी सौरव तथा ड्राइवर संदीप के साथ बीती रात कोडरमा से बरही एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए हुए थे।

वहीं से चारो अहले सुबह तकरीबन 4.30 बजे वापस अपने घर झुमरीतिलैया लौट रहे थे। इसी बीच जवाहर घाटी में तिलैया डैम पर बने पुल पर उनकी बोलेरो गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना की जानकारी देते हुए सौरव शर्मा के एक मित्र ने बताया कि जिस जगह पर यह घटना घटी है उसी जगह पर बीती रात एक ट्रक भी दुर्घटनाग्रस्त हुई थी। जब ये लोग बरही से लौट रहे थे तो उस ट्रक के पास इन्हें एक बड़ी गाड़ी ने



चकमा दे दिया। जिससे इनकी गाड़ी अनियंत्रित हो गई और डैम में जा गिरी।

**सौरव और संदीप ने किसी तरह बचाई जान :** जानकारी के मुताबिक हादसे में घायल दो लोग सौरव और संदीप किसी प्रकार से बोलेरो का शीशा तोड़ कर पानी के बाहर आए। वहीं राहुल और आशीष बोलेरो के अंदर ही दम तोड़ चुके थे। उन्होंने बताया कि ये दोनों किसी प्रकार से ऑटो पकड़कर सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचे। जहां संदीप का प्रारंभिक उपचार करने बाद घर भेज दिया गया। वहीं सौरव का इलाज अभी भी जारी है।

इधर जिस ट्रक की उक्त जगह पर दुर्घटना हुई थी, उसके चालक के मुताबिक बोलेरो काफी तेज रफ्तार में बरही की ओर से आ रही थी। बोलेरो की रफ्तार इतनी ज्यादा थी कि जवाहर घाटी में बने पुल पर लगे दो रेलिंग को तोड़ते हुए गाड़ी डैम में जा गिरी। उक्त चालक ने बताया कि उसमें से दो लोग डैम से बाहर आए और एक ऑटो पर बैठकर झुमरीतिलैया की ओर भागे।

**पुलिस ने क्रेन मंगवा कर निकाली गाड़ी :** इधर घटना की सूचना पाकर बरही के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी व बरही थाना प्रभारी घटनास्थल पर पहुंचे और क्रेन मंगवाकर डैम में डूबे बोलेरो को बाहर निकलवाया। वहीं डैम से राहुल सोनकर का शव भी बरामद किया गया। इधर राहुल का एक अन्य साथी आशीष का शव अभी डैम में ही होने की बात कही जा रही है। जिसकी तलाश फिलहाल जारी है। इधर सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ. विकास गौरव ने बताया कि सौरव की हालत नाजुक है, इसलिए उसे रांची के रिम्स रेफर किया गया है। चिकित्सकों के अनुसार सौरव को सुबह उसके एक मित्र ने घायल अवस्था में सदर अस्पताल में भर्ती कराय था।

## धनबाद से रवाना होगी भारत गौरव ट्रेन, कराएगी सात ज्योतिर्लिंग और द्वारका दर्शन

**झुमरीतिलैया (कोडरमा), एजेंसी।** भारतीय रेलवे की भारत गौरव पर्यटक ट्रेन अब झारखंड और बिहार के श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक यात्रा पर ले जाने के लिए तैयार है। धनबाद से 31 मई को रवाना होने वाली यह ट्रेन सात ज्योतिर्लिंगों द्वारकाधीश मंदिर और शिरडी दर्शन भी कराएगी। झुमरीतिलैया में आईआरसीटीसी ने प्रेस वार्ता आयोजित की, जिसमें रांची मंडल के डीजीएम जेएस सोरेंग, पर्यटन पदाधिकारी अरविंद कुमार चौधरी समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे।

इस यात्रा में श्रद्धालु उज्जैन में महाकालेश्वर व ओंकारेश्वर, द्वारका में नागेश्वर व द्वारिकाधीश मंदिर, सोमनाथ, शिरडी, नासिक में त्र्यंबकेश्वर, पुणे में भीमाशंकर और औरंगाबाद में घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग का दर्शन कर सकेंगे। कुल 12 रातों और 13 दिनों की इस यात्रा में धर्म, संस्कृति और श्रद्धा का संगम देखने को मिलेगा। भारत गौरव ट्रेन में स्लीपर श्रेणी में 23,575 प्रति व्यक्ति और वातानुकूलित 3-टियर श्रेणी में 39,990 रुपये प्रति व्यक्ति लगेंगे। इस राशि में आरामदायक रेल यात्रा, भोजन, स्थानीय परिवहन,



होटल में रात्रि विश्राम, दर्शन की व्यवस्था, टूर गाइड, यात्रा बीमा और आन-बोर्ड सुरक्षा शामिल है।

ट्रेन धनबाद से रवाना होकर हजारीबाग रोड, कोडरमा, गया, राजगीर, बिहारशरीफ, बख्तियारपुर, पटना, आरा, बक्सर, दिलदारनगर और पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेशनों से यात्रियों को लेगी, जिससे झारखंड और बिहार के श्रद्धालुओं को इस अनोखी यात्रा में भाग लेने का शानदार अवसर मिलेगा।आईआरसीटीसी की वेबसाइट या अधिकृत एजेंटों के माध्यम से की जा सकती है। प्रेस वार्ता में आईआरसीटीसी के वरिष्ठ अधिकारियों ने यात्रा की विशेषताओं, सुरक्षा व्यवस्था और सुविधाओं की जानकारी दी।

## सुभाषितम्

कलाकार प्रकृति का प्रेमी है अतः वह उसका दास भी है और स्वामी भी

- रवीन्द्रनाथ ठाकुर

## इस्तीफा या महाभियोग

देश की न्यायिक प्रणाली उस मोड़ पर खड़ी है, जहां नैतिकता, जवाबदेही और संवैधानिक मूल्यों की कसौटी पर हाईकोर्ट के एक वरिष्ठ न्यायाधीश का आचरण परखा जा रहा है। दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश यशवंत वर्मा के आवास पर भारी मात्रा में नकदी बरामद होने और उसके बाद शुरू हुई जांच ने न्यायपालिका की छवि पर गहरा असर डाला है। जब मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप कर उनसे इस्तीफा देने को कहा, तो यह स्पष्ट था, कि यह मामला सिर्फ कानूनी नहीं, नैतिक दृष्टि से न्यायपालिका के लिए गंभीर मामला है। न्यायमूर्ति वर्मा ने यह कहते हुए इस्तीफा देने से इनकार कर दिया कि यह उनके आत्मसम्मान के खिलाफ है। उनके खिलाफ साजिश रची गई है। यह बयान उस विश्वास को और चोट पहुंचाता है, जो देश की जनता न्यायपालिका पर भगवान के समान आस्था रखती है। जब आरोप इतने गंभीर हों, हाईकोर्ट के तीन मुख्य न्यायाधीशों की जांच समिति की रिपोर्ट भी आरोप की पुष्टि करे, तब यह तर्क कि ह्यवह साजिश है। एक जिम्मेदार संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के लिए अपर्याप्त कारण प्रतीत होता है। अब सवाल उठता है क्या न्यायमूर्ति वर्मा महाभियोग के जरिए हटाए जाएंगे, या अंतिम समय पर इस्तीफा देंगे? भारत का संविधान इस प्रक्रिया को स्पष्ट करता है। किसी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाना अत्यंत कठिन और दीर्घ कालीन प्रक्रिया है, जिसके लिए संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होती है। यह लोकतंत्र की मजबूती और न्यायपालिका की स्वायत्तता का प्रतीक है। ऐसे मामलों में यह प्रक्रिया विलंब का कारण भी बन जाती है। वहीं वर्तमान संदर्भ में दोषियों को संरक्षण देने का काम भी करती है। इस संकट के समय में हमें यह नहीं भूलना चाहिए, कि संविधान सर्वोपरि है। न्यायपालिका ही सर्वोच्च संस्था है जो संविधान के अनुसार गुण और दोष के आधार पर फैसला करती है। न्यायपालिका की सर्वोच्चता का अर्थ यह नहीं कि वह जवाबदेही से मुक्त है। एक न्यायाधीश का आचरण न केवल उसके पद के अनुरूप गरिमा तय करता है बल्कि पूरे न्यायिक तंत्र की विश्वसनीयता से जुड़ा हुआ होता है। आज देश की निगाहें इस घटनाक्रम पर हैं। अगर न्यायमूर्ति वर्मा स्वयं त्यागपत्र देकर उच्च नैतिक मानदंड स्थापित करते, तो यह एक उदाहरण बनता। यदि उन्होंने त्यागपत्र नहीं दिया, तो महाभियोग ही वह रास्ता है जो यह सिद्ध करेगा, भारत में कानून से ऊपर कोई नहीं है। यह अवसर है, न्यायपालिका के आत्ममंथन का, सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने न्यायपालिका की सर्वोच्चता को बरकरार रखने के लिए राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को कार्रवाई करने के लिए पत्र लिखा है। न्यायपालिका की जवाबदेही को मजबूत बनाए रखने के लिए संसद के पास यह मामला भेजा है। वह जज के मामले में उपयुक्त निर्णय लें। अगर न्याय के मंदिर को लेकर अविश्वास आ जाए, तो लोकतंत्र की नींव डगमगा सकती है। न्यायपालिका के प्रति आम नागरिकों की आस्था बनी रहे। विधायिका और कार्यपालिका के साथ-साथ न्यायपालिका भी अपना काम संविधान की भावना के अनुरूप आचरण करते हुये संविधान के नैतिक सिद्धांतों के आधार पर निर्णय करेंगे, तभी संविधान की रक्षा हो सकेगी। न्यायपालिका ने यह कार्यवाही कर साबित कर दिया है, न्यायपालिका की भी जवाबदेही संविधान के प्रति है। उसे भी संविधान के अनुसार अपने अधिकारों और कर्तव्यों के साथ कार्य करना होता है। न्यायाधीश यदि अपने पद और अधिकारों का दुरुपयोग करते हैं, तो वह भी दंडित होने के पात्र हैं। सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश 13 मई को सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं। उसके पहले उन्होंने राष्ट्रपति को पत्र भेजकर अपने संवैधानिक दायित्व को पूरा किया है। उन्होंने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा पर उपयुक्त कार्यवाही करने के लिए लिखा है। निश्चित रूप से इससे न्यायपालिका की साख बनी रहेगी। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजों की सर्वोच्चता को बनाए रखने के लिए यह जरूरी था। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के जज संविधान के न्याय सिद्धांतों के आधार पर बिना किसी दबाव, बिना किसी भय और लालच के न्याय कर सकें। संविधान ने जो दायित्व न्यायपालिका को सौंपा है, उसके अनुसार नागरिकों के मूल अधिकारों को संरक्षित कर पाएंगे, यह आशा की जाती है।

## चिंतन-मनन

### श्रम रहित परिश्रम

महर्षि वेदव्यास किसी नगर से गुजर रहे थे। उन्होंने एक कीड़े को तेजी से भागते हुए देखा। मन में सवाल उठा- एक छोटा सा कीड़ा इतनी तेजी से क्यों भागा जा रहा है? उन्होंने कीड़े से पूछा- ऐ क्षुद्र जंतु! तुम इतनी तेजी से कहां जा रहे हो? कीड़ा बोला- हे महर्षि, आप तो इतने ज्ञानी हैं, यहां क्षुद्र कौन और महान कौन? क्या इनकी सही-सही परिभाषा संभव है? महर्षि सकपकाए। फिर सवाल किया- अच्छा बताओ कि तुम इतनी तेजी से कहां भागे जा रहे हो? इस पर कीड़े ने कहा-अरे! मैं तो अपनी जान बचाने के लिए भाग रहा हूं। देख नहीं रहे कि पीछे कितनी तेजी से बैलगाड़ी चली आ रही है। कीडे के उत्तर ने महर्षि को फिर चौंकाया। वह बोले- पर तुम तो इस कीट योनि में पड़े हो। यदि मर गए तो तुम्हें दूसरा और अच्छा शरीर मिलेगा। इस पर कीड़ा बोला- महर्षि! मैं तो कीड़े की योनि में रहकर कीड़े का आचरण कर रहा हूं, पर ऐसे प्राणी बहुत हैं जिन्हें विधाता ने शरीर तो मनुष्य का दिया है, पर वे मुझ कीड़े से भी गया-गुजरा आचरण कर रहे हैं। महर्षि उस नन्हे से जीव के कथन पर सोचते रहे, फिर उन्होंने उससे कहा- चलो, हम तुम्हारी सहायता कर देते हैं। कीड़े ने पूछा- किस तरह की सहायता? महर्षि बोले-तुम्हें उठाकर मैं आने वाली बैलगाड़ी से दूर पहुंचा देता हूं। इस पर कीड़े ने कहा- धन्यवाद! श्रम रहित पराश्रित जीवन विकास के सारे द्वार बंद कर देता है। मुझे स्वयं ही संघर्ष करने दीजिए। महर्षि को कोई जवाब न सूझा।

# सत्य, भक्ति और संवाद के अग्रदूत देवर्षि नारद

**-योगेश कुमार गोयल**

नारद मुनि की छवि को एक चुगलखोर अर्थात इधर की उधर करने वाले और आपस में भिड़ाकर क्लेश कराने वाले पौराणिक चरित्र के रूप में गढ़ दिया गया है लेकिन वास्तव में उनका प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक भक्त की पुकार भगवान तक पहुंचाना ही परिलक्षित होता रहा है। वे एक लोक से दूसरे लोक में भ्रमण करते हुए संवाद-संकलन का कार्य कर एक सक्रिय एवं सार्थक संवाददाता की भूमिका निभाते रहे हैं। संवाद के माध्यम से वे तोड़ने का नहीं बल्कि जोड़ने का कार्य करते हैं और पत्रकारिता के प्रथम पितृ पुरूष हैं। देवताओं के ऋषि होने के साथ-साथ वे ब्रह्माण्ड के प्रथम दिव्य पत्रकार के रूप में लोकमंडल के संवाददाता हैं। उन्हें देवताओं का दिव्य दूत और संचार का अग्रणी साधक माना गया है। उन्हें ब्रह्माण्ड का पहला ऐसा संदेशवाहक अर्थात पत्रकार माना जाता है, जो एक लोक से दूसरे लोक की परिक्रमा करते हुए सूचनाओं का आदान-प्रदान किया करते थे।

मान्यता है कि देवर्षि नारद का जन्म ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा के दिन हुआ था। इसीलिए प्रतिवर्ष इसी दिन नारद जयंती मनाई जाती है, जो इस वर्ष 13 मई को मनाई जा रही है। इस दिन भगवान विष्णु तथा माता लक्ष्मी का पूजन करने के पश्चात देवर्षि नारद की पूजा की जाती है।



अपनी वीणा की मधुर तान से भगवान विष्णु का गुणगान करने और अपने श्रीमुख से सदैव नारायण-नारायण का जप करते हुए विचरण करने वाले नारद को महर्षि व्यास, महर्षि वाल्मीकि तथा महाज्ञानी शुकदेव का गुरू माना जाता है। कुछ शास्त्रों में नारद मुनि को त्रिकालदर्शी और विष्णु का अवतार भी माना गया है। श्रीमद्भागवद्पुराण के अनुसार सृष्टि में भगवान विष्णु ने देवर्षि नारद के रूप में तीसरा अवतार ग्रहण किया है। कुछ स्थानों पर उनका वर्णन बृहस्पति के शिष्य के रूप में भी मिलता है।

धार्मिक पुराणों के अनुसार अनेक कलाओं तथा विद्याओं में निपुण देवर्षि नारद को संगीत की शिक्षा ब्रह्माजी ने स्वयं दी थी और भगवान विष्णु ने उन्हें माया के विविध रूप समझाए थे। मान्यता है कि देवर्षि नारद ने ही भक्त प्रह्लाद, भक्त अम्बरीष, भक्त ध्रुव इत्यादि भगवान विष्णु के कई परम भक्तों को उपदेश देकर उन्हें भक्ति मार्ग में प्रवृत्त किया था। उन्होंने ही भृगु कन्या लक्ष्मी का विवाह भगवान विष्णु के साथ कराया। देवराज इन्द्र को समझा-बुझाकर देव नर्तकी उर्वशी का पुरुरवा के साथ परिणय सूत्र कराया। इसके अलावा वे कई अत्याचारी महाराक्षसों द्वारा जनता के उत्पीड़न का वृत्तांत भगवान तक पहुंचाकर उनके विनाश का माध्यम भी बने। महर्षि वाल्मीकि को रामायण की रचना करने के लिए प्रेरित किया। यही कारण है कि समस्त युगों, कालों, विधाओं और वर्गों में सम्मान के पात्र रहे नारद जी को सभी लोकों के समाचारों की जानकारी रखने वाले कवि, मेधावी नीतिज्ञ तथा एक प्रभावशाली वक्ता के रूप में स्मरण किया जाता है।

जन-जन के हितकारी देवर्षि नारद किस प्रकार धरती पर विभिन्न प्राणियों को दुखी देखकर स्वयं भी दुखी हो जाया करते थे, इसका उल्लेख भी एक पौराणिक कथा में मिलता है। कथानुसार, एक बार देवर्षि नारद ने बैकुंठधाम जाकर भगवान विष्णु से निवेदन किया कि वे पृथ्वी पर लोगों को दुखी देखकर खुद बहुत दुखी हैं क्योंकि वहां धर्म के रास्ते पर चलने वाले लोगों का नहीं बल्कि गलत कार्य करने वालों का ही भला होता है। भगवान विष्णु ने कहा कि हे नारद! ऐसा नहीं है और जो कुछ भी हो रहा है, सब नियति के जरिये ही हो रहा है। उन्होंने पूछा कि आखिर ऐसा आपने क्या देख लिया, जिसके आधार पर आप यह कह रहे हैं तब देवर्षि ने कहा कि उन्होंने जंगल में दलदली जमीन में फंसी एक गाय देखी। एक चोर वहां आया और गाय को दलदल में फंसी देखकर भी उसकी कोई मदद करने के बजाय वह उसी पर चढ़कर दलदल लांघकर निकल गया, जिसे आगे जाकर सोने की मोहरों से भरी एक थैली मिली। कुछ पलों बाद वहां एक वृद्ध साधु आए, जिन्होंने काफी प्रयासों के बाद गाय को दलदल से बाहर निकाल दिया लेकिन थोड़ा आगे जाने पर वही साधु एक गहरे गड्ढ़े में गिरकर घायल हो गए। आखिर यह कौनसा न्याय है? देवर्षि की बातें सुनने के पश्चात भगवान विष्णु ने कहा कि जो चोर गाय पर चढ़कर भाग गया था, उसकी किस्मत में तो एक बड़ा खजाना था लेकिन उसके इस पाप के कारण उसे केवल कुछ ही मोहरें मिली जबकि साधु को गड्ढ़े में इसलिए गिरना पड़ा क्योंकि उनके भाग्य में मृत्यु लिखी थी लेकिन गाय को बचाने के कारण उनके पुण्य बढ़ गए और उनकी मृत्यु एक छोटी सी चोट में बदल गई। भगवान विष्णु ने उन्हें समझाते हुए कहा कि किसी भी इंसान के कर्म से ही उसका भाग्य तय होता है।

सद्गुणों के अथाह भंडार और समस्त शास्त्रों में प्रवीण देवर्षि नारद को शास्त्रों में मन का ऐसा भगवान कहा गया है, जो किसी भी होनी-अनहोनी को समय रहते पहचान लेते हैं। उन्हें वेदों और उपनिषदों का मर्मज्ञ, न्याय तथा धर्म का तत्वज्ञ, शास्त्रों का प्रकांड विद्वान, इतिहास व पुराण विशेषज्ञ, औषधि ज्ञाता, योगनिष्ठ, ज्योतिष एवं संगीत विशारद, भक्ति रस का प्रमुख तथा अतीत की बातों को जानने वाला माना गया है। वे एक ऐसे पौराणिक चरित्र हैं, जो तत्वज्ञान में परिपूर्ण हैं। पच्चीस हजार श्लोकों वाला प्रसिद्ध ह्यनारद पुराणह्ण देवर्षि द्वारा ही रचा गया है, जिसमें उन्होंने भगवान विष्णु की भक्ति महिमा के साथ-साथ मोक्ष, धर्म, संगीत, ब्रह्मज्ञान, प्रायश्चित इत्यादि कई विषयों की मीमांसा प्रस्तुत की है। इसके अलावा संगीत का एक उत्कृष्ट ग्रंथ नारद संहिता भी है।

# संघर्ष विराम महज एक रणनीतिक विश्राम

**-कर्ण**



भारत और पाकिस्तान गत शनिवार शाम को अमेरिका की मध्यस्थता के दावों के बीच तत्काल प्रभाव से संघर्ष विराम के लिए सहमत होते दिखे। दोनों ही देश एक-दूसरे के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए तैयार हुए। हालांकि संघर्ष विराम की घोषणा के 3 घंटे भी नहीं बीते थे कि पाकिस्तान की तरफ से इसके उल्लंघन की खबर मिली। इधर भारतीय वायुसेना ने भी अब अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से यह जानकारी दी है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है और सही समय पर इसकी विस्तृत जानकारी दी जाएगी। कुल मिलाकर वर्तमान स्थिति यह है कि शनिवार की रात 11 बजे के बाद नियंत्रण रेखा समेत अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर करीब-करीब शांति की स्थिति है। पाकिस्तान के धोखा और कपट से पूर्ण इतिहास को देखते हुए भारत इस बार पूरी तरह से सतर्क है। उम्मीद की जानी चाहिए कि आगामी 12 तारीख को जब भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ स्तर के अधिकारी मिलेंगे, तब किसी स्थायी शांति के समझौते पर आगे बढ़ा जाएगा। संघर्ष की पृष्ठभूमि में यहां हम देश और दुनिया भर में उठ रहे दो ज्वलंत प्रश्नों पर विचार करेंगे। पहला, ऑपरेशन सिंदूर से भारत को क्या हासिल हुआ? दूसरा, संघर्ष में जब भारत स्पष्ट बढ़त बनाए हुए था, तब वह इसे तत्काल प्रभाव से रोक देने के लिए तैयार आखिर क्यों हुआ? कुछ रक्षा विशेषज्ञ इस बात पर हैरानी जता रहे हैं कि आखिर इस समय जब भारत युद्ध को डोमिनेट कर रहा था, उसे अपने कदम रोकने की आवश्यकता क्यों पड़ गई? पहले प्रश्न का उत्तर यह है कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के प्रथम चरण में ही पाकिस्तान और पीओके में मौजूद 9 उच्च मूल्य के आतंकवादी लॉन्च पैड्स को नष्ट किया। इन ठिकानों का संबंध लश्कर ए तैयबा, जैश ए मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन से था। ये ठिकाने भारत पर हमले की साजिश रचने के प्रमुख केंद्र माने जाते हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि हम केवल पीओके तक सीमित नहीं रहे, बल्कि पाकिस्तान के भीतर सैकड़ों किलोमीटर तक सफलतापूर्वक स्ट्राइक किए। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में भी प्रहार किया, जो पाकिस्तान की सेना का रणनीतिक गढ़ माना जाता है। बहावलपुर जैसे इलाकों में भारत ने कार्रवाई की, जहां अमेरिका तक ने ड्रोन भेजने से परहेज किया था। ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान की हवाई सुरक्षा की पोल भी खुल गई। भारतीय जांबाजों ने पाकिस्तान की एयर डिफेंस को या तो जाम कर दिया या उसे चकमा देकर आगे बढ़े। 6-7 मई की दरमियानी रात महज 23 मिनट में हुए सटीक हमले ने पाकिस्तान की हवाई सुरक्षा प्रणाली की कमजोरी को उजागर कर दिया। राफेल विमान से स्कैल्प मिसाइल और हैमर बमों की मदद से बिना अपना कोई नुकसान किये मिशन को अंजाम दिया गया। ऑपरेशन के दौरान भारत के मोस्ट वांटेड लिस्ट में शामिल कई आतंकवादियों सहित कम-से- कम 100 आतंकी मारे गए। इसी दौरान भारत के मजबूत एयर डिफेंस का लोहा भी दुनिया ने माना। उल्लेखनीय है कि लगभग शत प्रतिशत सफलता के साथ भारत ने पाकिस्तान के मिसाइल और ड्रोन हमलों को नाकाम कर दिया। दूसरी तरफ हारोप ड्रोन से लाहौर, कराची रावलपिंडी, चकवाल, बहावलपुर समेत पाकिस्तान के 9 शहरों के सैन्य ठिकानों पर विनाशकारी हमले किए गए। भारतीय वायुसेना के हमलों में पाकिस्तान के कुल 11 एयरबेस के तबाह होने की पुख्ता जानकारी है। पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमलों में भारत ने कंधार का हिसाब भी चुकता कर लिया है। कंधार विमान अपहरण कांड का मुख्य सूत्रधार अब्दुल रउफ असगर मारा गया। रउफ असगर जैश का ऑपरेशन प्रमुख होने के साथ ही मसूद अजहर का भाई भी था। मसूद अजहर ने खुद ही अपने परिवार के 10 सदस्यों और चार करीबियों की मौत की पुष्टि की थी। इस पूरे ऑपरेशन का अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू यह है कि विपक्ष समेत भारत के सभी राजनीतिक दलों ने ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की और सरकार को पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई के लिए हर तरह से समर्थन दिया। अब हम संक्षेप में हम इस प्रश्न पर भी विचार कर लें कि संघर्ष में जब भारत स्पष्ट रूप से बढ़त बनाए हुए था, तब वह संघर्ष विराम के लिए तैयार क्यों हुआ? भारत तेजी से उभरती वैश्विक आर्थिक शक्ति है। ज्यादा समय नहीं जब वह जापान और जर्मनी जैसे देशों को पछाड़ कर तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। ऐसी स्थिति में एक दीर्घकालिक पूर्ण युद्ध में उलझना भारत के हित में नहीं। दूसरी तरफ चीन, जो कि अमेरिका के साथ व्यापारिक युद्ध में बुरी तरह से फंसा हुआ है और जहां से अनेक अमेरिकी और यूरोपीय मैन्युफैक्चरिंग कंपनियां अपने कारोबार को समेटने की तैयारी कर रही हैं, के लिए भारत का पाकिस्तान के साथ युद्ध जैसी किसी परिस्थिति में उलझना फायदे का सौदा हो सकता है। भारत के लिए यह सर्वथा उचित ही है कि वह ऐसी किसी योजना अथवा साजिश को सफल न होने दे। कहां जा सकता है कि संघर्ष विराम के लिए तात्कालिक तौर पर सहमत होकर भारत सरकार ने अपनी रणनीतिक कुशलता का ही परिचय दिया है। कुल मिलाकर ऑपरेशन सिंदूर न केवल भारत की मजबूत राजनीतिक और सैन्य इच्छाशक्ति का प्रदर्शन है, बल्कि इसके माध्यम से उसने यह संदेश भी दिया है कि भारत अब आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्यवाही से पीछे नहीं हटेगा।

(लेखक भू राजनीतिक मामलों के विशेषज्ञ हैं।)

## आजादी के बाद भी भारत में आतंकी माहौल

**-संजय गोस्वामी**

ऑपरेशन सिंदूर भारत के लिए जरुरी था भारत को अपनी रक्षा का पूर्ण अधिकार है लेकिन पाकिस्तान इसे युद्ध के रूप में घसीट रहा है सीजफायर का उल्लंघन करता है और धर्म के नाम पर आतंकवादी को ट्रेनिंग और हथियार देता है आज भारत की आजादी का 76 साल से अधिक हो गए आजादी का अमृत महोत्सव भी धूमधाम से मना लेकिन भारत जब आजाद हुआ तो जिन्ना के कारण भारत के एक औ टुकड़े हो गए और पाकिस्तान बना और वहीं पाकिस्तान आज आतंकवादी को प्रमोट करता है जबकी भारत शांति पूर्ण तरीके से जबाब देता है पाकिस्तान धर्म के नाम पर सभी आतंकी कुकर्मो को करता है और जिससे किसी ना किसी रूप में दोनों की आर्थिक स्तिथि कमजोर होती है जिसका फायदा चीन उठाता है अंग्रेजी हुकूमत में शहीद हुए लाहौर बम कांड में भगत सिंह राजगुरु व शुकदेव आजादी मिली पाकिस्तान को किंसी देश को विकसित कब माना जाता है? यह देश की समृद्धि, उसके लोगों की खुशहाली और अंतरराष्ट्रीय मंच पर उसकी स्थिति से तय होता है। और, कोई देश कितना समृद्ध है, यह उसके ह्यजीएनपीह्ण यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) से तय होता है। डीपी यानी कुल घरेलू उत्पाद, भुगतान संतुलन, विदेशी मुद्रा-मुद्रा भंडार, आर्थिक विकास दर, जीडीपी आदि। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय व्यापार (आयात और निर्यात दोनों) की मात्रा और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में उसकी हिस्सेदारी, इन दोनों में उसकी विकास दर भी उसकी आर्थिक स्थिति को दशार्ती है। अर्थव्यवस्था कितनी मजबूत है और क्या उसमें अर्जित धन को बनाए रखने और लगातार बढ़ाने की क्षमता है। आर्थिक संकेतक अपने आप में बहुत वजन रखते हैं, लेकिन कुछ चीजें छिप भी जाती हैं, जैसे देश के आम आदमी की गरीबी और कठिनाई की बात। हैदराबाद स्थित ह्यडीआरडीएलह्ण (सिक्योरिटी रिसर्च एंड डेवलपमेंट लेबोरेटरी) में अपने कार्यकाल के दौरान मैंने और राजन ने अपने अनुभवों पर खूब चर्चा की है और उन पर खूब सोचा है। वहाँ काम करते समय तीन व्यक्ति मेरे पास आए और वे मेरे लिए कुछ ऐसे प्रश्नों और समस्याओं के प्रतीक बन गए, जिनके उत्तर मैं लगातार ढूँढ़ने की कोशिश कर रहा था। पहला व्यक्ति विक्रांत था, जो दो बेटों और एक बेटी का पिता था। तीनों ही ग्रेजुएट थे और अच्छी नौकरी करते थे। उसी इलाके में कूप रहता था, जो तीन बेटों का पिता था। वह सिर्फ. एक बेटे को पढ़ा पाया और किराए के मकान में रहता था। कपिल दो बेटियों और एक बेटे का पिता था। उसकी नौकरी पार्ट टाइम थी। गरीब होने के कारण वह अपने किसी बच्चे को पढ़ा नहीं पाया। वह घर भी बदलता रहता था। क्या उसके लिए यह संभव नहीं था कि वह अपने बच्चों को असाधारण नहीं तो साधारण और औसत जीवन जिए? ताकि वे संपन्न लोग भरपूर जीवन जी सकें, ऐसे व्यवसाय से जुड़ सकें, जिससे उन्हें अच्छा स्वास्थ्य मिले, आरामदायक जीवन जीने का अवसर मिले। राष्ट्र की परिकल्पना राष्ट्र को सकारात्मक दिशा देकर और पीढ़ियों के निरंतर और लगनशील प्रयासों के आधार पर बनती है। एक पीढ़ी अपनी मेहनत का परिणाम अगली पीढ़ी को सौंपती है और वे इस मिशन को आगे बढ़ाते हैं।

## आज का राशिफल

**मेष** आज बेहतर होगा कि आप अपने काम में ज्यादा ध्यान दें, इससे आपका करियर सही दिशा में जा सकता है।

**वृषभ** आज दिन भर काफी बिजी शेड्यूल रहेगा। शाम तक अच्छी खबरें मिलेंगी और आप फायदे में भी रहेंगे।

**मिथुन** दिन उत्साह से भरा दिन रहेगा। आज आपको करियर से जुड़ी ऐसी खबर मिल सकती है।

**कर्क** आज दिन स्पेशल साबित हो सकता है। किसी एक ही तरकीब पर काम करना काफी रहेगा।

**सिंह** आज दिन बहुत अच्छा बीतेगा। दिल में कोई बात या नया आइडिया हो, तो फौरन आगे बढ़ें।

**कन्या** दिन काफी बिजी कर देने वाला होगा। कार्यस्थल पर दिमाग से किए गए काम का फायदा होगा।

**तुला** आज आपको दिन के पहले हिस्से मे फोन कॉल्स के जरिए आज कोई खुशखबरी मिलेगी।

**वृश्चिक** मेहनत कुछ ज्यादा ही करनी होगी। शाम तक बिजनेस में मुनाफे के कई मौके आएंगे।

**धनु** आपका समय अच्छा है इसका पूरा फायदा उठाएं। ऑफिस में साथियों से बहस में न उलझें।

**मकर** किसी से अनबन न हो, इस बात का ध्यान रखें। कामकाज में आपकी स्थितियां बेहतर होंगी।

**कुंभ** ऑफिस में अपने साथियों के साथ मिलकर काम करने से अच्छे रिजल्ट मिलेंगे।

**मीन** आज का दिन काफी धीमा हो सकता है। धीरे-धीरे आगे बढ़ने से ही फायदा हो सकता है।

## विशेष

### भारत-पाक सीजफायर से पोप लियो भी खुश

वेटिकन सिटी के नव निर्वाचित पोप लियो-14 ने पहले रविवार के संदेश में भारत और पाकिस्तान को महत्व दिया और सीजफायर का स्वागत करते हुए कहा कि वह ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं कि वह दुनियां को शांति का चमत्कार प्रदान करें। उन्होंने कहा कि उन्हें यह जानकार खुशी हुई और उम्मीद है कि बातचीत से परमाणु संपन्न पड़ोसी देशों के बीच एक स्थायी समझौता हो सकेगा। उन्होंने आगे कहा कि वे ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वह दुनिया को शांति का चमत्कार प्रदान करें। इस संदेश के बाद सभी यही कह रहे हैं कि सही मायने में कोई भी धर्म या संत समाज कभी भी जीवमात्र को हानि पहुंचाने को सही नहीं ठहराते हैं।

### रहीम यार खान एयरबेस की तबाही से आशय

भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर होने के बाद यह बतलाया जा रहा है कि किसने किसका कितना नुक्सान किया। इसी कड़ी में बताया गया कि भारत द्वारा पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 7 मई को लॉन्च किए गए ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान का रहीम यार खान एयरबेस बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ है। यही कारण है कि पाकिस्तान ने इसे 8 दिन के लिए नॉन-ऑपरेशनल घोषित कर दिया है और इस पर वर्क इन प्रोग्रेस का बोर्ड भी लगा दिया गया है। दरअसल यहां भारत की जवाबी कार्रवाई में एयरबेस के रनवे पर बड़ा गड्ढा बन गया।

## कार्टून कोना





## आज का इतिहास

1503 स्पेनी फौजे फ्रांसिसियों को पराजित कर नेपल्स पहुंची. 1648 दिल्ली का लाल किला बनकर पूरा हुआ. 1809 फ्रांस ने विएना पर कब्जा किया. 1830 इक्वाडोर गणराज्य बना. 1888 ब्राजील की संसद ने दास प्रथा समाप्त करने का प्रस्ताव पारित किया. 1968 अमरीका और उत्तर वियतनाम के बीच शांति वार्ता पेरिस में शुरू हुई. 1969 मलेशिया में दंगो में एक सौ से अधिक लोग मारे गए. 1972 ओसाका, जापान में नाइट क्लब में लगी आग से 116 लोगों की मृत्यु. 1992 अमरीकी अंतरिक्ष शटल इंडेवर के तीन अंतरिक्ष यात्री ने अंतरिक्ष में तैरकर इनसैट-6 की मरम्मत की.1993 एजर बिजमेन ने इजरायल के राष्ट्रपति पद की शपथ ली. 1996 बंगलादेश में समुद्री तूफान से छह सौ से अधिक लोग मारे गए. 1999 पेरू और इक्वाडोर का सीमा विवाद हल हुआ.

## दैनिक पंचांग

**15 मई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 05.30 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | मिथुन | 07.28 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 09.41 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 11.57 बजे से |
| गुरु | वृष में | कन्या | 14.09 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 16.20 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 18.35 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 20.51 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 22.56 बजे से |
| राहुकाल | | कुंभ | 00.42 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | मीन | 02.15 बजे से |
| बजे तक | | मेष | 03.46 बजे से |

2025 वर्ष का 133 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946
**मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** प्रतिपदा 00.36 बजे रात्र को समाप्त।
**नक्षत्र** विशाखा 09.09 बजे को समाप्त।
**योग** वरीयान 05.53 बजे को समाप्त।
**करण** बालव 11.33 बजे तदनन्तर कौलव 00.36 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 15.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 18° 24'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872343
**जूलियन दिन** 2460808.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्काद **तारीख** 14
**विशेष** नारद जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर हैं अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore



# एक्यूपंचर चिकित्सा के क्षेत्र में बढ़ाएं कदम

**एक्यूपंचर में डिग्री हासिल करने के बाद आप इस क्षेत्र में कदम बढ़ा सकते हैं। इस क्षेत्र में उचित प्रशिक्षण व अनुभव की आवश्यकता होती है। इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए आप बारहवीं के बाद एक वर्ष के डिप्लोमा कोर्स से लेकर तीन वर्षीय डिग्री प्राप्त कर सकते हैं।**

चीन से उत्पन्न हुआ एक्यूपंचर चिकित्सा विज्ञान का इस्तेमाल आज पूरे विश्व में किया जाता है। एक्यूपंचर को नीडलिंग थेरेपी भी कहा जाता है। इस चिकित्सा थेरेपी के दौरान विशिष्ट बिंदुओं पर बहुत बारीक सुइयों का इस्तेमाल करके दर्द या बीमारी का इलाज किया जाता है। एक्यूपंक्चर इस सिद्धांत पर आधारित है कि ऊर्जा, जिसे ची भी कहा जाता है, शरीर में और आसपास के मार्ग से बहती है। लेकिन व्यक्ति को बीमारी तब होती है, जब यह ऊर्जा या ची ब्लॉक हो जाती है। एक्यूपंक्चर प्रक्रिया ची को अनब्लॉक या प्रभावित करने और वापस संतुलन में लाने में मदद करने का एक तरीका है। इन दिनों पूरे विश्व में जब लोग वैकल्पिक चिकित्सा का रूख कर रहे हैं तो ऐसे में एक्यूपंचर को बेहद प्रभावी माना जा रहा है। अगर आप चाहें तो इस क्षेत्र में अपना सुखद भविष्य देख सकते हैं

## स्किल्स

एक्यूपंचर में अपना भविष्य देख रहे छात्रों में वैकल्पिक चिकित्सा और हॉलिस्टिक हीलिंग प्रॉपर्टीज में गहरी रूचि होनी चाहिए। इसके अलावा, आपमें बेहतरीन इंटरपर्सनल, कम्युनिकेशनल व लिसनिंग स्किल्स होने चाहिए। साथ ही आपमें संवेदनशीलता और पेंशेट की समस्या को समझने की गहरी समझ होनी चाहिए। धैर्य, सेल्फ अवेयरनेस और इमोशनल स्टेबिलिटी भी एक एक्यूपंचर स्पेशलिस्ट के लिए जरूरी है।

## योग्यता

एक्यूपंचर में डिग्री हासिल करने के बाद आप इस क्षेत्र में कदम बढ़ा सकते हैं। इस क्षेत्र में उचित प्रशिक्षण व अनुभव की आवश्यकता होती है। इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए आप बारहवीं के बाद एक वर्ष के डिप्लोमा कोर्स से लेकर तीन वर्षीय डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा ग्रेजुएशन के बाद आप दो वर्ष का मास्टर कोर्स भी कर सकते हैं। एक्यूपंक्चर पाठ्यक्रम में छात्रों को एक्यूपंक्चर के विभिन्न पहलुओं जैसे शरीर के एक्यूपंक्चर बिंदुओं, एक्यूपंक्चर के फंडामेंटल, एक्यूपंक्चर मेरिडियन्स, फाइव एलिमेंट थ्योरी, एंसिलियरी एक्यूपंक्चर, क्लासिकल एक्यूपंक्चर, एप्लाइड एक्यूपंक्चर, इतिहास और पारंपरिक चीनी दवा (टीसीएल) के बारे में सिखाते हैं।

## संभावनाएं

एक एक्यूपंचर स्पेशलिस्ट क्लीनिक, जिम, हेल्थ सेंटर्स, रिहैबिलेशन सेंटर्स, रिकवरी केयर यूनिट्स और मनोरोग वार्ड में काम कर सकते हैं। इसके अलावा, आप इस क्षेत्र में रिसर्च कर सकते हैं और एक्यूपंचर कोर्स संचालित करने वाली यूनिवर्सिटी व इंस्टीट्यूट में बतौर शिक्षक काम कर सकते हैं। इतना ही नहीं, आप स्वतंत्र निजी चिकित्सक के रूप में भी काम कर सकते हैं। इस क्षेत्र में स्वरोजगार बेहद आम है।




# एनर्जी मैनेजमेंट में आगे बढ़ने का अवसर

ऊर्जा संकट आज पूरे विश्व की समस्या है। परंपरागत ऊर्जा पर निर्भरता के दुष्परिणाम बेमौसम बारिश, बाढ़, प्रदूषण, ग्लोबल वॉर्मिंग जैसी समस्याओं के रूप में हमारे सामने हैं। ऐसे में बीते कुछ वर्षों में क्लीन एनर्जी का महत्व काफी बढ़ा है। भारत भी ऊर्जा की अपनी भारी-भरकम जरूरतों को पूरा करने के लिए ऊर्जा के अतिरिक्त स्रोतों यानी वैकल्पिक ऊर्जा, जैसे सोलर एनर्जी, विंड एनर्जी, बायो एनर्जी या हाइड्रो एनर्जी पर ज्यादा फोकस कर रहा है। विभिन्न ऊर्जा स्रोतों के कुशल इस्तेमाल पर भी जोर दिया जा रहा है, जिसमें एनर्जी एफिशिएंट बिल्डिंग डिजाइन, रिस्क असेसमेंट, टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट, मैनेजरियल स्किल्स जैसी कोशिशें शामिल हैं। यही कारण है कि नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में एनर्जी मैनेजमेंट के ट्रेंड प्रोफेशनल्स की मांग तेजी से बढ़ रही है। देश में अभी तक सौर तथा पवन ऊर्जा क्षेत्र में करीब 70 हजार लोगों को फुल-टाइम जॉब मिल चुकी हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि वर्ष 2025 तक उत्पादन क्षमता लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश में करीब 1,83,500 फुल-टाइम नौकरियों के अवसर और पैदा होंगे।

### क्या है एनर्जी मैनेजमेंट?

एनर्जी मैनेजमेंट का महत्व आजकल सभी प्रतिष्ठानों में है। यह एक उभरता हुआ क्षेत्र है, जिसके अंतर्गत ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, ऑपरेशन, फाइनेंस, मार्केटिंग तथा स्ट्रैटेजिक मैनेजमेंट जैसे मैनेजेरियल वर्क एरिया शामिल हैं। ऐसे ट्रेंड प्रोफेशनल आम तौर पर एनर्जी कॉरपोरेशंस के मैनेजमेंट में बड़ी भूमिका निभाते हैं।

### तरक्की की संभावनाएं

क्लीन एनर्जी इंडस्ट्री भले ही अभी शुरूआती दौर में है लेकिन यहां युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर करियर की संभावनाएं मौजूद हैं। बीते 4 वर्षों में सौर ऊर्जा का बाजार सौ गुना से भी ज्यादा तेज गति से आगे बढ़ा है। सोलर पावर उत्पादन क्षमता, जो अभी 20 गीगावॉट्स है, उसे वर्ष 2025 तक बढ़ाकर 100 गीगावॉट्स तक करने का लक्ष्य है। सोलर सेक्टर में निवेश भी बीते तीन वर्षों के करीब 8 बिलियन डॉलर के मुकाबले वर्ष 2023 में 10.9 बिलियन डॉलर तक हुआ। पवन ऊर्जा उत्पादन में भारत दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा उत्पादक देश बन चुका है। इस ऊर्जा उत्पादन को भी अगले 6 वर्षों में 60 गीगावॉट्स तक पहुंचाने का लक्ष्य है। ये दोनों नए सेक्टर सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल हैं। ऐसे में आगे के वर्षों में देश की ऊर्जा जरूरतें पूरी होने के साथ-साथ एनर्जी मैनेजमेंट, मैन्युफैक्चरिंग, ट्रेडिंग, सर्विसिंग, इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी व सोशल एंटरप्रेन्योरशिप जैसे क्षेत्रों में रोजगार के अवसर और बढ़ेंगे।

### कोर्स व क्वॉलिफिकेशन

देश के कई विश्वविद्यालय अलग-अलग नामों से पोस्ट ग्रेजुएट स्तर पर रिन्यूएबल एनर्जी मैनेजमेंट या एनर्जी स्टडीज से जुड़े कोर्स ऑफर कर रहे हैं। इस तरह के कोर्स में बीटेक, बीई या एमएससी फिजिक्स के विद्यार्थी दाखिला ले सकते हैं। कई बिजनेस संस्थानों में एनर्जी मैनेजमेंट या पावर मैनेजमेंट जैसे एमबीए कोर्स भी ऑफर किए जा रहे हैं, जिन्हें ग्रेजुएशन के बाद किया जा सकता है।

### सैलरी कितनी?

रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में डिप्लोमाधारी युवाओं को शुरूआत में ही 10 से 15 हजार रूपए की सैलरी आसानी से मिल जाती है। वहीं, हाई क्वॉलिफाइड टेक प्रोफेशनल्स को शुरू में 5 से 6 लाख रुपए का वार्षिक पैकेज मिल सकता है।

### जॉब के अवसर

रिन्यूएबल एनर्जी एंड मैनेजमेंट सेक्टर से संबंधित सभी सरकारी व निजी उद्योगों में करियर के तमाम विकल्प मौजूद हैं। एनर्जी मैनेजमेंट के क्षेत्र में स्पेशलाइजेशन के बाद युवा पावर डिस्ट्रिब्यूशन, ऑइल मार्केटिंग, पावर जनरेशन, ऑइल एक्सप्लोरिंग, पावर ट्रांसमिशन, एनर्जी पावर इंफ्रास्ट्रक्चर मैन्युफैक्चरिंग/ फाइनेंसिंग, एनर्जी सेक्टर, कंसल्टिंग सर्विसेज, सरकारी एजेंसियों यानी सोलर एनर्जी सेंटर, विंड एनर्जी टेक्नोलॉजी सेंटर, हाइड्रो एनर्जी सेंटर, इंडियन रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी, ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी के अलावा एनजीओ में करियर बना सकते हैं। रिसर्च में रुचि रखने वाले युवा इनोवेशन से जुड़ सकते हैं। बायोटेक्नोलॉजी की पृष्ठभूमि वाले युवाओं के लिए बायोफ्यूल तथा बायो पॉलिमर्स के क्षेत्र में बहुत संभावनाएं हैं। इंजीनियर्स इस सेक्टर में मशीन व उपकरणों के निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं।

# गेट परीक्षा पास करने के बाद इन क्षेत्रों में है बेहतर करियर

**किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में भाग लेने से पहले हमें यह प्रश्न पूछना चाहिए कि यह परीक्षा भविष्य में हमें किन-किन रूपों में मदद करेगी। अगर आप गेट की परीक्षा में भी भाग लेने की सोच रहे हैं तो सबसे पहले जान लीजिए कि इस परीक्षा को पास करने के बाद आप किन क्षेत्रों में अपना करियर बना सकते हैं। ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग एक राष्ट्रीय स्तर पर कंडक्ट कराया जाने वाला एग्जाम है जो इंजीनियरिंग के क्षेत्र में ग्रेजुएट छात्रों के लिए आयोजित की जाती है।**

### एमटेक

गेट परीक्षा में क्वालीफाई होने के बाद आप सीधे देश के सात आईआईटी या प्राइवेट संस्थानों में M. Tech के लिए आवेदन कर सकते हैं। यह सबसे कॉमन प्रवेश द्वार है जिसकी तलाश हर इंजीनियर करता है। एक अच्छे गेट स्कोर (GATE Score) के साथ, आप देश के टॉप इंजीनियरिंग संस्थानों में एम.टेक, स्टाइपेंड और विभिन्न एकेडमिक लाभों के लिए योग्य होंगे।

### पीएसयू में नौकरी

आज, कई पीएसयू अच्छे गेट स्कोर वाले उम्मीदवारों को नियुक्त करते हैं। बीएचईएल, आईओसीएल, ओएनजीसी, एनटीपीसी आदि जैसे 200 से अधिक पीएसयू, इंजीनियरिंग उम्मीदवारों की भर्ती के लिए गेट स्कोर को बेहतर क्राइटेरिया मानते हैं। जब आप गेट की परीक्षा को क्रैक करते हैं तो आपको सीधे सरकारी क्षेत्र की नौकरियां मिल सकती हैं।

### पीएचडी एडमिशन

इन दिनों एम.टेक योग्यता पीएचडी कार्यक्रमों के लिए चयनित होने के लिए अनिवार्य नहीं है, यदि आपके पास बीटेक डिग्री और अच्छा गेट स्कोर है तो आप सीधे पीएचडी कार्यक्रमों क लिए चुने जा सकते हैं। पीएचडी कार्यक्रमों के लिए एलिजिबल होने के लिए आपके पास एक बेहतर गेट स्कोर होना चाहिए और फिर रुचि वाले क्षेत्र में इंटरव्यू प्रोसेस के बाद पीएचडी में एडमिशन लिया जा सकता है।

### मैनेजमेंट में पीजी डिप्लोमा

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग पोस्ट-ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट स्टडीज के तहत विभिन्न पाठ्यक्रम जैसे कि पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैन्युफैक्चरिंग मैनेजमेंट, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन प्रोजेक्ट मैनेजमेंट प्रदान करता है। इन पाठ्यक्रमों में क्वालीफाई होने के लिए उम्मीदवारों के पास इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी ग्रेजुएशन स्तर पर 60% और उससे अधिक के साथ वैध गेट स्कोर होना चाहिए।





# थोड़े अभ्यास से आप भी बन सकते हैं सफल वक्ता

**पब्लिक स्पीकिंग एक कला है, जिसमें कुशल लोग जीवन में भी काफी तरक्की कर जाते हैं। नौकरी की दुनिया हो या बिजनेस या फिर अन्य कोई भी फील्ड, तरक्की करने के लिए मंच पर बोलने की कला आनी चाहिए। आप देखते होंगे कि आज के दौर में सफल राजनेता हों या कॉरपोरेट हैड, वे बहुत अच्छे वक्ता भी होते हैं।**

### डर को करें दूर

अक्सर देखा जाता है कि इंट्रोवर्ट लोगों को जब ऑफिस में या किसी प्रोग्राम में लोगों की भीड़ के सामने बोलना पड़ता है, तो वे कांपने लगते हैं और उनकी जुबान लड़खड़ाने लगती है। ऐसा किसी के साथ भी हो सकता है। सबसे पहले आपको इस मामले में मन में आने वाले किसी भी तरह के डर को दूर करना होगा और इस बात पर ध्यान देना होगा कि प्रभावी तरीके से भाषण कैसे दिया जाए। यह जरूरी नहीं कि आप किसी प्रभावी वक्ता की तरह भाषण दे सकते हों लेकिन आपको आत्मविश्वास के साथ अपनी बात प्रभावी तरीके से कहने की कला आनी चाहिए। जो लोग मंच पर बहुत प्रभावी तरीके से भाषण दे लेते हैं, वे कोई सुपरह्यूमन नहीं होते। वे तो बस, मेहनती लोग होते हैं और यह जानते हैं कि अपनी बात पर जोर कैसे दिया जाए। इसलिए सारी आशंकाओं को दूर करते हुए सबसे पहले यह भरोसा पैदा करें कि आप यह कर सकते हैं।

### तैयारी है महत्वपूर्ण

अपने भाषण की तैयारी इस तरह करें कि वह तार्किक प्रवाह वाला हो। उसे कहानियों, उदाहरणों आदि से ज्यादा से ज्यादा जीवंत बनाएं। तैयारी के लिए आप महान और अच्छे वक्ताओं के वीडियो देखें। स्पीच तैयार करने के बाद घर में ही जोर-जोर से बोलते हुए अभ्यास करें। ऐसा तब तक करें, जब तक कि आप इस बात से संतुष्ट नहीं हो जाते कि अब आप इसे प्रवाहमय तरीके से और आराम से लोगों के सामने बोल सकते हैं।

### अपने लुक पर करें गौर

यह ध्यान रहे कि भाषण देने के लिए आपके आत्मविश्वास को बढ़ाने में सबसे पहला योगदान आपके बाहरी लुक का होता है। जब आप अच्छे दिखेंगे, तो अंदर से भी अच्छा महसूस करेंगे। आपके कपड़े फॉर्मल हों या कैजुअल, वे आरामदायक होने चाहिए।

### देखें सकारात्मक पक्ष

इस बात पर विचार करें कि एक पब्लिक स्पीकर के रूप में आपके मजबूत और कमजोर पक्ष क्या हैं। आप जैसे हैं, उसी में बेहतर करने की कोशिश करें, अपने को वह न बनाएं जो आप नहीं हैं। जो आप बेहतर कर सकते हैं, उसी पर फोकस करें। आपके अंदर अच्छा सेंस ऑफ ह्यूमर हो सकता है, आप कहानियां सुनाने में माहिर हो सकते हैं या आप जटिल विचारों को टुकड़ों-टुकड़ों में बेहतर तरीके से पेश कर सकते हैं। खूबी कोई भी हो, उसका आपको फायदा उठाना चाहिए।

### श्रोताओं का रखें ध्यान


इस बात पर अच्छी तरह से विचार करें कि आपके श्रोता क्या सुनना चाहते हैं। आप उनको क्या संदेश देना चाहते हैं? उनकी कौन-सी समस्या सुलझा सकते हैं? उनकी कौन-सी जरूरत पूरी कर सकते हैं? इन बातों को ध्यान में रखते हुए वह सब कुछ अपने भाषण में रखने की कोशिश करें। आपके श्रोता आपका भाषण क्यों सुनें? इसकी कोई वजह तो होनी चाहिए। शुरुआत में ही अपने भाषण को उनसे जोड़ने का प्रयत्न करें।

### मुस्कराना न भूलें

मुस्कुराहट के साथ भाषण की शुरूआत करने से व्यक्ति खुश और सहज महसूस करता है। इसलिए भाषण से पहले एक बड़ी-सी स्माइल दें। कई लोग इसके जवाब में मुस्कुराएंगे, जिससे आप सहज होकर आत्मविश्वास से भरा महसूस करेंगे।

### जानकारी है जरूरी

आप यदि कुछ जानते नहीं हैं, तो उसके बारे में बोल नहीं सकते। इसलिए टॉपिक के बारे में ज्यादा से ज्यादा पढ़ें और अलग-अलग स्रोतों से जानकारी हासिल करें। इससे आपका दृष्टिकोण व्यापक होगा और आप अपनी बात को बुद्धिमत्ता से रख पाएंगे।



# पढ़ाई में मन कैसे लगाएं

बहुत से छात्र ऐसे होते है जिनका मन पढ़ाई मे नहीं लगता है और वे जब भी पढ़ने बैठते है तो उनका मन कहीं और ही जाने लगता है और उनके मन मे कई प्रकार के विचार आने लगते है। इस कारण वे अच्छे से पढ़ाई नहीं कर पाते है और उनको परीक्षा मे कम अंक ही प्राप्त हो पाते है अगर आपके साथ भी कुछ ऐसा ही होता है तो इस पोस्ट को आखिर तक पढ़ने के बाद आपकी यह परेशानी दूर हो सकती है। क्योंकि हम आपको पढ़ाई मे मन लगाने और आपकी रुचि कैसे बढ़ेगी पढ़ाई के प्रति इसके लिए कुछ महत्वपूर्ण टिप्स व उपाय बता रहे है।

### पढ़ाई मे अच्छे से ध्यान लगाएं

कुछ छात्र ऐसे होते है जो क्लास मे पढ़ाई के समय ध्यान नहीं देते है और बाद मे उन्हे कोई सवाल पूछा जाता है तो वे कहते है की समझ मे नहीं आया या फिर याद नहीं है तो आपको ऐसा बिलकुल भी नहीं करना है जब टीचर आपको पढ़ाई के लिए प्रेरित करें तो उनके द्वारा कहीं गई बातों को ध्यान से सुने और पढ़ाई मे मन लगाने का प्रयास करें ऐसे निरंतर करने से आपका मन पढ़ाई मे लग जाएगा और आपको पढ़ने की लत लग जाएगी।

### नकारात्मक सोच को दूर करें

आपको हमेशा खुद पर पूरा विश्वास करना है की आप कुछ भी कर सकते है सभी विषयो की पढ़ाई करके उन्हे याद भी रख सकते है दोस्तो जो हम सोचते है हम वे सब काम कर सकते है और आप कुछ भी कर सकते है यह वादा आपको अपने आप से करना है और सच्ची मेहनत के साथ पढ़ाई मे मन लगाना है और अपने अंदर के नकारात्मक सोच व विचारो को दूर करके टाइम टेबल के अनुसार पढ़ाई निरंतर करते रहना है।

### एकाग्रता बनाए रखे

दुनिया मे जो भी व्यक्ति सफल होते है वे अपनी एकाग्रता के कारण ही होते है इसलिए आप जब भी पढ़ाई करने जाए तो पूरी एकाग्रता के साथ अपने विषय पर ध्यान दे और उस टोपिक को पूरा क्लियर करने का प्रयास करें। पढ़ाई करते समय आपके मन मे और कोइर भी विचार नहीं आना चाहिए आपका पूरा फॉक्स पढ़ाई पर होना चाहिए।

### अनुभव का उपयोग करें

अनुभव पढ़ाई मे भी बहुत काम आता है इसलिए आप हमेशा पापने द्वारा व दूसरों के द्वारा की गई गलतियों से सीखते रहे और उन्हे दुवारा ना होने दे। आपकी पुस्तक मे आने वाले चित्रो से आप बहतू कुछ सीख सकते है और आसानी से याद भी कर सकते है। आप अपनी क्लास या फिर किसी भी अच्छे छात्र से प्रेरणा भी ले सकते है और सही तरीके से पढ़ाई कर सकते है और जीवन मे आगे बढ़ सकते है।

### पढ़ने का सही तरीका अपनाएं

दोस्तो आपको बता दे की पढ़ाई करने के बहुत से तरीके है लेकिन सबसे सही तरीका जो आपके अंदर आलस को दूर करता है आपका ध्यान पढ़ाई मे अधिक से अधिक लगता है वो है कुर्सी और टेबल पर ही पढ़ाई करनी चाहिए इस तरीको को अपनाते समय आपको थोड़े दिनो तक अलग सा लग सकते है लेकिन जब आप रेगुलर इस प्रकार पढ़ाई करेंगे तो आपकी रुचि अपने आप पढ़ाई के प्रति बढ़ती चली जाएगी और आप पढ़ाई मे होशियार बनते चले जाएंगे।

### ऐसे बनाएं पढ़ाई की समय सारणी

आपको हमेशा और रेगुलर अच्छी पढ़ाई के लिए समय सारणी बनानी बहुत जरूरी है और इसका सभी तरीके से पालन करने से आप कभी भी पढ़ाई मे पीछे नहीं रहेंगे तो आइये जानते है पढ़ाई की समय सारणी कैसे बनाए। सभी भी आप अपनी पढ़ाई के लिए समय निर्धारित करें तो आपको सभी विषयो के लिए रोजाना टाइम निकालकर पढ़ाई करना है और आपको पढ़ाई करते समय हर 45 से 01 घंटे के अंदर 5-10 मिनट का ब्रेक भी लेना सही होता है। आप पढ़ाई का वो समय निर्धारिक करें जिस समय आपको कोई और काम के लिए बाध्यता ना हो आप दिन या फिर रात कभी भी पढ़ाई कर सकते है। आपको जैसे भी अच्छा लगे लेकिन आपको अपनी पढ़ाई निरंतर व सभी विषयो की पढ़ाई समय सारणी के अनुसार ही करनी चाहिए।

### पढ़ाई के बीच मे रेस्ट करने का समय निर्धारित करें

दोस्तो ऐसा नहीं है की आप कुछ दिनो के लिए पूरे दिन पढ़ाई करके ही सब कुछ सीख सकते है हा कुछ छात्र ऐसा भी करते है की वे परीक्षा के समय पूरे दिन पढ़ाई करते है और परीक्षा को पास कर लेते है लेकिन ऐसा करने से जीवन मे हमेशा सब कुछ कवर नहीं हो पाता है आपको अपनी पढ़ाई के बीच रेस्ट का भी ध्यान रखना है और निरंतर पढ़ाई करते रहना चाहिए। समय पूरा होने पर आपको फिर से पढ़ाई शुरू करनी चाहिए।

### अपने लेवल को चेक करते रहे

आपको अपनी पढ़ाई को सही तरीके से करते रहना है और समय-समय पर अपनी पढ़ाई के स्तर को चेक भी करते रहना है। ताकि आपको अपनी कमी का पता लग सके और आप उसे दूर कर सके। ऐसा करने से आपको पढ़ाई मे अधिक सगलता मिलेगी।

# 2000 प्रतिशत प्रॉफिट!

## मुकेश अंबानी को 500 करोड़ के निवेश पर मिलेंगे 10,000 करोड़

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज एशियन पेंट्स में अपनी 4.9 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने की योजना बना रही है। सूत्रों के अनुसार कंपनी 17 साल पहले किए गए निवेश से अब बाहर निकलना चाहती है। मुकेश अंबानी की कंपनी ने यह फैसला ऐसे समय किया है जब पेंट सेक्टर मार्जिन के दबाव और बढ़ती प्रतिस्पर्धा का सामना कर रहा है। भारत का पेंट बाजार 9 बिलियन डॉलर का है। इस बाजार में कई नई कंपनियां एशियन पेंट्स को नंबर 1 के स्थान से हटाने की कोशिश कर रही हैं।

रिलायंस ने इस सौदे को करने के लिए बैंक ऑफ अमेरिका को नियुक्त किया है। एक या कई ब्लॉक डील के माध्यम से इस लेनदेन का प्रबंधन करेगा। हालांकि ऑफर मौजूदा बाजार मूल्य से 6-7 प्रतिशत कम पर है। पिछले 24 घंटे में कई अन्य इन्वेस्टमेंट बैंक और ब्रोकर भी खरीदारों की तलाश में शामिल हो गए हैं। मंगलवार को एशियन पेंट्स का शेयर 2,323 रुपये पर बंद हुआ था। इस कीमत पर 4.9 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने पर रिलायंस को 11,141 करोड़ रुपये (1.31 बिलियन डॉलर) मिलेंगे। एशियन पेंट्स के शेयरों में बुधवार को गिरावट दिख रही है। बीएसई पर कंपनी का शेयर सुबह 9.48 बजे 1.04



प्रतिशत गिरावट के साथ 2300.95 अंक पर ट्रेड कर रहा था।

### कितना किया था निवेश

एशियन पेंट्स का शेयर पिछले साल 16 सितंबर को 3,394 रुपये के 52-सप्ताह के उच्च स्तर पर था। रिलायंस ने जनवरी 2008 में 500 करोड़ रुपये में यह हिस्सेदारी खरीदी थी। यह वह समय था जब वैश्विक वित्तीय संकट आने वाला था। पिछले एक साल में स्टॉक में 19.3 प्रतिशत की गिरावट आई है। इससे कंपनी के बाजार मूल्य में लगभग 51,000 करोड़ रुपये की कमी आई है। एलारा सिक्योरिटीज के अनुसार एशियन पेंट्स की बाजार हिस्सेदारी वित्त वर्ष 25 में 59 प्रतिशत से घटकर 52 प्रतिशत हो गई है। डिविडेंड को मिलाकर मौजूदा बाजार मूल्य पर रिलायंस को अपने निवेश पर 24 गुना रिटर्न मिलेगा।

### पेंट बाजार का हाल

पेंट कंपनियों ने लगातार चौथी तिमाही में कमजोर राजस्व वृद्धि दर्ज की है। बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण उन्हें ज्यादा छूट देनी पड़ रही है। कच्चे माल की लागत में कमी के बावजूद, इसका असर साल-दर-साल सकल मार्जिन में कमी के रूप में दिख रहा है। एशियन पेंट्स की डेकोरेटिव पेंट्स में 44 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी है। यह एशिया में दूसरी सबसे बड़ी और विश्व स्तर पर आठवीं सबसे बड़ी कंपनी है। कंपनी की वार्षिक घरेलू डेकोरेटिव पेंट क्षमता 1.85 मिलियन किलो लीटर है। यह 60 से अधिक देशों में उपभोक्ताओं को सेवा प्रदान करती है।

# पाकिस्तान पर दिल खोलकर पैसे लुटा रहा आईएमएफ

### 7 दिन के भीतर दूसरी बार दिया कर्ज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत-पाकिस्तान टेंशन के बीच पाक को एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आईएमएफ से कर्ज मिल गया है। पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक ने बुधवार को एक्स पर इसकी जानकारी दी है। केंद्रीय बैंक ने एक पोस्ट में कहा कि उसे एक्सटेंडेड फंड फैसिलिडी कार्यक्रम के तहत अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से 760 मिलियन डॉलर (1,023 मिलियन डॉलर) की दूसरी किश्त मिली है। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान ने कहा कि यह राशि 16 मई को समाप्त सप्ताह के लिए उसके विदेशी मुद्रा भंडार में दिखाई देगी।

### पिछले सप्ताह ही दिया था कर्ज

बता दें पिछले सप्ताह ही आईएमएफ ने पाकिस्तान को 1 बिलियन डॉलर का कर्ज दिया था। आईएमएफ ने बीते शुक्रवार को कहा था कि उसके कार्यकारी बोर्ड ने पाकिस्तान के साथ अपने 7 बिलियन डॉलर के कार्यक्रम की पहली समीक्षा को मंजूरी दे दी है, जिससे देश को लगभग 1 बिलियन डॉलर की नकदी मिल सकेगी। 9 मई को पाक प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, ''प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने आईएमएफ द्वारा पाकिस्तान के लिए एक अरब डॉलर की किस्त को मंजूरी दिए जाने और उसके खिलाफ भारत की मनमानी रणनीति की विफलता पर संतोष व्यक्त किया।'' इसमें कहा गया है कि पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है और देश विकास की ओर बढ़ रहा है।

### भारत ने उठाए थे सवाल

बता दें कि भारत ने पाकिस्तान के लिए अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के 1.3 अरब डॉलर के बेलआउट पैकेज पर मतदान से खुद को दूर रखते हुए बीते शुक्रवार को आईएमएफ कार्यक्रमों की प्रभावशीलता पर चिंता जताई थी। साथ ही पाकिस्तान प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद के लिए ऋण वित्तपोषण निधि के दुरुपयोग की संभावना पर भी चिंता जताई। वित्त मंत्रालय द्वारा जारी बयान में भारत द्वारा उठाये गये मुद्दों के बारे में बताया। भारत ने पिछली वित्तीय सहायता का प्रभावी ढंग से उपयोग करने में पाकिस्तान के 'खराब ट्रैक रिकॉर्ड' का भी हवाला दिया। भारत ने कहा कि पाकिस्तान आईएमएफ से लंबे समय से कर्जदार रहा है, जिसका कार्यान्वयन और आईएमएफ की कार्यक्रम शर्तों का पालन करने का बहुत खराब ट्रैक रिकॉर्ड है। 1989 से 35 वर्षों में, पाकिस्तान को आईएमएफ से 28 वर्षों में ही ऋण मिला है। 2019 से पिछले 5 वर्षों में, 4 आईएमएफ कार्यक्रम हुए हैं। यदि पिछले कार्यक्रम एक ठोस वृहद आर्थिक नीति वातावरण बनाने में सफल रहे होते, तो पाकिस्तान एक और बेलआउट कार्यक्रम के लिए फंड से संपर्क नहीं करता। भारत ने बताया कि इस तरह का ट्रैक रिकॉर्ड पाकिस्तान के मामले में आईएमएफ कार्यक्रम डिजाइनों की प्रभावशीलता या उनकी निगरानी या पाकिस्तान द्वारा उनके कार्यान्वयन पर सवाल उठाता है।

## ठगों को किराये पर अपना बैंक अकाउंट देने वाले अब पकड़े जाएंगे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार बैंकों और दूसरे संबंधित एजेंसियों के साथ मिलकर एक नई प्रक्रिया बना रही है, जिससे फ्रॉड के लिए इस्तेमाल होने वाले म्यूल बैंक अकाउंट्स को सही समय में पहचाना जा सके। हालांकि, इस प्रक्रिया से सामान्य लोगों के लिए अकाउंट खोलने में कोई दिक्कत नहीं आएगी। म्यूल अकाउंट्स वे होते हैं, जिनका इस्तेमाल फ्रॉड करने वाले लोग बैंकिंग सिस्टम के जरिए गैरकानूनी पैसों को ट्रांसफर करने के लिए करते



हैं। एक अधिकारी ने बताया कि सेंट्रल इकॉनमिक इंटेलिजेंस ब्यूरो ने सुझाव दिया है कि बैंकों को रिस्क का आकलन करने के लिए मोबाइल नंबर से जुड़ी जानकारियों और डेटाबेस तक पहुंच दी जाए। अधिकारी ने कहा, हमने बैंकों से सुझाव मांगे हैं कि डेटा को कैसे और बेहतर बनाया जाए, जिससे अकाउंट खोलने या लेनदेन में कोई रुकावट न आए। इससे पहले, बैंकों ने बताया था कि मौजूदा नियमों के तहत एक ही मोबाइल नंबर का इस्तेमाल अलग-अलग ग्राहक कर सकते हैं, खासकर फैमिली अकाउंट्स के मामले में, जिसका कभी-कभी गलत इस्तेमाल होता है। श्व्रअ के मुताबिक एक बैंक अधिकारी ने कहा कि हमने सुझाव दिया कि ग्राहक, अकाउंट और लेनदेन की पूरी जानकारी का प्रोफाइल बनाया जाए, जिससे सही मॉनिटरिंग हो सके।

### कमेटी का सुझाव

इसी साल इंडियन बैंक्स असोसिएशन की एक कमिटी ने भी सुझाव दिया था कि अकाउंट खोलने की डिजिटल प्रक्रिया में डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकॉम या टेलीकॉम कंपनियों के साथ क्कु इंटीग्रेशन किया जाए। फिलहाल, ष्ठश्व्र एक मोबाइल नंबर रिवोकेशन लिस्ट उपलब्ध कराता है। कमिटी ने सुझाव दिया कि इसे अपग्रेड करके मोबाइल सर्विस प्रोवाइडर से नाम, जन्मतिथि और ईमेल अड्रेस की रियल टाइम में जांच की जा सके।

# सीजफायर के बाद लोगों ने बनाया रिस्क लेने का मूड, सोना-चांदी हुए धड़ाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका-चीन में ट्रेड वॉर टलने और भारत-पाकिस्तान में सीजफायर के बाद दुनिया भर के शेयर बाजारों में तेजी आई और लोगों ने रिस्क लेने का मूड बना लिया। नतीजा सोने जैसे सेफ-हेवन (सुरक्षित निवेश) की डिमांड कम हो गई। सोने-चांदी के भाव में आज यानी बुधवार 14 मई को बड़ा बदलाव नजर आ रहा है। सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 568 रुपये प्रति 10 ग्राम सस्ता होकर आज 93776 रुपये पर खुला। जबकि, चांदी 871 रुपये टूटकर 95949 रुपये प्रति किलो के भाव से खुली। सर्राफा बाजार के रेट इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन ने जारी किए हैं, जिनमें जीएसटी नहीं लगा है। हो सकता है आपके शहर में इससे 1000 से 2000 रुपये का अंतर आ रहा हो। आईबीजेए दिन में दो बार रेट जारी करता है। एक बार दोपहर 12 बजे के करीब दूसरा 5 बजे के आसपास। अभी यह रेट दोपहर वाला है।

**जीएसटी के साथ क्या है भाव-** जीएसटी के साथ आज सोना 96589 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 98827 रुपये प्रति किलो की दर से बिक रही है। 5324 रुपये सस्ता हो चुका है। 22 अप्रैल 2025 को सोना 99100 रुपये प्रति 10 ग्राम के ऑल टाइम हाई पर था।

**इस साल चांदी से दोगुनी रफ्तार से भागा सोना-** इस साल सोना करीब 18036 रुपये और चांदी 9932 रुपये महंगी हो चुकी है। 31 दिसंबर 24 को सोना 76045 रुपये प्रति 10 के रेट से खुला था और चांदी 85680 रुपये प्रति किलो से। इस दिन सोना 75740 रुपये पर बंद हुआ। चांदी भी 86017 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी।

सोना अपने ऑल टाइम हाई से आईबीजेए रेट्स के मुताबिक 23 कैरेट गोल्ड भी आज 565 रुपये सस्ता होकर 93401 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव से खुला। वहीं, 22 कैरेट गोल्ड का औसत हाजिर भाव दोपहर सवा 12 बजे के करीब 420 रुपये टूटकर 85899 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट पर खुला। 18 कैरेट गोल्ड का भाव भी सस्ता होकर 70332 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। जबकि, 14 कैरेट गोल्ड की कीमत 332 रुपये लुढ़क होकर 54859 रुपये पर आ गई है।



### 1,00,000 के स्तर से फिसलकर इस लेवल पर सोना

भारत और पाकिस्तान के बीच सीज फायर और यूरोप में रूस-यूक्रेन संघर्ष को लेकर संघर्षविराम की खबरों के बाद वैश्विक बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिल रही है। जहां अक्षय तृतीया के आसपास सोना एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को छू रहा था, वहीं अब यह घटकर जीएसटी समेत लगभग 96000 पर आ गया है। इसी तरह चांदी भी 1,00,000 के स्तर से फिसलकर 96,500 प्रति किलो के करीब पहुंच गई है। पिछले 10-12 दिनों दोनों कीमती धातुओं में लगभग 4000 रुपए की गिरावट देखी गई। ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स के निदेशक अनूप सराफ ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, यह समय गहनों की खरीदारी और लम्बे समय के निवेश के लिए सही है। कीमतों में आई यह नरमी ग्राहकों के लिए एक बेहतरीन मौका लेकर आई है।

**क्यों गिर रहा सोने का भाव-** अमेरिका और चीन ने 3 महीने के लिए एक-दूसरे पर लगे टैरिफ (आयात शुल्क) कम करने का फैसला किया है। अमेरिका ने चीन के सामान पर टैरिफ 145 प्रतिशत से घटाकर 30 प्रतिशत किया और चीन ने भी अमेरिकी सामान पर टैरिफ 125 प्रतिशत से 10 प्रतिशत कर दिया।

# डिफेंस शेयर को खरीदने की मची होड़

- **डबल हो गया कंपनी का मुनाफा, 15 प्रतिशत चढ़ा शेयर**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) के शेयरों में बुधवार, 14 मई को 15 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई। कंपनी के शेयर 2194.20 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। शेयरों में इस तेजी के पीछे मार्च तिमाही के शानदार नतीजे हैं। दरअसल, राज्य के स्वामित्व वाली डिफेंस शिपबिल्डर का मुनाफा मार्च तिमाही में डबल हो गया है। कंपनी ने कहा है कि मजबूत रेवेन्यू बढ़ोतरी और मार्जिन विस्तार के कारण कंपनी का प्रॉफिट साल-दर-साल दोगुना से अधिक हो गया।

**लाभ में उछाल, मार्जिन में सुधार-** जीआरएसई का प्रॉफिट वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में 118.9 प्रतिशत बढ़कर 244.2 करोड़ रुपये हो गया, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 111.6 करोड़ रुपये था। यह प्रभावशाली प्रदर्शन मजबूत राजस्व वृद्धि और बेहतर परिचालन दक्षता के कारण संभव हुआ। कंपनी का रेवेन्यू 1,642 करोड़ रुपये रहा, जो मार्च 2024 तिमाही के 1,015.7 करोड़ रुपये से 61.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। कंपनी ने 219 करोड़ रुपये का इबीआइटीडीए दर्ज किया, जो पिछले साल के 90.6 करोड़ रुपये से 141.8 प्रतिशत अधिक है, जबकि इबीआइटीडीए मार्जिन 13.3 प्रतिशत हो गया, जो एक साल पहले 8.9 प्रतिशत था।

### डिविडेंड भी दे रही कंपनी

कंपनी के बोर्ड ने वित्त वर्ष 25 के लिए 4.90 प्रति इक्विटी शेयर के अंतिम डिविडेंड की सिफारिश की है, जो शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है। डिविडेंड का भुगतान कंपनी की आगामी 109वीं वार्षिक आम बैठक में इसकी घोषणा के 30 दिनों के भीतर किया जाना है।

### स्टॉक के हाल

डिफेंस स्टॉक अपने सर्वकालिक उच्च स्तर 2,834.60 से लगभग 23 प्रतिशत नीचे बना हुआ है, जो जुलाई 2024 में पहुंचा था। पिछले एक साल में, इस शेयर ने 111 प्रतिशत की बढ़त के साथ मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। मासिक आधार पर, तत्रस्थ ने मजबूती से ऊपर की ओर बढ़त दर्ज की है, जो अप्रैल में 14 प्रतिशत की बढ़त और मार्च में 34 प्रतिशत की प्रभावशाली बढ़त के बाद मई में 13.5 प्रतिशत बढ़ा है।

## दोगुना से ज्यादा बढ़ा मुनाफा, 445 रुपये के पार पहुंचे शेयर

### कंपनी ने दनादन 3 बार बांटे हैं बोनस शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोलर पावर कंपनी केपीआई ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के शेयर बुधवार को 7 पर्सेंट के उछाल के साथ 446.75 रुपये पर पहुंच गए हैं। चौथी तिमाही के जबरदस्त नतीजों के बाद सोलर पावर कंपनी के शेयरों में यह तूफानी तेजी आई है। मार्च 2025 तिमाही में केपीआई ग्रीन एनर्जी का मुनाफा दोगुना से ज्यादा बढ़ा है। केपीआई ग्रीन एनर्जी का मुनाफा मार्च 2025 तिमाही में 130 पर्सेंट बढ़कर 99.4 करोड़ रुपये पहुंच गया है। सोलर कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 744.37 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 312.95 रुपये है।

**कंपनी का रेवेन्यू भी करीब दोगुना बढ़ा-** केपीआई ग्रीन एनर्जी लिमिटेड का रेवेन्यू भी चौथी तिमाही में करीब दोगुना बढ़ा है। जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में सोलर कंपनी का रेवेन्यू 97 पर्सेंट बढ़कर 569.4 करोड़ रुपये पहुंच गया है। चौथी तिमाही में केपीआई ग्रीन एनर्जी का इबिट्डा सालाना आधार पर 77 पर्सेंट बढ़कर 161 करोड़ रुपये पहुंच गया है।

# 75 पर जाएगा सुजलॉन एनर्जी का शेयर, खबर आते ही खरीदने की मची लूट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुजलॉन एनर्जी के शेयर बुधवार के कारोबारी सत्र के दौरान लगभग 5 प्रतिशत चढ़ गए और 60 रुपये पर पहुंच गए। कंपनी के शेयर में लगातार तीसरे दिन तेजी देखी गई। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक बड़ी वजह है। दरअसल, ब्रोकरेज फर्म मोतीलाल ओसवाल ने सुजलॉन एनर्जी के लिए अपनी बाय रेटिंग दी है और इसका टारगेट प्राइस 75 तय किया है। यह मंगलवार को स्टॉक के बंद प्राइस 57.62 रुपये की तुलना में 30 प्रतिशत की संभावित वृद्धि का सुझाव देता है।



### क्या है ब्रोकरेज की राय

ब्रोकरेज ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि विंड टर्बाइन प्रोडक्शन में स्थानीय सामग्री के लिए पवन टर्बाइनों के मॉडल और निर्माताओं की नई जारी की गई संशोधित सूची का मसौदा मध्यम और लंबी अवधि में सुजलॉन एनर्जी के लिए एक महत्वपूर्ण पॉजिटिव कारक है। अपनी जांच के आधार पर, बिजली परियोजना डेवलपर्स से सरकार से मसौदा अधिसूचना के कार्यान्वयन को स्थगित करने के लिए कहने की उम्मीद है। मोतीलाल ने हाल ही में जारी आरएलएमएम अधिसूचना के मसौदे से दो मुख्य निहितार्थों की पहचान की है। मोतीलाल ने बताया कि सुजलॉन का टारगेट मध्यम अवधि में अपनी कुल ऑर्डर बुक में ईपीसी कॉन्ट्रैक्ट के रेशियो को मौजूदा 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करना है, जो डिलीवरी के संबंध में विजिबिलिटी और कंट्रोल बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण होगा।

### सुजलॉन एनर्जी शेयर की कीमत

सुजलॉन एनर्जी का शेयर आज बीएसई पर 57.84 प्रति शेयर पर खुला, शेयर ने 60.30 प्रति शेयर का इंट्राडे हाई और 57.43 प्रति शेयर का इंट्राडे लो छुआ था। सुजलॉन एनर्जी के शेयरों में पांच साल में लगभग 2,300 प्रतिशत की उछाल आई है, जिससे इसके निवेशकों को मल्टीबैगर रिटर्न मिला है।

### कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में पढ़े, छोड़ी बैंक की नौकरी...

# अब छोले-कुलचे बेच कमाल कर रहे



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के सागर मल्होत्रा ने कमाल का काम किया है। उन्होंने भारत की पहली छोले-कुलचे की वेंडिंग मशीन बनाई है। यह मशीन सिर्फ 60 सेकेंड में छोले-कुलचे तैयार कर देती है। सागर ने कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की है। अच्छी-भली नौकरी छोड़कर 2024 में उन्होंने चख दे छोले नाम से बिजनेस की शुरुआत की। वह पहले बैंकर थे। उन्होंने क्रेडिट सुइस में वाइस प्रेसिडेंट के पद से इस्तीफा दिया। 10 साल तक बैंकिंग सेक्टर में काम करने के बाद उन्होंने अपना बिजनेस शुरू करने का फैसला किया। उन्हें शुरुआत में ही अपने बिजनेस से शानदार रेस्पॉन्स मिला है। आइए, यहां सागर मल्होत्रा की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

### जनकपुरी में पले-बढ़े

सगर मल्होत्रा दिल्ली के जनकपुरी में पले-बढ़े। उन्हें हमेशा से खाने का शौक था। खासकर छोले-कुलचे उन्हें बहुत पसंद थे। जब वह बेंगलुरु, पुणे और मुंबई जैसे शहरों में रहे तो उन्हें वैसा स्वाद नहीं मिला। वह सोचते थे कि उत्तर भारत का यह मशहूर खाना हर जगह क्यों नहीं मिलता। सागर ने करीब एक दशक तक सिटीबैंक और क्रेडिट सुइस जैसे बैंकों में काम किया। वह लगातार आगे बढ़ते रहे। उन्हें अपनी नौकरी पसंद थी। लेकिन, वह अपना कुछ काम करना चाहते थे। 2023 में उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ कैम्ब्रिज में एक सीनियर मैनेजमेंट प्रोग्राम में हिस्सा लिया। वहां उनकी ऐसे लोगों से मुलाकात हुई जो अपनी नौकरी के अलावा भी कुछ कर रहे थे। उनमें सीईओ, उद्यमी और ब्लॉगर शामिल थे। इससे उन्हें लगा कि वह भी वैसा ही कुछ कर सकते हैं। सागर मल्होत्रा को छोले-कुलचे बहुत पसंद थे। पर, उन्हें सड़क किनारे मिलने वाले छोले-कुलचे में स्वाद और सफाई की कमी लगती थी। इसलिए उन्होंने सोचा कि क्यों न इस काम को ऑटोमैटिक बनाया जाए। एक साल तक रिसर्च करने के बाद उन्होंने एक वेंडिंग मशीन बनाई।

### बिजनेस ने पकड़ी रफ्तार

सागर चख दे छोले को भारत में घर-घर में पहचान दिलाना चाहते हैं। वह ज्यादा आउटलेट खोलना चाहते हैं, टेक्नोलॉजी में सुधार करना चाहते हैं और मशीन को पूरी तरह से स्वचालित करना चाहते हैं। वह इच्छुक हैं कि छोले से लेकर कुलचे तक किसी भी काम में इंसान की जरूरत न पड़े। कंपनी ने अब तक 10 लाख रुपये कमाए हैं। अभी कुलचे हाथ से सेंके जाते हैं। लेकिन, सागर मशीन का अगला वर्जन बना रहे हैं। यह मशीन कुलचे को भी बेक करेगी। इससे पूरी प्रक्रिया अपने आप हो जाएगी। वह चाहते हैं कि उनके ग्राहकों के लिए यह आसान और सुविधाजनक हो। छोले और कुलचे दोनों मशीन से ही मिलें।

### शुरुआत में मिली असफलता

सागर ने छोले-कुलचे की वेंडिंग मशीन बनाने के लिए बहुत रिसर्च की। वह चाहते थे कि लोगों को लगे कि वे दिल्ली के किसी ठेले वाले से ही खा रहे हैं। स्वाद, ताजगी और सफाई से वह कोई समझौता नहीं करना चाहते थे। वेंडिंग मशीन से तीन बड़ी समस्याएं हल हो सकती थीं- सफाई, समय और एक जैसा स्वाद। मार्च 2024 में सगर ने मशीन का पहला मॉडल बनाना शुरू किया। पहले मॉडल में कुछ कमियां थीं। वह मशीन 30-40 प्लेट परोसने के बाद खराब हो जाती थी। सगर चाहते थे कि मशीन सैकड़ों प्लेट परोसे और उसे बार-बार ठीक करने की जरूरत न पड़े। इसलिए उन्होंने मशीन को ठीक किया और उसमें सुधार किया। नवंबर में उन्होंने एक ऐसी मशीन बनाई जिस पर उन्हें गर्व था।

# लक्ष्य सेन थाईलैंड ओपन बैडमिंटन से बाहर

## • राजावत भी राउंड-1 में हारे, महिला वर्ग में आकर्षि, उन्नति अगले दौर में



**बैंकॉक (एजेंसी)।** भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन और प्रियांशु राजावत थाईलैंड ओपन के पहले राउंड से बाहर हो गए हैं। वहीं, आकर्षि कश्यप और उन्नति हुड्डा इस सुपर 500 टूर्नामेंट में कड़े मुकाबले जीतकर अगले दौर में पहुंच गई हैं। बुधवार को सेन को आयरलैंड के एन एंगुयेन ने एक घंटे 20 मिनट तक चले मैच में 18-21, 21-9, 17-21 से हराया। पहला गेम हारने के बाद सेन ने दूसरे गेम में वापसी की, लेकिन तीसरे और निर्णायक गेम में एंगुयेन ने उन्हें उबरने का मौका ही नहीं दिया। सेन को आयरलैंड के एन एंगुयेन ने 18-21, 21-9, 17-21 से हराया।

### राजावत भी तीन गेम में हारे

मेंस सिंगल्स कैटेगरी में प्रियांशु राजावत को भी पहले दौर में पराजय का सामना करना पड़ा। उन्हें इंडोनेशिया के अल्वी फरहान ने 21-13, 17-21, 21-16 से मात दी। इस मुकाबले में प्रियांशु ने बड़े अंतर से गंवाया, लेकिन दूसरे गेम में शानदार कोर्ट कवरेज और दमदार खेल की बदौलत 21-17 की वापसी हासिल की। तीसरे गेम में प्रियांशु को 21-16 की पराजय झेलनी पड़ी।

### आकर्षि-उन्नति ने तीसरे गेम में जीते मुकाबले

विमेंस सिंगल्स कैटेगरी में आकर्षि कश्यप ने जापान की कोआरू सुगियामा को 21-16, 20-22, 22-20 से हराया। वहीं, उन्नति ने थाईलैंड की थामोंवान एन को 21-14, 18-21, 23-21 से मात दी। रक्षिता श्री संतोष रामराज पहले दौर में सिंगापुर की यिओ जिया मिन से 18-21, 7-21 से हार गई।

# रियो ओलिंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट रेसलर पर प्रॉस्टिट्युशन के आरोप

## कोलंबस पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया, 19 मई को कोर्ट में पेश होंगे




**कोलंबस (एजेंसी)।** रियो ओलिंपिक 2016 में गोल्ड जीतने वाले अमेरिकी रेसलर काइल स्नायडर को कोलंबस पुलिस ने प्रॉस्टिट्युशन के मामले में गिरफ्तार किया है। वे शुक्रवार रात को एक प्रॉस्टिट्युशन से जुड़े स्टिंग ऑपरेशन में फंसे थे। हालांकि, पूछताछ के बाद स्नाइडर को मौके से ही छोड़ दिया। अब उन्हें 19 मई 2025 को अदालत में पेश होना होगा। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, 29 साल के स्नाइडर के अलावा, 15 अन्य लोगों को इस मामले में आरोपी बनाया गया है। यह कार्रवाई कोलंबस पुलिस विभाग ने कोलंबस के नॉर्थ साइड इलाके में की।

**ऐसे पकड़ में आए स्नायडर** - पुलिस ने बताया कि हमने ऑनलाइन एस्कॉर्ट सेवा के फर्जी विज्ञापन पोस्ट किए थे, ताकि वे ऐसे लोगों को पकड़ सकें। जो प्रॉस्टिट्युशन जैसी गैरकानूनी सेवाओं की तलाश कर रहे थे। शुक्रवार रात 8ः15 बजे के करीब स्नायडर ने इन विज्ञापनों पर दिए गए नंबर पर कॉल और टेक्स्ट मैसेज भेजे। रेसलर को लगा कि वे किसी असली एस्कॉर्ट सर्विस से संपर्क कर रहे हैं। इतना ही नहीं, कॉल के बाद वे पास के एक होटल पहुंचे। जहां उन्होंने एक पुलिस की महिला अधिकारी को नकद पैसे दिए। अधिकारी ने मौखिक रूप से यौन सेवा की मांग की।

# नए शेड्यूल से रोमांचक हुआ आईपीएल

## आखिरी 2 दिन तय करेंगे प्लेऑफ पोजिशन, एक भी मैच हारी तो कोलकाता-लखनऊ बाहर

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** बीसीसीआई ने 12 मई को आईपीएल का नया शेड्यूल रिलीज किया। लीग स्टेज के 13 ही मैच बचे हैं। 3 टीमें प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी हैं, जबकि 7 टीमों में टॉप-4 की जंग हैं। नए शेड्यूल ने टूर्नामेंट को और भी रोमांचक बना दिया। आखिरी 2 दिनों में लखनऊ, मुंबई, पंजाब और बेंगलुरु के मैच हैं। चारों ही टीमें प्लेऑफ की रेस में हैं और आखिरी मुकाबलों के नतीजों से टॉप-2 स्पॉट भी तय होंगे।



**1. गुजरात टाइटंस- 1 जीत और चाहिए** - गुजरात 11 मैचों में 8 जीत से 16 पॉइंट्स लेकर पहले नंबर पर है। टीम के 3 मैच दिल्ली, लखनऊ और चेन्नई से बचे हैं। टाइटंस इनमें से एक भी मैच जीतकर प्लेऑफ में पहुंच जाएगी। हालांकि, टीम को टॉप-2 में फिनिश करना है तो कम से कम 2 मैच जीतने होंगे। तीनों मैच जीतकर जीटी टॉप-2 में अपनी पोजिशन कन्फर्म कर लेगी।

**2. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः 1 जीत और चाहिए** - बेंगलुरु के भी 11 में से 8 जीत से 16 पॉइंट्स हैं, लेकिन गुजरात से खराब रन रेट के कारण टीम दूसरे नंबर पर है। आरसीबी को भी प्लेऑफ में पहुंचने के लिए 3 में से 1 ही जीत चाहिए। टीम को कोलकाता, हैदराबाद और लखनऊ से भिड़ना है। टॉप-2 में फिनिश करना है तो आरसीबी को भी बचे हुए तीनों मैच जीतने होंगे।

**3. पंजाब किंग्सः 2 जीत और चाहिए** - पंजाब के 11 मैचों में 7 जीत और एक बेनतीजा मैच से 15 पॉइंट्स हैं। टीम को राजस्थान, दिल्ली और मुंबई से भिड़ना है। पीबीकेएस को प्लेऑफ में जगह कन्फर्म करने के लिए 3 में से 2 मैच जीतने होंगे। 17 पॉइंट्स के साथ अगर टीम को क्वालिफाई करना है तो दिल्ली को हराना ही होगा। पंजाब ने अगर कैपिटल्स को हरा दिया तो दिल्ली या मुंबई में से कोई एक टीम ही प्लेऑफ में पहुंच पाएगी, क्योंकि दोनों को आपस में भी भिड़ना है। पंजाब को टॉप-2 में फिनिश करने के लिए तीनों मैच जीतने होंगे, साथ ही गुजरात या बेंगलुरु के 1 मैच में हारने की दुआ करनी होगी।

**4. मुंबई इंडियंस- दोनों मैच जीतने होंगे** - मुंबई इंडियंस ने शुरुआती 5 में से 1 ही मैच जीता था, लेकिन टीम ने आखिरी 7 में से 6 मैच जीतकर प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद बना ली। मुंबई 12 में से 7 मैच जीतकर 14 पॉइंट्स लेकर चौथे नंबर पर है। 5 बार की चैंपियन टीम को प्लेऑफ में जगह बनानी है, तो दिल्ली और पंजाब के खिलाफ बचे हुए दोनों मैच जीतने होंगे। मुंबई एक भी मैच हार गई तो प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को दूसरी टीमों के भरोसे छोड़ देगी।

**5. दिल्ली कैपिटल्स- तीनों मैच जीतने होंगे** - दिल्ली ने टूर्नामेंट की शुरुआत लगातार 5 मैच जीतकर की, लेकिन टीम ने पिछले 6 में से 4 मुकाबले गंवा दिए। कैपिटल्स 6 जीत और 1 बेनतीजा मैच से 13 पॉइंट्स लेकर पांचवें नंबर पर है। डीसी के 3 मैच गुजरात, मुंबई और पंजाब से हैं, तीनों टॉप-4 में है। यहां से अगर कैपिटल्स को क्वालिफाई करना है तो तीनों मैच जीतने ही होंगे। टीम ने अगर मुंबई और पंजाब को हरा दिया तो 2 जीत से भी प्लेऑफ में जगह मिल जाएगी।

**6. कोलकाता नाइट राइडर्सः दूसरों के भरोसे** - डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता को 12 मैचों में महज 5 जीत मिली, टीम का 1 मैच बेनतीजा भी रहा, इनसे 11 पॉइंट्स लेकर कोलकाता छठे नंबर पर है। ञ्चयक्र के 2 मैच बेंगलुरु और हैदराबाद से हैं। टीम एक भी मैच हारी तो प्लेऑफ से बाहर हो जाएगी। 2 मैच जीतने के बाद भी केकेआर को प्लेऑफ में पहुंचना है तो पंजाब, मुंबई और दिल्ली के सभी मैच में हारने की दुआ करनी होगी।

**7. लखनऊ सुपरजायंट्सः दूसरों के भरोसे** -लखनऊ को 11 मैचों में 5 ही जीत मिली, टीम 10 पॉइंट्स लेकर 7वें नबंर पर है। एलएसजी के 3 मैच हैदराबाद, गुजरात और बेंगलुरु से हैं। तीनों मैच जीतकर भी टीम 16 पॉइंट्स तक ही पहुंचेगी। यहां से फिर क्वालिफाई करने के लिए टीम को पंजाब, मुंबई और दिल्ली के सभी मैच हारने की दुआ करनी होगी।

**प्लेऑफ से बाहर 3 टीमें, बिगाड़ सकती हैं बाकियों का खेल** - सनराइजर्स हैदराबाद, राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स प्लेऑफ स्टेज से बाहर हो चुकी हैं। तीनों टीमें अब टॉप-7 टीमों का गणित बिगाड़ सकती हैं। ऋ और ष्ट्स्य को आपस में भी एक मैच खेलना है, लेकिन इससे किसी को भी कोई नुकसान या फायदा नहीं होगा। वहीं अगर तीनों टीमों ने टॉप-7 पोजिशन पर मौजूद एक भी टीम को हरा दिया तो उनके प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को झटका लग सकता है।

**आखिरी 2 दिन में तय होंगी प्लेऑफ पोजिशन** - आईपीएल के नए शेड्यूल ने प्लेऑफ क्वालिफिकेशन को और भी ज्यादा रोमांचक बना दिया है, क्योंकि आखिरी 2 दिनों में पंजाब को मुंबई और लखनऊ को बेंगुलरु से भिड़ना है। चारों ही टीमें प्लेऑफ की रेस में हैं और इन मुकाबलों के नतीजों से पॉइंट्स टेबल की टॉप-2 पोजिशन भी तय होंगी। पंजाब अगर हारी तो टीम टॉप-2 से बाहर हो सकती है। वहीं मुंबई हारी तो प्लेऑफ से ही बाहर हो सकती है।दूसरी ओर लखनऊ एलिमिनेट होने से महज एक हार दूर है। वहीं आरसीबी अगर हारी तो टॉप-2 पोजिशन से नीचे आ सकती है।

# रबाडा-एनगिडी समेत 8 आईपीएल प्लेयर्स साउथ अफ्रीका लौटेंगे

## डब्ल्यूटीसी फाइनल में शामिल होने के लिए बुलाया गया, 26 मई तक जाना होगा




**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल में शामिल साउथ अफ्रीका के 8 खिलाड़ियों को प्ले ऑफ शुरू होने से पहले ही लौटना पड़ सकता है। क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए टीम में शामिल खिलाड़ियों को 26 मई तक लौटने के लिए कहा है। इनमें गुजरात टाइटंस के कगिसो रबाडा, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लुंगी एनगिडी, पंजाब किंग्स के मार्को यानसन, मुंबई इंडियंस के दो खिलाड़ी कॉर्बिन बॉश और रयान रिकेल्टन, लखनऊ सुपर जायंट्स से एडेन मार्करम, दिल्ली कैपिटल्स के ट्रिस्टन स्टब्स और सनराइजर्स हैदराबाद से व्यान मुल्डर शामिल हैं।

**11 जून को खेला जाना है डब्ल्यूटीसी फाइनल** - डब्ल्यूटीसी फाइनल 11 जून से लॉर्ड्स में खेला जाएगा। बोर्ड ने ऐसा फैसला इसलिए किया है, ताकि खिलाड़ियों को तैयारी के लिए पर्याप्त समय मिल सके। वहीं सभी आठों खिलाड़ी टीम के साथ 30 मई डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए इंग्लैंड रवाना हो सकें। आईपीएल 2025 में साउथ अफ्रीका के कुल 20 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

**गुजरात, बेंगलुरु, पंजाब और मुंबई को हो सकती है मुश्किल** - साउथ अफ्रीका के 8 खिलाड़ियों के 26 मई को आईपीएल से लौटने से गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आईपीएल पॉइंट टेबल में टॉप में शामिल गुजरात टाइटंस के कागिसो रबाडा, दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लुंगी एनगिडी, तीसरे स्थान पर मौजूद टीम पंजाब किंग्स के मार्को यानसन और चौथे स्थान पर काबिज मुंबई इंडियंस के दो खिलाड़ी कॉर्बिन बॉश और रयान रिकेल्टन शामिल हैं।

**आईपीएल फिर से 17 मई से शुरू हो रहा है** - आईपीएल 2025 17 मई से फिर शुरू हो रहा है। 6 वेन्यू पर लीग स्टेज के बचे हुए 13 मैच होंगे। प्लेऑफ स्टेज 29 मई से खेला जाएगा, 3 जून को फाइनल होगा। पहले 25 मई को खेला जाना था। पाकिस्तान के साथ तनाव के कारण 9 मई को आईपीएल सस्पेंड करना पड़ा था।

# लिविंगस्टन इंग्लैंड की वनडे और टी-20 टीम से बाहर

## हैरी ब्रूक की परमानेंट कप्तानी में पहली सीरीज, 29 मई को वेस्टइंडीज से भिड़ेंगे




**इंग्लैंड स्कॉड**

वनडे - हैरी ब्रूक (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, जोस बटलर, ब्रायडन कार्स, बेन डकेट, टॉम हार्टली, विल जैक्स, साकिब महमूद, जैमी ओवर्टन, मैथ्यू पॉट्स, आदिल रशीद, जो रूट और जैमी स्मिथ।

टी-20- हैरी ब्रूक (कप्तान), रेहान अहमद, टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, जोस बटलर, ब्रायडन कार्स, लियम डॉसन, बेन डकेट, विल जैक्स, साकिब महमूद, जैमी ओवर्टन, मैथ्यू पॉट्स, आदिल रशीद, फिल सॉल्ट और ल्यूक वुड।

**नईदिल्ली(एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के खिलाफ 29 मई से शुरू होने वाले व्हाइट बॉल सीरीज के लिए इंग्लैंड ने वनडे और टी-20 टीम का ऐलान कर दिया। लियम लिविंगस्टन को स्क्वॉड में जगह नहीं मिली। गुजरात टाइटंस से आईपीएल खेल रहे जोस बटलर भी स्क्वॉड का हिस्सा हैं, ऐसे में उनका प्लेऑफ मैच खेल पाना मुश्किल है। हैरी ब्रूक को व्हाइट बॉल टीम का परमानेंट कप्तान बनाए जाने के बाद यह इंग्लैंड की पहली सीरीज है। फिल सॉल्ट को वनडे टीम में मौका नहीं मिला, वे 6 जून से टी-20 सीरीज खेलेंगे।

**लियम डॉसन और विल जैक्स की वापसी** - लेफ्ट आर्म स्पिनर लियम डॉसन को 2022 के बाद पहली बार टी-20 टीम में जगह मिली। फिल सॉल्ट की भी सबसे छोटे फॉर्मेट की टीम में वापसी हुई। विल जैक्स को दोनों स्क्वॉड में जगह मिली। जोफ्रा आर्चर वनडे सीरीज खेलेंगे, लेकिन इंजरी को ध्यान में रखते हुए उन्हें टी-20 सीरीज से बाहर रखा गया।

# बीसीसीआई सेक्रेटरी सैकिया बोले-रोहित-विराट ग्रेड + में बने रहेंगे

## वे अभी भी भारतीय क्रिकेट का हिस्सा

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** बीसीसीआई के सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ने मीडिया से कहा, कोहली और रोहित का ग्रेड ए+ कॉन्ट्रैक्ट उनके टी-20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद भी जारी रहेगी। वे अभी भी भारतीय क्रिकेट का हिस्सा हैं और उन्हें ग्रेड ए+ में मिलने वाली सभी सुविधाएं मिलती रहेंगी।



**रोहित-विराट ने टेस्ट को अलविदा कहा** - 5 दिन के अंदर रोहित शर्मा और विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। रोहित ने 7 और कोहली ने 12 मई को टेस्ट से संन्यास लिया था। वहीं, दोनों ने 2024 टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट से संन्यास ले लिया था।

**ग्रेड ए+ में 4 खिलाड़ी** - बीसीसीआई ने 21 अप्रैल को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की घोषणा की थी। ग्रेड ए+ में कोहली और रोहित के अलावा जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा हैं। बीसीसीआई ग्रेड-ए+ में हर खिलाड़ी को सलाना 7 करोड़ रुपए देती है।

**बोर्ड की सूची में 34 खिलाड़ी शामिल** - बोर्ड के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट वाले खिलाड़ियों में 34 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। पिछले साल 30 खिलाड़ियों को सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट दिया गया था। वहीं ग्रेड ए+ में पिछले साल की तरह चार खिलाड़ी ही हैं। ग्रेडए में 6 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। पिछली बार भी इस कैटेगरी में 6 खिलाड़ी थे। वहीं बी में पिछली बार की तरह पांच खिलाड़ी और सी में 19 खिलाड़ी हैं। पिछली बार 15 खिलाड़ी शामिल किए गए थे।

# पत्नी पूजा ने पुजारा पर लिखी 'द डायरी ऑफ क्रिकेटर वाइफ' किताब ,मीडिया से बोलीं

## चेतेश्वर को ड्रॉप किया तो मैं खूब रोई, पहले मुझे क्रिकेट की समझ भी नहीं थी

**मुंबई (एजेंसी)।** क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा पत्नी पूजा के साथ। पूजा की किताब का नाम 'द डायरी ऑफ अ क्रिकेटर वाइफ' है। यह आस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज का मौका था। चेतेश्वर सुबह से ही स्टेडियम में थे। वहीं मुझे एक क्रिकेटर की पत्नी से पता चला कि चेतेश्वर को टीम से बाहर कर दिया गया है। मैंने दुखी मन से चेतेश्वर की मौसी और उनके कोच को फोन किया। सभी दुखी हो गए। चेतेश्वर कमरे में आया, लेकिन उसके चेहरे पर दुख की एक रेखा भी नहीं थी। जब मैंने ड्रॉप के बारे में कहा- तो उन्होंने शांतिपूर्वक कहा कि यह सब हमारे हाथ से बाहर है और जो चीज हमारे हाथ से बाहर है, उसके लिए दुखी होने का कोई मतलब नहीं है।



इंडियन क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा की पत्नी पूजा पुजारा ने 'द डायरी ऑफ अ क्रिकेटर वाइफ' नाम की एक बुक पब्लिश की है। इसमें उन्होंने चेतेश्वर के साथ अपनी पहली मुलाकात, लव मैरिज, चेतेश्वर के करियर के बुरे दौर और भारतीय क्रिकेट टीम की अंदरूनी कहानी के बारे में लिखा है।

# बटलर, बेथेल, जैक्स का आईपीएल प्लेऑफ खेलना मुश्किल

## आरसीबी के खिलाफ खेलेंगे केकेआर के रसेल-नरेन ; यह मैच हारी तो बाहर होगी कोलकाता

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** 17 मई से आईपीएल फिर शुरू होगा, टूर्नामेंट 3 जून तक चलेगा। ऐसे में कई विदेशी प्लेयर्स के नहीं खेलने की आशंका है। वहीं वेस्टइंडीज के आंद्रे रसेल और सुनील नरेन आरसीबी के खिलाफ केकेआर से खेलते नजर आएंगे। कोलकाता अगर यह मैच नहीं जीत सकी तो प्लेऑफ की रेस से बाहर हो जाएगी। दूसरी ओर 29 मई से इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच शुरू होने वाली वनडे सीरीज के कारण दोनों टीमों के प्लेयर्स का आईपीएल प्लेऑफ खेलना मुश्किल है। इससे आरसीबी-जीटी और मुंबई को भारी नुकसान पहुंच सकता है।

कोलकाता के ज्यादातर विदेशी प्लेयर्स बेंगलुरु पहुंच जाएंगे। जहां टीम 17 मई को होम टीम आरसीबी से भिड़ेगी। केकेआर के लिए यह करो या मरो का मुकाबला है, अगर टीम हार गई तो प्लेऑफ की रेस से बाहर हो जाएगी। दूसरी ओर आरसीबी अगर जीत गई तो प्लेऑफ में क्वालिफाई करने वाली पहली टीम बन जाएगी।

**दुबई में थे वेस्टइंडीज के प्लेयर्स-** केकेआर में वेस्टइंडीज के 3 प्लेयर्स और 1 मेंटॉर हैं। चारों भारत-पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण हालात के दौरान दुबई में। रसेल, नरेन, रोवमन पॉवेल और मेंटॉर ड्वेन ब्रावो बुधवार तक ही भारत आ जाएंगे। अफगानी विकेटकीपर रहमानुल्लाह गुरबाज काबुल और अफ्रीकी पेसर एनरिक नॉर्त्या मालदीव में हैं। दोनों भी बुधवार तक बेंगलुरु पहुंच जाएंगे।

ऑलराउंडर मोईन अली इंग्लैंड और पेसर स्पेंसर जॉनसन ऑस्ट्रेलिया में हैं। दोनों के आने पर कोई कन्फर्मेशन नहीं मिली। विकेटकीपर क्विंटन डी कॉक के भारत आने की जानकारी भी नहीं मिल पाई। कोलकाता के भारतीय प्लेयर्स भी जल्द ही टीम से जुड़ जाएंगे। 10 मई को भारत-पाकिस्तान में सीजफायर के बाद गुजरात टाइटंस ने अहमदाबाद में प्रैक्टिस शुरू कर दी थी। टीम 18 मई को दिल्ली में होम टीम से भिड़ेगी। मुकाबले से पहले 14 मई को इंग्लैंड के जोस बटलर और साउथ अफ्रीका के जेराल्ड कूट्जी टीम से जुड़ गए।



गुजरात के बाकी विदेशी प्लेयर राशिद खान, शेरफेन रदरफोर्ड, कगिसो रबाडा और करीम जनत इस दौरान टीम के साथ भारत में ही थे। रदरफोर्ड और बटलर को 29 मई से 3 जून तक इंग्लैंड में अपनी-अपनी टीमों से वनडे सीरीज खेलनी है। ऐसे में त्ज्ञ अगर प्लेऑफ में पहुंची तो दोनों का खेल पाना मुश्किल हो सकता है।

**बेथेल और जैक्स का प्लेऑफ खेलना भी मुश्किल** - इंग्लैंड को 29 मई से वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे और टी-20 की सीरीज खेलनी है। इंग्लिश टीम में आरसीबी के जैकब बेथेल और मुंबई के विल जैक्स का नाम है। दोनों ही टीमें प्लेऑफ में पहुंचने की दावेदार भी हैं, ऐसे में दोनों इंग्लिश प्लेयर्स का प्लेऑफ के मैच खेल पाना मुश्किल लग रहा है। प्लेऑफ स्टेज 29 मई से शुरू होगा।



# 500 जूनियर आर्टिस्ट के सामने घबरा गईं सामंथा?

सामंथा रूथ साउथ की मशहूर एक्ट्रेस हैं, अब वह हिंदी वेब सीरीज में भी नजर आती हैं। साउथ फिल्मों में उनकी इमेज चुलबुले किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस की रही लेकिन एक फिल्म में आइटम डांस करके एक्ट्रेस ने अपनी इमेज को बदल दिया। इसी गाने की शूटिंग करना सामंथा के लिए काफी मुश्किल रहा। शूटिंग से जुड़े एक्सपीरियंस को साझा कर रही हैं, सामंथा।

### आइटम डांस को चुनौती की तरह लिया

हाल ही में बातचीत में सामंथा कहती हैं, 'अपनी पूरी जिंदगी में मैंने खुद को एक हॉट लड़की नहीं माना। लेकिन फिल्म 'पुष्पा' के ऊ अंटावा आइटम सॉन्ग का जब ऑफर मिला तो मुझे लगा कि हां मैं ऐसी दिख सकती हूं। दरअसल, मैंने पहले कभी ऐसा नहीं किया था। यह गाना मेरे लिए एक चुनौती था।'

### डांस से पहले नर्वस थी

सामंथा आगे कहती हैं, 'मुझे असल में हॉट दिखना था? मैं हमेशा क्यूट, चुलबुली लड़की का किरदार निभाती थी। लेकिन यह आइटम डांस अलग था, इस डांस में मैं ऐसी दिखी, जो मैं असल में नहीं हूं। वैसे इसे गाने को करते हुए मैं बहुत नर्वस थीं। मैं शॉट से पहले 500 जूनियर आर्टिस्ट के सामने कांप रही थी।' एक्ट्रेस सामंथा के करियर फ्रंट की बात करें तो पिछले साल वह एक वेब सीरीज 'सिटाडेल हनी बनी' में दिखीं, इसमें वरुण धवन भी थे। वह एक वेब सीरीज 'रक्त ब्रह्मांड' भी कर रही हैं। बतौर प्रोड्यूसर भी सामंथा की एक फिल्म इस साल रिलीज होगी। सामंथा ने यह भी घोषणा की थी, उनके प्रोडक्शन हाउस तले बनने वाली फिल्मों में सभी को समान वेतन मिलेगा।



# प्रियंका चोपड़ा ने सैफ अली खान के लाडले को दी क्या सलाह?

फिल्म 'नादानियां' से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले एक्टर इब्राहिम अली खान फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने के लिए मेहनत कर रहे हैं। अपनी पहली फिल्म के बाद इब्राहिम को मिले-जुले रिएक्शन्स मिले। इंडस्ट्री के जाने-माने कलाकारों ने इब्राहिम को सलाह दी। ऐसा ही एक संदेश ग्लोबल आइकन प्रियंका चोपड़ा की तरफ से भी सैफ के लाडले को मिला। इब्राहिम ने अब एक इंटरव्यू में इसका जिक्र किया है।


### इब्राहिम को प्रियंका चोपड़ा की सलाह

'जी क्यू इंडिया' के साथ इंटरव्यू में अपनी फिल्म के बारे में बात करते हुए इब्राहिम ने बताया कि प्रियंका चोपड़ा ने फिल्म देखने के बाद उन्हें एक मैसेज भेजा। इब्राहिम ने कहा, 'प्रियंका ने मैसेज भेजा कि उन्हें मेरी फिल्म पसंद आई है और मेरा भविष्य काफी ब्राइट है।' आगे बात करते हुए इब्राहिम ने कहा, 'उन्होंने मुझे कहा कि बस ऐसे ही मेहनत करते रहो और हमेशा ऐसे ही आगे बढ़ते रहना। प्रियंका जैसी सुपरस्टार से ये बात सुनना मेरे लिए काफी प्रेरणादायक था। इससे मुझे काफी आत्मविश्वास मिला।'

### एक्टिंग को करियर क्यों चुना?

इस इंटरव्यू में इब्राहिम ने बताया कि उन्हें बहुत कम उम्र से ही फिल्मों की दुनिया को करीब से देखा है। वो अक्सर अपने पिता के साथ सेट पर जाया करते थे और वहीं से उनके दिल में अभिनय का बीज पड़ा। हालांकि, एक्टिंग को करियर के रूप में लेने का फैसला उन्होंने खुद की इच्छा से लिया और इस पर कोई बाहरी दबाव नहीं था। फिल्म 'नादानियां' के प्रदर्शन पर बात करते हुए उन्होंने स्वीकार किया कि उनकी पहली फिल्म वैसी नहीं निकली जैसी वह चाहते थे। उन्होंने कहा, मैं इस फिल्म से बहुत कुछ सीखने की कोशिश कर रहा हूं और अपने प्रदर्शन को लेकर ईमानदार हूं। मैं अपनी गलतियों को सुधारने और आगे बेहतर करने की पूरी कोशिश कर रहा हूं।





# मुझसे शादी करोगी के सीक्वल में पहली बार साथ दिखेंगे कार्तिक-वरुण



2004 की हिट लव ट्रायंगल कॉमेडी फिल्म मुझसे 20 शादी करोगी का सीक्वल बनने जा रहा है। पहले पार्ट में सलमान खान, अक्षय कुमार और प्रियंका चोपड़ा मुख्य भूमिकाओं में थे। इस बार नई पीढ़ी के चहेते एक्टर कार्तिक आर्यन और वरुण धवन पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आएंगे। निर्माता साजिद नाडियाडवाला ने सीक्वल पर काम शुरू कर दिया है। इसकी स्क्रिप्ट लिखी जा रही है। साजिद को लगता है कि वरुण और कार्तिक की कॉमिक टाइमिंग दर्शकों को खूब हंसाएगी। डेविड धवन ही इस बार भी निर्देशन करेंगे। फिल्म की रिलीज अगले साल होने की संभावना है। आने वाली फिल्मों की बात करें तो वरुण सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी, है जवानी तो इश्क होना है और बॉर्डर 2 में दिखाई देंगे। वहीं कार्तिक, तू मेरी मैं तेरा... मैं तेरा तू मेरी और नागजिला जैसी फिल्मों में नजर आएंगे।

# ये जोखिम लेना चाहती हैं अनन्या पांडे



अभिनेत्री अनन्या पांडे को हाल ही में फिल्म केसरी चैप्टर 2 में देखा गया था। उन्होंने कहा है कि वह और भी ज्यादा चुनौतीपूर्ण रोल अदा करने के लिए तैयार हैं। अनन्या ने साल 2019 में स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलीवुड में कदम रखा था। इसके बाद वह गहराइयां और सीटीआरएल जैसी में नजर आईं। हर फिल्म में उनकी अलग काबिलियत दिखाई दी है। अनन्या पांडे चुनौतीपूर्ण किरदारों के साथ प्रयोग करना चाहती हैं। पति पत्नी और वो और ओटीटी सीरीज कॉल मी बे में काम करने के बाद, अनन्या को लगता है कि अगर वह सिर्फ एक शैली तक ही सीमित रहती हैं, तो यह उनके फैंस के साथ अन्याय होगा।



# पाकिस्तानी यूजर ने किया अनफॉलो तो भुवन बाम ने दिया करारा जवाब

भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के कारण कई पाकिस्तानी लोग भारतीय इंफ्लुएंसर को अनफॉलो कर रहे हैं। इस लिस्ट में अब भुवन बाम का नाम भी शामिल हो गया। भुवन को एक पाकिस्तानी यूजर ने अनफॉलो करने की बात कही तो इंफ्लुएंसर ने उसे करारा जवाब दिया। इसके बाद से ही भुवन की सोशल मीडिया पर खूब तारीफ हो रही है। एक पाकिस्तानी फॉलोअर ने भुवन बाम को इंस्टाग्राम पर मैसेज किया, 'सॉरी भुवन भैया, अनफॉलो।' इस शख्स के प्रोफाइल पर पाकिस्तानी झंडा लगा था। इस पाकिस्तानी फॉलोअर को भुवन बाम ने भी जवाब दिया। वह लिखते हैं, 'भाई, अपने देश के साथ खड़े रहने पर अगर फॉलोअर्स कम होते हैं, तो ऐसा ही सही।' इस बात के जरिए भुवन ने साबित कर दिया कि उन्हें फर्क नहीं पड़ता है कि पाकिस्तानी लोग उन्हें अनफॉलो कर रहे हैं। भुवन बाम का जब यह मैसेज वायरल हुआ तो इंडियन यूजर्स ने उनकी खूब तारीफ की। कई यूजर्स ने कहा, 'ये डिजिटल देशभक्ति है।' वहीं कई यूजर्स ने लिखा है, ' भुवन, एक ही दिल है कितनी बार जीतोगे।' इस तरह के कई कमेंट्स इंडियन यूजर्स भुवन बाम को लेकर किए। भुवन बाम ने यूट्यूब के जरिए अपना करियर शुरू किया, वह इस प्लेटफॉर्म पर फनी वीडियो बनाते थे। अब बतौर एक्टर वेब सीरीज में काम कर रहे हैं। 'ढिंढोरा' और 'ताजा खबर' जैसी सीरीज की हैं। इन सीरीज में भुवन ने लीड रोल निभाए हैं।

# स्ट्रगल के दिनों को याद नहीं करते अमित

इन दिनों फिल्म 'रेड 2' की काफी चर्चा है। अजय देवगन ने इस फिल्म में एक इनकम टैक्स ऑफिसर का रोल किया है। फिल्म 'रेड 2' में अमित सियाल ने भी अजय देवगन के साथी का रोल किया है, इस किरदार की भी काफी चर्चा हो रही है। फिल्म 'रेड 2' और अपने करियर के शुरुआती संघर्ष के बारे में अमित सियाल ने बातचीत की।


अमित सियाल अक्सर कहते हैं कि वह अपने स्ट्रगल के दिनों को याद नहीं करना चाहते हैं। ऐसा क्यों है? इस सवाल के जवाब में अमित सियाल एक उदाहरण देते हैं, वह कहते हैं, 'हां, मैं अपने स्ट्रगल के दिनों को याद नहीं करना चाहता हूं। देखिए, अगर मेरा कभी बाइक से एक्सीडेंट हो जाए और मैं हमेशा उसी बात को याद करते हुए बाइक चलाना ही छोड़ दूं तो ये गलत बात होगी ना। मैं कहता हूं कि हर व्यक्ति स्ट्रगल करता है। मैं भी स्ट्रगल किया। मैंने भी कॉलेज के दिनों बर्तन धोए हैं, टैक्सी भी चलाई, वेटर बना हूं। साथ ही खूब मस्ती भी की।'

### मौजूदा फेज को एंज्वॉय करने की ख्वाहिश

अमित सियाल आगे कहते हैं, 'स्ट्रगल को याद करने के बजाय मैं आज के फेज को एंज्वॉय करना चाहता हूं, मैं अच्छा काम कर रहा हूं, मुझे लोगों से प्यार और तारीफ मिल रही है, मेरा घर अच्छे से चल रहा है, परिवार खुश है, पत्नी और बच्चे खुश हैं। गाड़ी भी है, जिंदगी अच्छी चल रही है। इसके अलावा मुझे और क्या चाहिए?'

### सोचकर आए थे कि एक्टिंग ही करेंगे

अमित इंटरव्यू में यह भी बताते हैं कि उन्होंने बचपन से ही एक्टर बनने का सपना देखा था। वह कहते हैं, 'मैंने बचपन में एक्टर बनने का सपना देखा, जिसे पूरा कर लिया तो फिर किस बात का स्ट्रगल है। मैं तो मुंबई यही सोचकर आया था कि भूखा रह लूंगा लेकिन एक्टिंग ही करूंगा। फिर इस रास्ते के बीच में जो चीजें भी फेस करनी पड़ी उसे लेकर बहुत ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं है।'





# रिश्ते में दोस्ती ढूंढ लें तो वो लंबा चलेंगे

राजकुमार राव अपनी जबरदस्त ऐक्टिंग की बदौलत फैंस के दिलों में राज कर रहे हैं। उन्होंने हमेशा अपने काम में विविधता रखी है, इसी वजह से उन्हें ढेर सारे कॉमिक किरदार निभाने के बावजूद कभी टाइपकास्ट होने का डर नहीं सताया। एक ओर जहां तमाम बॉलिवुड स्टार्स, साउथवालों के साथ मिलकर कोलैब कर रहे तो वहीं राजकुमार भी अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। अपने पार्टनर के साथ दोस्ती बनाए रखना क्यों जरूरी है।

### अपने काम में हमेशा विविधता रखी है

राज ने अपने करियर में कई कॉमिक किरदार किए हैं। ऐसे में क्या उनके मन में कभी टाइपकास्ट होने का खयाल आया? इसके जवाब में ऐक्टर कहते हैं कि ऐसा कभी नहीं हुआ। पिछले साल मैंने श्रीकांत बोल्ला की बायॉपिक की थी। इस साल 'मालिक' आएगी, जो कि ऐक्शन पैक्ड फिल्म है। हमेशा मैंने अपने काम में विविधता रखी है। रही बात कॉमिडी की तो उसके लिए अच्छा लिखा होना बेहद जरूरी है। उसके बिना एक ऐक्टर को आप बोलें कि किसी सीन को फनी बना दो तो वो बहुत मुश्किल हो जाएगा। जब तक राइटिंग में कॉमिडी नहीं होगी, तब तक एक ऐक्टर के बस में नहीं है कि वो अकेले इतना कुछ कर सके।

### मौका मिला तो साउथ इंडस्ट्री में काम करूंगा

तमाम बॉलिवुड स्टार्स, साउथ ऐक्टर, डायरेक्टर के साथ कोलैब कर रहे हैं। इस बातचीत में अभिनेता ने अपना इरादा भी स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि ईमानदारी से कहूं तो अभी तक मेरे पास ऐसा कोई मौका आया नहीं है। साउथ इंडस्ट्री में बहुत टैलंट है। बहुत सारे अच्छे-अच्छे ऐक्टर-डायरेक्टर हैं, जिसमें लिजो और मणिरत्नम जैसे नाम शामिल हैं। भ?विष्य में अगर मुझे मौका मिलता है तो मैं जरूर उनके साथ काम करना चाहूंगा।

### अपने पार्टनर के साथ दोस्ती बनाए रखना जरूरी है

मेरा और पत्रलेखा का दिल तो कई साल से जुड़ा हुआ है। हमारे रिश्ते के 15 साल पूरे होने वाले हैं। मैं यही मानता हूं कि समय कम मिले चलेगा लेकिन दिल हमेशा मिले रहना ज्यादा जरूरी है। अब हम एक अलग मुकाम पर पहुंच चुके हैं। काम में व्यस्त होने की वजह से कई बार हम एक महीने तक नहीं मिल पाते लेकिन हमें एक-दूसरे की अहमियत पता है। हर रिश्ते की शुरुआत प्रेम से होती है। कई बार यही शादी में बदल जाती है जैसा कि हमारे साथ हुआ। हालांकि, अपने पार्टनर के साथ दोस्ती बनाए रखना बहुत जरूरी है। जैसे हम कई बार दोस्तों के साथ होते हैं तो समय का पता नहीं चलता, उसी तरह अगर आप अपने रिश्ते में भी दोस्ती ढूंढ लें तो वो लंबा चल जाता है।

### टाइटल का रोचक होना मायने रखता है

मुझे फिल्म के टाइटल नहीं, कहानी आकर्षित करती है। हालांकि, मेरी फिल्मों के टाइटल काफी रोचक होते हैं। यह बात एकदम सच है कि टाइटल का रोचक होना बहुत मायने रखता है क्योंकि वही पहली चीज होती है, जो ऑडियंस के पास जाती है। ऐसे में आपकी जिम्मेदारी बनती है कि मजेदार टाइटल सोचा जाए, जिससे वो ज्यादा से ज्यादा लोगों के जेहन में बस सके। बाकी मेरी लिए कहानी का मजबूत होना ज्यादा अहम है। अगर मुझे कहानी पसंद आ जाती है तो फिर मैं फिल्म करने के लिए हां कर देता हूं।

### सरकारी नौकरी करता तो आईएएस बनता

राजकुमार राव की फिल्म भूल चूक माफ का एक डायलॉग है कि दो महीने में सरकारी नौकरी ले आओ। ऐसे में जब उनसे यह सवाल किया गया कि वाकई में अगर आपको सरकारी नौकरी मिलती तो आप क्या बनते? इस पर ऐक्टर ने कहा कि मुझे फिल्म शादी में जरूर आना में डीएम सत्येंद्र शुक्ला (आईएएस अफसर) बनकर बड़ा मजा आया था। हकीकत में, मुझे मौका मिलता तो आईएएस अफसर ही बनता। उनकी फिल्म की कहानी टाइम लूप पर आधारित है। ऐसे में जब राजकुमार से पूछा गया कि अगर आपको पीछे जाकर कुछ बदलने का मौका मिले तो क्या बदलना चाहेंगे। इस पर अभिनेता ने कहा कि मैं अपने पैरंट्स का लॉस बदलना चाहूंगा। इसके अलावा, मेरे फिल्म स्कूल (एफटीआईआई) के दिन हमेशा जेहन में रहते हैं। पत्रलेखा के साथ गुजारे ट्रैवलिंग के दिनों को मैं बहुत याद करता हूं। साथ ही हमारी शादी के जो तीन दिन के कार्यक्रम थे, उन्हें भी मैं कभी नहीं भूल सकता हूं। चाहता हूं कि वो दिन बार-बार लौटकर आएं।

### अनुभव सिन्हा से इस बारे में बात करूंगा

फिल्म निर्देशक अनुभव सिन्हा के साथ राज ने फिल्म भीड़ में काम किया था। हाल ही में फिल्ममेकर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि फिल्में दो तरह की बन रही हैं। एक बड़े पर्दे तो दूसरी ओटीटी के लिए। इस पर राज ने कहा कि वह मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं लेकिन इस मामले पर अभी मेरी उनके कोई बात नहीं हुई है। अभी उस पोस्ट में उन्होंने पूरी जानकारी भी नहीं दी है। वह इस बारे में आगे और भी बात करेंगे। उनसे बात करके ही बता पाऊंगा आखिर उन्होंने ऐसा क्या सोच कर लिखा है। हो सकता है कि कुछ ऐसा हुआ हो उनके साथ तो उन्हें लगा हो कि ऐसा लिखना चाहिए या हो सकता है कि उन्होंने किसी को स्पष्ट करने के लिए ऐसा किया हो।